हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • शनिवार • 09 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 89 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
सत्यमेव जयते

अबुआ आवास योजना

अबुआ आवास सबका आवास

20 लाख

जरूरतमंद परिवारों को **3 कमरों** का पक्का आवास

1.28 लाख से अधिक परिवार को प्रथम किस्त

₹384 करोड़ डीबीटी के तहत हस्तांतरित

राज्य सरकार अबुआ आवास योजना के तहत **तीन कमरा, स्वच्छ रसोईघर एवं शौचालय** का निर्माण करेगी

रोटी और कपड़ा के बाद अब **पक्का आवास** उपलब्ध करा रही सरकार

श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 321940 / IPRD / 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन

निज संवाददाता। **नवादा**

आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त एवं श्री चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता नवादा के द्वारा आज डीआरडीए सभागार में दीप प्रज्वलित कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का वास्तविक उद्देश्य है कि महिला सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक रूप से सुदृढ़ होकर देश के विकास में अपनी अहम भूमिका अदा कर सके। आपही के कंधो पर एक अच्छा समाज का निर्माण होता है। आपके सक्रियता के बिना बेहतर समाज नहीं बन सकता है। महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर, महिला थाना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं आदि बहुत सारी योजनाएं शतत् प्रगतिशील हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का लिंगानुपात घट रहा है, जो चिंता का विषय है। महिलाएं समाज में नहीं रहेंगी तो समाज का निर्माण नहीं हो सकता है। सेना, पुलिस अन्य जीवन के हर क्षेत्र में आप महिलाएं शामिल हैं। इस अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को विशेषकर बच्चियों को उन्होंने शुभकामनाएं दिये।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी महिलाओं से अपील किये कि निर्वाचन-2024 में महिला मतदाताओं की भागीदारी ज्यादा होनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं महिलाओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि-'' हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर, धम, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।''

जिला श्रीमती रिता सिंहा प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस ने उपस्थित सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिला प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है जो की गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बेटा बेटी एक समान है तथा हम सभी को लिंग भेद को समाज से हटाने के लिए अपनी मानसिकता को बदलना है। प्रोग्राम पदाधिकारी शिक्षा ने कहा कि साक्षर महिलाएं अंधविश्वास नहीं करती हैं। इसलिए महिलाओं को अपने बच्चों और परिवार में साक्षरता लाना अति आवश्यक है। बच्चियों के पढ़ाई पर बल देते हुए उन्होंने उपस्थित स्कूल के बच्चियों को कहा कि आप हमारे देश के भविष्य हैं, अपने पढ़ाई पर ध्यान दें और उज्ज्वल भविष्य की हम कामना करते हैं। अन्तराष्ट्रीय दिवस पर जिला पदाधिकारी द्वारा पदाधिकारी, जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता एवं सफाई कर्मी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ0 नीलम एमओआईसी, लूसी सिंहा वारिसलीगंज, जीविका के ज्योति प्रिया, अनिता कुमारी, गायत्री कुमारी, ममता कुमारी, गौरी कुमारी आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्त में जिला पदाधिकारी ने स्कूल के बच्चियों के द्वारा अन्तराष्ट्रीय दिवस पर केक कटवाये और उन्हें अपने जीवन में प्रगति के लिए हौसला बढ़ाए। इस अवसर पर श्री रामकुमार प्रसाद सिविल सर्जन नवादा, अखिलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, श्री आदित्य कुमार पियूष अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, श्री महेश कुमार पासवान उप निर्वाचन पदाधिकारी, श्री राजकुमार सिंहा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा, श्री नवीन कुमार पंचायत राज पदाधिकारी नवादा, श्री संजय कुमार जिला कल्याण पदाधिकारी के साथ-साथ आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी, स्कूल के बच्चियां, सफाई कर्मी आदि उपस्थित थे। (2) श्री आशुतोष कुमार जिला पदाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में आज पंजाब नेशनल बैंक नवादा अग्रणी जिला कार्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी महिलाओं को गुलाब फूल देकर स्वागत किये। जिलाधिकारी महोदय ने महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई दी और मजबूती से जीवन में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी महिलाओं के उज्वल भविष्य की कामना किया। डॉ0 सुबोध कुमार ने सभी माननीय एवं आदरणीय महिलाओं का स्वागत करते हुए मंच संचालन किया। माननीय आगन्तुकों को बुके देकर सम्मानित किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार दास ने महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त रह कर भविष्य के मजबूत बनाने को बताया एवं सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आरक्षी अधीक्षक श्री अम्बरीष राहुल ,उप विकास आयुक्त श्री दीपक कुमार मिश्रा, एडीएम, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री अखिलेश प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार दास,वित्तीय साक्षरता डॉ0 सुबोध कुमार की उपस्थिति में जिलाधिकारी महोदय के साथ उपस्थित महिलाओं ने केक काट कर महिला दिवस मनाया । आज के महिला दिवस पर मनु प्रिया, रूपाली पाठक, फरहत प्रवीण, सोनिया कुमारी, वन्दना कुमारी, शालिनी कुमारी, सोफिया, पूजा कुमारी, कुन्दन कुमुद, नम्रता कुमारी की उपस्थिति रही। शाखा के वरीय प्रबंधक श्री अमित कुमार, आरसेटी निदेशक श्री सुनील कुमार, विपिन कुमार, चन्दन कुमार, सर्वेश कुमार, शशिभूषण शर्मा की सहभागिता रही।

संक्षिप्त समाचार

नवादा में 88वां सालाना उर्स उर्सकुल मजलिस की तैयारी ,शामिल होंगे हजारों लोग



नवादा। कोलकाता में आयोजित 88वां सालाना उर्स उर्सकुल मजलिस में हिसुआ समेत जिले भर से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे। जिसकी तैयारी जोरशोर से किया जा रहा है। आशय की जानकारी देते हुए हिसुआ मस्जिद से मो .इम्तियाज ,मो. कलाम रजा,मो .मकसूद आलम ,मो .इबरार हसन ,मो .वाहिद एवं मो .समीर आलम ने बताया कि 88वां सालाना उर्स उर्सकुल मजलिस 16 मार्च को फरोहा महमरी रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर कोलकाता में हजरत मौलाना सैयद शह पीरजादा पीर मुरशिद सूफी उस्मान फ़रोहा गहमरी साहेब शामिल होंगे। यह कार्यक्रम हुजरा शरीफ मजार ऊष्मान फ़रोहा गहमारी नगर हत्यारा शरीफ कोलकाता में आयोजित होगा। बताया गया है कि 16 मार्च क़ो बाद नमाज असर से फजर की नमाज तक होना करार पाया है। जहां लोग अकीदत के फूल चढ़ाकर मन्नत मांगेंगे और देश व परिवार में अमन चैन की दुआ करेंगे। जिसमें सैकड़ों लोग सम्मिलत होंगे. जिसकी तैयारी हिसुआ समेत पूरे जिले में किया जा रहा है।

साढ़े 48 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

नारदीगंज। स्थानीय पुलिस ने कहुआरा मोड़ के समीप गुरुवार को आधी रात के बाद ऑटो रिक्शा पर लेकर जा रहे अंग्रेजी शराब को जब्त किया।इसके साथ ही चार तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त अंग्रेजी शराब साढ़े 48 लीटर बताया जा रहा है। इस बावत उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को रात्रि गश्ती के दरम्यान आधी रात के बाद एसआई भोगेंद्र पासवान ने पुलिस के सहयोग से टेंपो पर से साढ़े 48 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। मौके पर चालक सहित चार रवि सिंह, रंजीत कुमार, मोनू कुमार टारजन कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

बिहार में नई शिक्षानीति के तहत शिक्षा सेवकों को मिले शिक्षक की दर्जा : मुकेश मांझी

नवादा। बिहार प्रदेश शिक्षा सेवक तालीमी मरकज संघ के संरक्षक सह जिला अध्यक्ष मुकेश मांझी ने कहा कि बिहार के शिक्षकों की तरह शिक्षा सेवकों को छः दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जाय। जिला के 180 शिक्षा सेवक तालीमी मरकज को 4 मार्च से आयोजित 9 मार्च तक अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय भागलपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर कहा कि अब बिहार सरकार शिक्षा सेवक तालीमी मरकज को भी शिक्षक की दर्जा देकर राज्यकर्मी घोषित करने तथा शिक्षकों की तरह सारी सुविधाएं मुहैया कराने की मांग बिहार सरकार से की है। श्री मांझी ने कहा कि 15 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र मे कार्य के अनुभव के आधार पर प्राथमिक शिक्षक घोषित कर शीघ्र हीं शिक्षा सेवकों को शिक्षक की दर्जा मिले। शिक्षक की दर्जा को लेकर पुरे बिहार में आन्दोलन किया जायेगा। प्रशिक्षण में शामिल दशरथ मांझी, मुकेश मांझी जिलाअध्यक्ष,मो0 आजम अनुसारी,मो. आलम,रेहाना सुलताना, गजेन्द्र रजक, शिवशंकर रविदास, सीताराम राजबंशी,आजाद राजबंशी, हीरालाल भुईयां, रामकृपाल चौधरी,रेखा,अनीता,सुनीता, एवं बबीता कुमारी सहित 180 शिक्षा सेवक तालीमी मरकज के लोगों ने प्रशिक्षण में शामिल रहे।

शिव मंदिरों से निकली बारात, जमकर झूमे श्रद्धालु

नवादा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है । नगर स्थित नवनिर्मित गोवर्द्धन मंदिर व साहेब कोठी मंदिर से शिव जी की भव्य बारात निकाली गई । बारात में ढोल , नगाड़े , भांगड़ा , आर्केस्ट्रा और बैंड बाजे के साथ भूत-बैताल , भाल-बंदर , गंजेड़ी-भंगेड़ी की भव्य झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा । खास कर जंगल पहाड़ फूल पत्तियों से सजे रथ पर सवार भोले नाथ के दर्शन एवं सेल्फ़ी हेतु श्रद्धालुओं की होड़ लगी रही । " हर युग में हनुमान " की शास्त्रीय विवेचना को भी मूर्त रूप देने की कोशिश की गई जहाँ विशेष भेष-भूषा में बजरंगबली कूदते फांदते नजर आये । बारात मंदिर परिसर से निकल कर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए पुनः गोवर्द्धन मंदिर शिवाला तक पहुंची जहाँ पारंपरिक रीतिरिवाज के साथ शंकर पार्वती की शादी रचाई गई । इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव को सेलिब्रेट किया । शिवरात्रि व्रतियों ने भाँग , धथुरा , गेहूं की बाली , अकवन जैसे प्रसाद शिवलिंग पर अर्पित कर धन-धान्य , बल और यश की कामना समस्त नर-नारियों के लिए किया । मंदिर समिति के सचिव महेंद्र यादव ने बताया कि पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि का त्योहार धूम-धाम से मनाया जाता है किन्तु दक्षिण भारतीय शैली में नवनिर्मित गोवर्धन मंदिर से शिव जी की यह दूसरी बारात निकाली गई है जिसमें भव्य झांकियां प्रस्तुत की गई । उन्होंने बताया कि राजबल्लभ परिवार सामाजिक , धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में हमेशा आगे रहा है जिसका प्रत्यक्ष दर्शन इस भव्य मंदिर के सभी उत्सवों में किया जा सकता है । गौरी एवं शंकर शंभु के विवाह के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच बड़े पैमाने पर प्रसाद का वितरण किया गया ।

20 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार,10 शराबी भी धराये

रजौली। बिहार-झारखण्ड सीमावर्ती स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने एक बाइक पर लदे 20 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया।जांच चौकी प्रभारी उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने को लेकर झारखण्ड से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है।साथ ही कहा कि इसके अलावे आसपास के क्षेत्रों में भी उत्पाद बलों द्वारा शराब निर्माण,बिक्री,परिवहन,सेवन एवं भंडारण को लेकर लगातार अभियान चलाए जाते हैं।उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने बताया कि एसआई सन्नी कुमार द्वारा जांच के क्रम में बाइक ग्लैमर संख्या बीआर27डी0014 पर लदे 20 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया है।साथ ही एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान फरका बुजुर्ग पंचायत के हाथोचक गांव निवासी अजय यादव के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है।साथ ही कहा कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।वहीं विभिन्न वाहनों द्वारा झारखण्ड की ओर से शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 10 लोगों को भी हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

सशक्तीकरण के लिए बाल विवाह को रोकना आवश्यक

नवादा। जिले में महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में विभिन्न अभ्यास किये जा रहे हैं। आठ मार्च विश्व महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से महिलाओं के लिए समर्पित हैं। महिला दिवस सप्ताह को लेकर स्कूलों तथा कॉलेजों में कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं की प्रतिभा को आगे लाने तथा उन्हें सशक्त करने के मार्ग पर चर्चा का आयोजन किया जाता है। इसे लेकर बुधवार को पकरीबरांवा प्रखंड के डुमरांवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्राओं के साथ महिला सशक्तीकरण विषय पर चर्चा की गई। इस मौके पर स्कूली बच्चियों ने गीत संगीत, भाषण तथा पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और प्रतिभा को निखार देने के रास्तों के बारे में चर्चा की। पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सौ से अधिक स्कूली बच्चियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता लाते हुए बताया कि गया संविधान तथा भारतीय कानून ने महिलाओं को पढ़ने के अधिकार दिये हैं। साथ ही लैंगिक समानता के भी अधिकार महिलाओं को प्राप्त हैं।

वायरल वीडियो का सच– बेटी ने शादी के बाद सोशल मीडिया पर किया वीडियो वायरल

निज संवाददाता। **रजौली**

पिता ने थाने में दर्ज कराई थी अपहरण की प्राथमिकी

थाना क्षेत्र में एक प्रेमी जोड़े ने घर से भागकर शादी रचा ली है।साथ ही शादी के बाद लड़की ने खुद वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल कर अपनी मर्जी से अपने पसंद के लड़के से शादी करने की बात कह रही है।वीडियो में लड़की ने अपना परिचय फरका बुजुर्ग पंचायत के पहवाचक गांव निवासी आंनद कुमार की पुत्री प्रियंका भारती उर्फ गुड़िया बता रही है।

वायरल वीडियो में लड़की कह रही है कि वह खनपुरा गांव निवासी अनिल सिंह के पुत्र बिक्रम राज उर्फ राजा के साथ विगत कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।इसी बीच लड़की ने अपने घर में अंतरजातीय विवाह करने की बात कही,तो परिजनों ने शादी करवाने से इंकार कर दिया।इसी दौरान लड़की एवं लड़के ने घर से भागकर शादी कर ली।वायरल वीडियो में लड़की यह भी कह रही है कि उसके पिता द्वारा उसके प्रेमी जो कि शादी के बाद पति बन चुका है,उसके विरुद्ध थाना में अपहरण का केस दर्ज करवाया है।जिसको लेकर नवादा पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष से किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं करने की अपील की जा रही है।

क्या है मामला– लड़की अपने परिजनों के साथ पढ़ाई आदि को लेकर रजौली के सिनेमा हॉल वाली गली में रहा करती थी।इसी बीच बगल के एक लड़के से दोस्ती हुई है और आगे प्यार में बदल गया।लड़की के परिजन इससे बेखबर थे।इसी बीच बीते 29 फरवरी को लड़की किसी काम से घर से बाजार करने निकली।किन्तु शाम तक जब वापस नहीं लौटी तो परिजन परेशान होकर इधर-उधर पता लगाने लगे।

किन्तु कुछ भी पता नहीं चला।वहीं प्रेम प्रसंग के बारे में पता चलने के बाद प्रेमी के घर जाकर अपनी बेटी की तलाश करने लगे तो प्रेमी के परिजनों ने कुछ भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी।जिसके बाद लड़की के पिता ने कथित प्रेमी एवं उसके परिजनों के विरुद्ध थाने में अपहरण करने का मामला दर्ज करवाया।

क्या कहते हैं थानाध्यक्ष– इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि लड़की के पिता द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी।

साथ ही कहा कि एसआई गौतम कुमार द्वारा अनुसंधान के क्रम में मामला प्रेम प्रसंग का बताया गया।इसी बीच लड़की का एक वीडियो भी वायरल हुआ है।थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों बालिग हैं और शादी भी कर लिए हैं।हालांकि थाना में केस दर्ज है,जिसको लेकर लड़की का ब्यान न्यायालय में होना आवश्यक है।

दिनेश कुमार तिवारी उर्फ चिंपू जी बने पटना मंडल

निज संवाददाता। **नवादा**

भारतीय जीवन बीमा निगम के पहले एमडीआरटी दिनेश कुमार तिवारी के कार्यकर्ता विनोद कुमार चंपू पटना डिविजन वन में एलआईसी के पहले एमडीआरटी बने नवादा ब्रांच के कार्यकर्ता विनोद कुमार ने पूरे पटना मंडल में इतिहास रचा है उन्होंने 185 जीवन में एमडीआरटी जो एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जिसके सदस्य बने हैं अभी तक पटना मंडल में कोई भी अभी करता हासिल नहीं कर पाया है यह नवादा ब्रांच के लिए सौभाग्य की बात है इस अवसर पर नवादा शाखा के ब्रांच मैनेजर श्री जयप्रकाश सहायक शाखा प्रबंधक श्री नवालासर एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने इन्हें बधाई दी है इनके विकास अधिकारी रहे डॉ आर पी साहू का सहयोग निरंतर मिलता रहा है एवं इस कार्य के लिए उन्होंने भी विनोद कुमार को बधाई दी है विनोद कुमार पिछले 10 वर्षों से c.o.t तथा 18 वर्षों से एमडीआरटी बनते आ रहे हैं यह बड़ा ही सौभाग्य की बात है जो नवादा जैसे छोटे शहर के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम में इस तरह का उत्कृष्ट कार्य बड़े गर्वका विषय है।

बीजू बिगहा पंचायत के उपमुखिया शाहिद खान बने मुखिया ,दिलाया गया मुखिया पद की शपथ

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले के मेसकौर प्रखंड अंतर्गत बीजू बिगहा पंचायत उपमुखिया शाहिद खान बने मुखिया ,जिसे मुखिया पद की शपथ दिलायी गयी । इसके पहले मुखिया सपना देवी को शपथ पत्र गलत होने के कारण पंचायती राज द्वारा पद मुक्त कर दिया था और उप मुखिया शाहिद खान को मुखिया पद पर शपथ दिलाया गया। आपको बता दे कि पटना ने पत्र जारी कर मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के बीजू बिगहा पंचायत के वर्तमान मुखिया सपना देवी को पदमुक्त करने का आदेश दिया। सपना देवी ने मुखिया पद के लिए नामांकन 9 अक्टूबर 2021 को करवाई थी, जबकि जीविका के सीएम पद से त्यागपत्र सपना देवी ने 29 सितंबर 2021 को दिया था। चुनाव आयोग के पत्र में उल्लेख है कि नामांकन से 30 दिन पहले ही उन्हें त्यागपत्र देना चाहिए था। चुनाव आयोग के अनुसार जीविका की आदि शक्ति समूह के बचत ऋण खाता के पासबुक पर 28 अक्टूबर 2021को सपना देवी का हस्ताक्षर मिला। जबकि ब्रह्मा जीविका समूह के बचत ऋण खाता पासबुक पर 26 दिसंबर 2021 को हस्ताक्षर मिला है। इससे स्पष्ट होता है कि सपना देवी ने विभाग की मिली भगत से अनियमितता की है और जीविका के सीएम पद पर रहते हुए मुखिया के चुनाव में नामांकन करवाई और चुनाव जीत ली। उपयुक्त तथ्यों को देखते हुए चुनाव आयोग पटना ने मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के बीजू बिगहा के मुखिया पद से शशि रविदास की पत्नी सपना देवी को पदमुक्त करने का आदेश दिया है। इस बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी दुनिया लाल यादव ने बताया चुनाव आयोग का जो निर्णय होगा पंचायती राज अधिनियम के तहत उसे पालन किया जाएगा। मुखिया पद के शपथ के दौरान ग्रामीणों का उमड़ा जन सैलाब : मुखिया पद शपथ के उपरांत मोहम्मद शाहिद खान ने ग्रामीणों के समक्ष बताया कि विकास का काम जो रुका हुआ था, उसे अभिलंब पूरा किया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया शीला देवी के पति जदयू नेता विजय चौधरी ,डॉ. तनवीर आलम, हस्बुल खान ,कारू ,सुनील साव ,aपाली सिंह ,पंकज सिंह, अल्लाउद्दीन, संजय चौधरी एवं बीजू बिगहा के ग्रामीण उपस्थित थे।

दिल्ली से घर आने के क्रम में पुलिस ने गया स्टेशन से किया गिरफ्तार

जिले का कुख्यात अपराधी नवीन गिरफ्तार

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले का कुख्यात अपराधी नवीन सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी दिल्ली से घर वापसी के क्रम में गया स्टेशन से किया गया है। फिलहाल नवीन सिंह वारिसलीगंज थाना लॉकअप में है। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। नवीन की पत्नी प्रीति कुमारी ने इसकी जानकारी दी है। यह बात भी सामने आ रही है कि नवादा पुलिस ने मोबाइल ट्रैकिंग के आधार पर नवीन को पकड़ा। हालांकि, नवीन के पास कोई मोबाइल फोन नहीं था। उसके साथ सफर कर रहे व्यक्ति के मोबाइल से वह घर पर बात कर रहा था। अब पुलिस नवीन की पत्नी का मोबाइल ट्रैक कर रही थी या उसके साथ महाबोधी ट्रेन में सफर कर रहे उसके परिचित की। वैसे, नवीन के पुलिस अभिरक्षा में होने की जानकारी से परिजनों को राहत मिली है। थाना-पुलिस, कोर्ट-कचहरी आना जाना उसके लिए लगा ही रहता है। संभव है कि पुलिस उसे आज कोर्ट में पेश करे। आर्म्स एक्ट और रेलवे रैक पॉइंट पर रंगदारी मांगने के दो मामले उसपर वारिसलीगंज थाना में जनवरी महीने में दर्ज हुआ था। कोर्ट से अग्रिम जमानत लेने के लिए प्रयासरत था। इस बीच पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दिल्ली में अपनी साली के गृह प्रवेश में शामिल होने गया था। लौटने के वक्त उसे गुरुवार की सुबह गया स्टेशन पर सादे लिवास में रहे पुलिस वालों ने उठाया था। साथ रहे व्यक्ति ने उसकी पत्नी को इसकी सूचना दी थी। 18 घंटे तक कोई अतापता नहीं चलने पर पत्नी ने मीडिया से घटना को साझा किया था। खबर के बाद पुलिस द्वारा यह साफ किया गया कि नवीन उसकी कस्टडी में है। बता दें कि गुरुवार 7 मार्च की सुबह गया जंक्शन पर महाबोधी एक्सप्रेस ट्रेन से वह दिल्ली से गया जंक्शन पर उतरा था। स्टेशन परिसर से ही सादे लिवास में रहे कुछ लोगों ने खुद को पुलिस वाला बताकर उसे अपनी अभिरक्षा में लिया और फोर व्हीलर पर बैठाकर निकल गए थे। तब नवीन के साथ रहे किसी व्यक्ति ने उसी वक्त उसकी पत्नी को सूचना दी थी। फिलहाल नवीन के खिलाफ दो फर्जी मुकदमा वारिसलीगंज थाना में दर्ज है। एक रेलवे रैक पॉइंट पर गोलीबारी और दूसरा उसकी वाहन से कट्टा की बरामदगी। वैसे, बता दें कि नवीन सिंह पर कई मुकदमे अब भी लंबित है। अधिकांश मामले में वह कोर्ट से जमानत पर है। पिछले महीने वारिसलीगंज रेलवे रैक पॉइंट पर अवैध कमाई को लेकर विवाद से जुड़े मामले में उसे आरोपित बनाया गया था। नवीन नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना इलाके के चैनपुरा गांव का रहने वाला है।

हर हर महादेव से गुंज उठा शिवाला

निज संवाददाता। **नारदीगंज**

महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को धनियावां पहाड़ी स्थित ऐतिहासिक व द्वापरकालीन शिव पार्वती मंदिर में पूजा अर्चना की गयी।श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख,समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने वेलपत्र, पुष्प,भांग,धतुरा,रंग अबीर समेत विभिन्न प्रकार का फल नौवेद्ध को अपर्ण कर मन्नतें मांगी। वही पेश गांव से बरात निकाली गयी।और विधिवत श्रद्धा उत्साह के साथ शिव पार्वती विवाहोत्सव सम्पन्न कराया गया। पहाड़ी के नीचे दो दिवसीय मेला का आयोजन हुआ है। इसके अलावा ओड़ो गांव के ब्राहमण टोला आभालिंगम महादेव मंदिर में दो दिवसीय पूजा अर्चना,रुद्राभिषेक, हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ ,जहां श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा में तल्लीन रहे।साथ ही वनगंगा, कोशला,कहुआरा,रामे,परमा,मसौढा समेत विभिन्न गांवों में भी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा अर्चना किया।

हिसुआ में धूमधाम से निकली भगवान शंकर की बारात , समधी मिलन में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

निज संवाददाता। **नवादा**

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर जिले के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है । शुक्रवार को जिले हिसुआ स्थित शिवाला मंदिर से शिव जी की भव्य बारात निकाली गई एवं समधी मिलन समारोह में शामिल हुए हजारों श्राद्धालु । बारात में ढोल , नगाड़े , भांगड़ा , आर्केस्ट्रा और बैंड बाजे के साथ भूत-बैताल , भाल-बंदर , गंजेड़ी-भंगेड़ी की भव्य झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा । नगर भ्रमण के दौरान रथ पर सवार भोले नाथ के दर्शन एवं सेल्फ़ी हेतु श्रद्धालुओं की होड़ लगी रही ।इस दरम्यान बाजारों में बजरंगबली कूदते फांदते नजर आये । बारात शिवाला मंदिर परिसर से निकल कर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए अंदर बाजार से टीएस कॉलेज परिसर ज्वाला बाबा के पास समधी मिलन किया गया एवं पुनः शिवाला तक पहुंची जहाँ पारंपरिक रीतिरिवाज के साथ शंकर पार्वती की शादी रचाई गई । इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव को सेलिब्रेट किया । शिवरात्रि व्रतियों ने भाँग , धथुरा , गेहूं की बाली , अकवन जैसे प्रसाद शिवलिंग पर अर्पित कर धन-धान्य , बल और यश की कामना समस्त नर-नारियों के लिए किया । गौरी एवं शंकर शंभु के विवाह के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच बड़े पैमाने पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी पप्पू सिंह , बबलू कुमार ,लालाजी ,उमेश ,मनोरंजन ,बजरंग दल संयोजक मनीष राठौर आदि शामिल थे। इस मौके पर राजा रणधीर एवं पटना के कलाकारों ने भक्ति जागरण किया ,जिसमें रातभर श्रद्धालु झूमें। भंडारे का भी आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी विकसित भारत रथ को नवादा रेलवे स्टेशन से जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने हरी झंडी दिखाकर प्रखंडों के लिए रवाना किया। विकसित भारत रथ नवादा लोकसभा के सभी प्रखंडों का भ्रमण प्रधानमंत्री का विकसित भारत तथा केन्द्र प्रयोजित योजनाओं की जानकारी लोगों के बीच बताने का काम करेगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतेन्द्र पासवान, जिला मंत्री शिव यादव, कार्यालय मंत्री राधेश्याम चौधरी, कार्यालय प्रभारी मुकेश कुमार तथा नमो ऐप के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी तेजस सिन्हा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। जिलाध्यक्ष मेहता ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि 9090902024 नंबर पर कार्यकर्ताओं द्वारा मिस्ड काल करवाए और गाड़ी में सुझाव पेटिका है उसमें अपना सुझाव लिखकर जरूर डालें।

Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 06

देश

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड : रोहित-गिल का डबल धमाल, दानों ने शतक जड़ बजाई इंग्लैंड की बैंड

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिलें को दी करोड़ों की योजनाओं की सौगात

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • शनिवार • 09 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 89 • पृष्ठ 12

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 65, 730	₹75,500

आज का इतिहास

- 1951 : प्रख्यात भारतीय तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म हुआ।
- 1994: भारतीय अभिनेत्री देविका रानी का निधन हुआ।

न्यूज बाइट्स

बिहार बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियां बार कोडेड, बदले जाने की नहीं है संभावना

पटना (नि.सं.)। बिहार बोर्ड से कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में शामिल होने वाले 30 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स को अपने नतीजे जारी होने का बेसब्री से इंतजार है। पिछले पैटर्न एवं रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से कक्षा 12वीं का रिजल्ट 21 मार्च से 25 मार्च 2024 के बीच और क्लास 10th का परिणाम 31 मार्च 2024 तक घोषित किया जा सकता है। दोनों ही कक्षाओं का रिजल्ट BSEB की ऑफिशियल वेबसाइट biharboardonline.bihar.gov.in पर घोषित किया जाएगा। परिणाम जारी होते ही स्टूडेंट्स रोल नंबर/ रोल कोड दर्ज करके अपने परिणाम की जांच कर सकेंगे।

20 से 30 मार्च के बीच जारी हो रहा है बिहार बोर्ड इंटर का रिजल्ट

पटना (नि.सं.)। बिहार बोर्ड के इंटर के एग्जाम खत्म हो गए हैं और मूल्यांकन भी लगभग खत्म होने वाला है। अब बिहार बोर्ड इंटर के नतीजे जल्द जारी किए जा सकते हैं, इससे पहले के ट्रेंड्स पर बात की जाए तो नतीजे 20 मार्च से 30 मार्च के लिए जारी किए जाते रहे हैं। नीचे आप पिछले पांच सालों में इंटर का रिजल्ट की तारीख के बारे में जान सकते हैं। पिछले साल की बात करें तो पिछले साल इंटर के नतीजे 21 मार्च को जारी किए जा सकते हैं, इस साल भी इंटर के नतीजे भी कहा जा रहा है कि 20 मार्च को जारी किए जा सकते हैं। एक बार नतीजे जारी किए जाने पर नतीजे biharboardonline.bihar.gov.in व biharboardonline.com पर जारी होंगे। इसके साथ नतीजे livehindustan.com पर भी चेक किए जा सकेंगे। दरअसल बिहार बोर्ड ने टॉपर के इंटरव्यू की तैयारी शुरू कर दी है। टॉपर का इंटरव्यू 11 से शुरू किया जा सकता है, इसके बाद बोर्ड रिजल्ट जारी करने की तैयारी जोरों पर शुरू कर देगा।

बिहार की हवा में जहर घोल रहे ईंट भट्टे

पटना (नि.सं.)। बिहार में कार्बन का सबसे अधिक उत्सर्जन थर्मल पावर प्लांट से होता है। दूसरे स्थान पर ईंट भट्टे है। ईंट भट्टे से प्रति वर्ष 11.6 मिलियन टन कार्बन का उत्सर्जन हो रहा है। इसका खुलासा बिहार की जलवायु अनुकूल व न्यून कार्बन प्रारूप पर आधारित जारी रिपोर्ट से हुआ है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स की टीम ने राज्य में स्थापित 7000 ईंट भट्ठों में से 2000 का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की। इसमें पाया गया कि बिहार के ज्यादातर भट्ठे संचालन एक लाख लाल ईंट पकाने में लगभग 30 टन कोयला का उपयोग कर रहे है। वहीं दूसरे प्रदेशों में सूबे की तकनीक पर ही आधारित ईंट भट्ठे में 8 टन कोयले का इस्तेमाल कर एक लाख लाल ईंट तैयार की जा रही है। ईंट भट्ठे पर किए गए सर्वे में पाया गया है कि दूसरे राज्यों की तुलना में बिहार में लाल ईंट पकाने के लिए कोयले की तीन गुना अधिक खपत की जा रही है।

लोकसभा चुनाव 2024

कांग्रेस ने 39 कैंडिडेट की पहली लिस्ट की जारी, केरल के वायनाड से राहुल लड़ेंगे चुनाव

- बिहार से एक भी कैंडिडेट नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर से केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस की पहली लिस्ट में बिहार से एक भी उम्मीदवार का नाम नहीं है। बता दें कि कांग्रेस की इस सूची से कुछ दिन पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। बीजेपी की ओर से भी बिहार के किसी भी उम्मीदवार का नाम जारी नहीं किया गया था।

राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में जानकारी दी। कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों में करीब 40 सीट के लिये उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी।

कांग्रेस की 39 कैंडिडेट्स की लिस्ट

राहुल गांधी वायनाड (केरल)	गीता शिवराजकुमार शिमोगा (कर्नाटक)	कन्नूर (केरल)
भूपेश बघेल राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)	श्रेयस पटेल हासन (कर्नाटक)	शफी परम्बिल वडकर (केरल)
डॉ. शिवकुमार डहरिया जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)	एसपी मुद्दाहनुमेगौड़ा तुमकुर (कर्नाटक)	एमके राघवन कोझिकोड (केरल)
ज्योत्सना महंत कोरबा (छत्तीसगढ़)	वेंकटरामगौड़ा मांड्या (कर्नाटक)	वीके श्रीकंदन पलक्कड़ (केरल)
राजेंद्र साहू दुर्ग (छत्तीसगढ़)	डीके सुरेश बेंगलुरु रूरल (कर्नाटक)	रम्या हरिदास अलाथुर (केरल)
विकास उपाध्याय रायपुर (छत्तीसगढ़)	आशीष कुमार साहा त्रिपुरा वेस्ट (त्रिपुरा)	के मुरलीधरन त्रिशूर (केरल)
ताम्रध्वज साहू महासमुंद (छत्तीसगढ़)	गोपाल छेत्री सिक्किम	बेनी बहाननचलकुड्डी (केरल)
एचआर अलगूर राजू बीजापुर (कर्नाटक)	सुपौंगमेरेन जमीर नगालैंड	हीबी इदीन एर्नाकुलम (केरल)
के सुधाकरन	राजमोहन उन्नीथन कासरगोड (केरल)	डीन कुरियाकोसे इडुक्की (केरल)

पालीगंज में आज गृह मंत्री अमित शाह की होगी जनसभा, तैयारियां पूरी

- प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी तैयारियों का जायजा लिया।

निज संवाददाता | पटना

पालीगंज में आज, शनिवार 9 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्री का कार्यक्रम होना है। जिसको लेकर केंद्रीय और स्थानीय जिला प्रशासन की टीम ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। पटना पश्चिम सिटी एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया है। साथ ही आयोजनकर्ताओं के साथ भी मीटिंग हुई है। कई दिशा-निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल पर तीन हैंगर बनेंगे। जिसमें लोगों की ठहरने की व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 300 जवानों की तैनाती की जाएगी। ड्रोन के जरिए भी नजर रखी जाएगी। नियंत्रण को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था भी बदल जाएगा। इसका भी ध्यान रखा जाएगा, किसी तरह की असुविधा ना हो। इसके अलावा पटना जिला बीजेपी ग्रामीण की ओर भी कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई।

वहीं, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पालीगंज के कृषि मैदान में बीजेपी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। भीड़ नियंत्रण को लेकर हमारे भी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। पानी की व्यवस्था सभी जगह पंडाल में रहेगी। इस मौके पर भाजपा सांसद रामकृपाल यादव, पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार समेत बीजेपी के नेता मौजूद रहे।

अमित शाह ने किया राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस पोर्टल का लोकार्पण

- सहकारी समितियों के विस्तार में मिलेगी मदद
- 2027 से पहले हर पंचायत में एक पैक्स होगा

एजेंसी | नई दिल्ली

हजारों लोगों के दो वर्षों के कठिन एवं लगातार परिश्रम के बाद सहकारिता क्षेत्र की गतिविधियों की सारी जानकारियों के लिए डिजिटल आधारित डाटाबेस तैयार किया गया है। इसके माध्यम से सहाकारिता क्षेत्र की सारी सूचनाएं एवं गतिविधियां एक क्लिक पर ही आसानी से मिल जाएंगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस पोर्टल का लोकार्पण और राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस-2023: एक रिपोर्ट' का विमोचन किया। इस दौरान पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वह साहसिक फैसले लेते हैं और उन्हें अंजाम तक भी पहुंचाते हैं। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 75 वर्ष बाद इतना बड़ा काम हुआ है। यह डाटाबेस सहकारिता के विकास, विस्तार और आपूर्ति को कंपास की तरह दिशा दिखाएगा। जिन क्षेत्रों में सहकारी समितियां कम या कमजोर हैं, उसकी पहचान कर विस्तार में मदद करेगा। पोर्टल के जरिये छोटी सहकारी संस्थाएं अपने विस्तार के लिए मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगी। इसे अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर बनाया गया है। इसमें गांवों को शहरों से, मंडियों को ग्लोबल मार्केट से और राज्यों को अंतर्राष्ट्रीय संपर्क से जोड़ने की संभावना मौजूद है। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ने साहसिक फैसला लेकर उसे अंजाम तक पहुंचाते हुए अलग मंत्रालय बनाया।

आरजेडी ने एमएलसी उम्मीदवारों का नाम किया घोषित, कांग्रेस को नहीं मिली जगह

- राबड़ी देवी समेत राजद के 4, माले का एक कैंडिडेट

निज संवाददाता | पटना

बिहार एमएलसी चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपने 5 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पूर्व सीएम राबड़ी देवी समेत 4 कैंडिडेट्स आरजेडी के हैं, जबकि एक कैंडिडेट माले का है। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी गई है। आरजेडी की तरफ से जारी लिस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, अब्दुलबारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर और सैयद फैसल अली का नाम है, जबकि भाकपा माले ने डॉ. शशि यादव को उम्मीदवार बनाया गया है।

पांचवीं सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार देना चाहती है। इस स्थिति के बीच कांग्रेस के बड़े नेता कोशिश में है कि उनके हक की बात हो जाए, लेकिन आरजेडी इस बात पर अड़ी थी कि राज्यसभा के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह को महागठबंधन की तरफ से भेजा गया है। इसलिए एमएलसी की एक सीट माले को दी जा रही है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता असित नाथ तिवारी कहते हैं, कांग्रेस चाहती है कि विधान परिषद के चुनाव में एक प्रत्याशी कांग्रेस की तरफ से हो, एक लेफ्ट से हो और बाकी तीन उम्मीदवार आरजेडी की तरफ से हों। हम लोगों ने ये बात महागठबंधन के साथियों के बीच रख दी है। राजद विधायक रामवृक्ष सदा ने कहा है कि सभी विधायक लालू प्रसाद के फैसले का स्वागत करते हैं। सभी विधायकों को बुलाया गया था कि इस नाम पर सहमति दी जाए। सभी ने राबड़ी देवी, उर्मिला ठाकुर, अब्दुल बारी सिद्दीकी और सैयद फैसल अली के नाम पर सहमति दे दी है। कांग्रेस भी हमें सपोर्ट करेगी, क्योंकि उनके

मैथिली ठाकुर को मिला नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड्स कार्यक्रम में बिहार की मशहूर लोक गायिका मैथिली ठाकुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया है। उन्हें 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नावजा गया है। इस दौरान स्टेज पर मैथिली ठाकुर को अवॉर्ड देते हुए पीएम मोदी ने पहले नमस्ते कहकर अभिवादन किया और फिर कुछ गुनगुनाने को भी कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ सुना दो, क्योंकि लोग मेरा सुन-सुनकर थक जाते हैं। पीएम ने कहा कि आज महाशिवरात्रि है तो शिव जी का भजन सुना दो। इसके बाद मैथिली ने शिव भजन 'डिमिक डिमिकक डमरू बाजे, प्रेम मगन नाचे भोला' गाया। जिसकी पीएम ने काफी तारीफ की। उसके बाद मैथिली ने पीएम से सेल्फी लेने की गुजारिश की। जिसके बाद पीएम ने मैथिली के साथ एक तस्वीर खिंचवाई।

डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 30 से होगी

- समिति ने कहा है कि सभी संस्थानों में कुल सीट का 50 प्रतिशत विज्ञान तथा 50 प्रतिशत कला, वाणिज्य अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा।

निज संवाददाता | पटना

डीएलएड कोर्स में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 30 मार्च से होगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा से संबंधित निर्देश भी जारी कर दिया है। प्रवेश पत्र समिति के पोर्टल पर परीक्षा से एक सप्ताह पहले जारी कर दिया जाएगा। बिहार बोर्ड के अनुसार राज्यभर के 306 डीएलएड कॉलेजों के 30 हजार 750 सीटों पर नामांकन के लिए 30 मार्च से ऑनलाइन परीक्षा अलग-अलग दिन दो पालियों में होनी है। परीक्षा में शामिल होने के लिए दो लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। डीएलएड कॉलेजों में नामांकन के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मेधा सूची व नामांकन, विकल्प लॉक करने, सीट आवंटन,स्लाइडअप इत्यादि की प्रक्रिया मई-जून की जाएगी। जून के अंत तक नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। नया सत्र जुलाई में शुरू होगा। समिति ने कहा है कि सभी संस्थानों में कुल सीट का 50 प्रतिशत विज्ञान तथा 50 प्रतिशत कला, वाणिज्य अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा। उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए 10 प्रतिशत स्थान आरक्षित होगा। क्षैतिज आरक्षण के रूप में यह आरक्षण लागू होगा, पर यह आरक्षण लाभ उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जिन्होंने प्लस टू स्तर की परीक्षा में उत्तीर्णता उर्दू विषय के साथ हासिल की है। सरकारी नियम के अनुसार कुल स्वीकृत सीटों में से दिव्यांग के लिए पांच प्रतिशत, बिहार राज्य के निवासी सेवारत, सेवानिवृत, दिवंगत, भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी के आश्रित पुत्र व अविवाहित पुत्री को पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ने की महिलाओं के लिए दो राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की घोषणा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज विशेष रूप से महिलाओं के लिए दो राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की घोषणा की। राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र 23 केंद्रित/ प्राथमिकता वाले विषयों को कवर करते हैं, जहां भारतीय एथलीटों को एशियाई खेलों और ओलंपिक जैसी वैश्विक प्रतियोगिताओं में पदक जीतने का मौका मिलता है। राज्य स्तर पर प्रशिक्षकों, कोचों और बुनियादी ढांचे की कमी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री ठाकुर ने बेंगलुरु में कहा कि खेल एक राज्य का विषय है, लेकिन फिर भी केंद्र सरकार देश में खेलों के उत्थान के लिए उत्सुक है। हमें बुनियादी ढांचे और कोचों पर बहुत पैसा खर्च करना होगा। हम राज्य सरकारों के साथ सहयोग कर रहे हैं और उनसे तीन प्रमुख खेलों की पहचान करने को कहा है, ताकि हमारे पास एक रोडमैप और जानकारी हो कि कौन सा राज्य हॉकी, मुक्केबाजी और एथलेटिक्स आदि को बढ़ावा देगा। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मैंने पहले ही अपने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों को मजबूत करना शुरू कर दिया है और राष्ट्रीय खेल महासंघों के साथ मिलकर अच्छे कोच तैयार करने पर अधिक जोर दूंगा। भारतीय खेल प्राधिकरण ने देश भर में 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) की स्थापना की, ताकि अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और खेल सुविधाएं, खेल विज्ञान बैकअप, प्रशिक्षित पोषण विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित व्यक्तिगत आहार और समग्र पर्यवेक्षण प्रदान करके होनहार एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ कोच, योग्य सहायक कर्मचारी और उच्च निष्पादन वाले निदेशक के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

बिहार में धूमधाम के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

पटना (नि.सं.)। बिहार में भगवान शंकर की अराधना का पर्व महाशिवरात्रि धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव की पूजा करने का सबसे बड़ा दिन माना जाता है। महाशिवरात्रि हिन्दू परंपरा का एक बहुत बड़ा पर्व है। सालभर भक्त इस त्योहार की प्रतीक्षा करते हैं। कहा जाता है कि इस दिन भगवान शिव का मां पार्वती के साथ विवाह हुआ था। माना जाता है कि शिवरात्रि के दिन भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने से कष्टों से भी मुक्ति मिलती है।

प्रधानमंत्री आज बंगाल का करेंगे दौरा, सिलीगुड़ी में कई योजनाओं करेंगे उद्घाटन

- सिलीगुड़ी में पीएम मोदी करेंगे 4,500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताहांत असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को असम पहुंच जाएंगे और अगले दिन शनिवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री अरुणाचल के ईटानगर के लिए रवाना होंगे, जहां वह 'विकसित भारत, विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर करीब सवा बारह बजे असम के जोरहाट में प्रसिद्ध अहोम सेनापति लाचित बोरफुकन की भव्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे।वह जोरहाट में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और असम में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, समर्पण और आधारशिला रखेंगे।इसके बाद, प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की यात्रा करेंगे और लगभग 3:45 बजे एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।वह पश्चिम बंगाल में लगभग 4,500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। यहां से शाम करीब सात बजे प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे और वहां काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजा करेंगे।अगले दिन 10 मार्च को दोपहर लगभग 12 बजे प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे उत्तर प्रदेश में 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।इसके बाद प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के जरिये छत्तीसगढ़ में महतारी वंदना योजना की पहली किस्त वितरित करेंगे।

केन्द्र सरकार ने महिला दिवस का दिया तोहफा, एलपीजी सिलेंडर में 100₹ की दी छूट

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महिला दिवस पर देश की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस मौके पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया गया है।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, "महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उल्लेखनीय है कि महिला दिवस कई समाजवादी आंदोलनों का परिणाम था, जिन्होंने महिलाओं के लिए मतदान के अधिकार और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग की थी। वर्ष 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने 08 मार्च को महिला दिवस के रूप में चिह्नित किया था और दो साल बाद इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy; DAYS Acupressure Yoga Science; DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th; DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure; BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2; BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science; MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga); MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल बेजुएट; MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL: BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course; BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि

डॉ. अजय प्रकाश सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है | सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

डीएम व एसपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर वारिसलीगंज एवं नवादा विधान सभा का किया समीक्षा बैठक

नवादा। आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी नवादा एवं श्री अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा की संयुक्त अध्यक्षता में आज लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर दो विधानसभा क्षेत्र वारिसलीगंज-239, एवं नवादा-237 में एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन को लेकर तेज गति से प्रशासनिक तैयारियां जारी है। बैठक में उपस्थित सेक्टर पदाधिकारी को उन्होंने बताया कि निर्वाचन अन्तर्गत प्रखंड में बनाये गए सभी मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सभी मतदान केन्द्रों पर प्रकाश, पेयजल, शौचालय, रैंप आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी नवादा ने बताया कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए सेक्टर पदाधिकारी निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे । उन्होंने बताया कि सेक्टर पदाधिकारी को क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों के रूट से भली भांति परिचित होना है। विगत चुनाव का इतिहास में व्यवधान उत्पन्न करने वाले तत्व की जानकारी लेना है और इसका प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराना होता है ताकि विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। आज सर्वप्रथम वारिसलीगंज-239 विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की बैठक वारिसलीगंज प्रखंड के सभागार में किया गया। इसके उपरांत नवादा-237 विधान सभा अन्तर्गत डीआरसीसी सभागार में बैठक आयोजित की गयी। सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी को निर्देश दिया कि अपने-अपने बूथों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर अधिकारियों को ईवीएम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। उन्होंने ईवीएम, वीवीपेट, मॉक पोल और पोस्टल बैलेट के बारे में बताया। नवादा विधान सभा में कुल सेक्टर की संख्या 43 एवं वारिसलीगंज विधान सभा में 48 सेक्टर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी सेक्टर पदाधिकारी कम प्रतिशत वाले बूथों पर जागरूकता अभियान चलाएं और वोट देने का महत्व के बारे में बताएं। चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने के लिए विभिन्न कोषांगों का गठन किया जा चुका है। सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों का सत्यापन दो दिनों के अन्दर करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा चुनाव से संबंधी कई अन्य बिन्दुओं की जानकारी सेक्टर पदाधिकारियों को दी गई। कई बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण कार्य करने की भी जिम्मेदारी दी गयी है। साथ ही सभी सेक्टर को मतदान के पूर्व सभी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। ताकि प्रशासनिक स्तर पर संवेदनशील एवं अति संवेदशनशील बूथों का पूर्ण ब्योरा तैयार किया जा सके। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित सेक्टर पदाधिकारी के लिए कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की सुविधा का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी को उपलब्ध कराये गए वैलनेरवल मैपिंग-01 रिपोर्ट के आधार पर वैलनेरवल मैपिंग -02 एवं वैलनेरवल मैपिंग -03 के रिपोर्ट की तैयारी करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सेक्टर पदाधिकारी के कार्यों और दायित्वों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा के दिन से मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक निर्वाचन प्रबंधन हेतु सेक्टर पदाधिकारी उत्तरदायी होते हैं। इस अवसर पर श्री दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, श्री अखिलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, श्री प्रमोद कुमार भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता रजौली, श्री राजीव कुमार वरीय उपसमाहर्त्ता, के साथ-साथ सभी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

बच्चों के विकास को ध्यान में रखकर ही अपनाएं शैक्षणिक गतिविधियां

गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डायट, गया में गुरुवार को नई दिल्ली से पहुंची विशेष शिक्षा की विशेषज्ञ पूर्णिमा गुप्ता ने राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने वर्ग कक्ष में सामाजिक रूप से वंचित बच्चों के समूह की पहचान और उनके समावेशन से संबंधित सत्र का संचालन किया। उन्होंने सुविधाओं से वंचित छात्रों के लिए उस परिस्थिति को जिम्मेवार ठहराया, जिसमें एक परिवार अपने बच्चे को उचित वृद्धि व शैक्षणिक विकास के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों की आपूर्ति करने में असमर्थ होता है। इसके परिणामस्वरूप बच्चों को कपड़े, भोजन, आयु, उपयुक्त किताबें, खिलौने जैसी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध नहीं हो पाती है। पश्चिम बंगाल से आई आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ. आलोक गुहा ने प्रतिभाशाली और रचनात्मक सोच वाले छात्रों के लिए वर्ग कक्ष में अपनाए जाने वाले उपयुक्त अनुदेशात्मक रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य, डॉ. दीपक कुमार ने पाठ्यक्रम अनुकूलन से संबंधित सत्र में अपने विचार रखते हुए इसका सीधा और प्रत्यक्ष संबंध बाल केंद्रित शिक्षा से जोड़ा।

पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने जताई नाराजगी

गम्हरिया। गम्हरिया पंचायती राज कार्यालय में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख शशि कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में कई विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने नाराजगी जताते हुये कहा कि पदाधिकारी यदि नदारद रहते हैं तो फिर बैठक का क्या मतलब। जनप्रतिनिधियों ने अनुपस्थित रहनेवाले पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद बैठक में महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। बभनी की पंसस सोनिया रानी ने कहा कि थाना में अगर आम लोगों के द्वारा शिकायत की जाती है तो जनप्रतिनिधियों से बात नहीं कर पीड़ित से गलत तरीके से रुपया लेकर लोगों को परेशान किया जाता है। बभनी मुखिया दीपनारायण यादव ने कहा कि मनरेगा के पीआरएस व पंचायत सचिव व कमी पंचायत भवन में नहीं बैठते हैं। जिससे आमलोगों को काम करवाने में काफी परेशानी होती है। मनरेगा पीआरएस फोन पर ही योजनाओं की मांग करते हैं। पीआरएस जनप्रतिनिधियों का बात नहीं मानते हैं। भेलवा मुखिया मीना देवी ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय में भारी अनियमितता है। इसके लिए प्रमुख व बीईओ के नेतृत्व में एक टीम बनाकर स्कूल का जांच किया जाए।

स्वीपरों ने की मानदेय भुगतान की मांग

वजीरगंज। नगर पंचायत कार्यालय, वजीरगंज में नवपदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी अरुण कुमार के समक्ष विगत 11 जनवरी से 20 फरवरी तक विभागीय आदेशानुसार करीब 30 स्वीपरों के द्वारा मुख्य सड़क एवं वार्ड के क्षेत्र में साफ सफाई सोनू कुमार सुपरवाइजर की देखरेख में करवाया गया। लेकिन एक महीना बाद भी स्वीपरों को मानदेय नहीं दिए जाने से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। स्वीपरों ने बताया कि विगत तीन साल से नगर पंचायत वजीरगंज में पांडेय विकलांग संस्थान के अधीन 23 मजदूरों द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा था। उनके अधीन भी सफाई कार्य किए जाने के क्रम में मजदूरी बकाया रह गया था।

मूलभूत सुविधाओं की रिपोर्ट 11 मार्च तक कराए उपलब्ध

लोकसभा चुनाव की तैयारी, मतदान केंद्रों पर शौचालय और पहुंच पथ दुरुस्त करने का निर्देश

निज संवाददाता। नालंदा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी नालन्दा शाशंक शुभंकर ने लोकसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा जैसे... शौचालय, पीने की पानी, पहुंच पथ, विद्युतीकरण हर हाल में सुनिश्चित की जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा है कि संबंधित विद्यालय में अवस्थित मतदान केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर शौचालय निर्माण, मरम्मत, पीने की पानी, विद्युतीकरण हर हाल में हो।

व्यवस्था एक सप्ताह में पूर्ण करें: सामुदायिक भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, सहकारिता भवनों में अवस्थित मतदान केंद्र में वार्ड से संबंधित विभाग पीएचईडी, पंचायती राज विभाग नल जल की व्यवस्था एक सप्ताह में पूर्ण करें। आरसीडी, आरडब्लूडी कार्यपालक अभियंता को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों तक पहुंच पथ की मरम्मत शीघ्र की जाए। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा से संबंधित प्रतिवेदन 11 मार्च तक हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

कोटेश्वरनाथ धाम में महाशिवरात्रि महोत्सव आज से होगा शुरू

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मेन थाना क्षेत्र के कोटेश्वरनाथ धाम में महा शिवरात्रि के मौके पर दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव शुरू होने जा रहा है। महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस मौके पर देश और प्रदेश के नामचीन कलाकार अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। दोनों दिन अलग-अलग गायिका अपनी प्रस्तुति देंगे। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के सौजन्य से कोटेश्वरनाथ धाम में आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। महोत्सव के लिए विशाल मंच और भव्य पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, कोटेश्वरनाथ धाम में न केवल जिले के बल्कि अन्य जिलों के भी शिव भक्त भगवान शिव का दर्शन करने पूर्व की तरह आएंगे।

अधिकारी मौजूद रहेंगे: महोत्सव का उद्घाटन शाम 4 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी और प्रदेश सरकार के प्रौद्योगिकी मंत्री संतोष कुमार सुमन होंगे। आभासी प्रक्रिया के तहत पर्यटन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार जुड़ेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन दूसरे सत्र में देश के प्रसिद्ध पार्श्व गायिका इन्दू सोनाली की प्रस्तुति सहित स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इसके बाद मंदिर कमेटी की ओर से रात्रि में शिव-पार्वती विवाह संपन्न कराया जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन समापन अवसर के मौके पर अन्नया मिश्रा अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगीं। महोत्सव के दौरान पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। पुलिस की ओर से बड़ी संख्या में सुरक्षा के ख्याल से पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

दुष्कर्म के प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार, खेत से घर जा रही महिला को रोका था

पीड़िता ने भागकर खुद को बचाया

निज संवाददाता। गया



गया के बाराचट्टी थाना की पुलिस टीम ने दुष्कर्म के प्रयास मामले में गिरफ्तारी की है। आरोपी बराचट्टी प्रखंड का रहने वाला पवन कुमार पिता राजू कुमार बताया जा रहा है। पीड़ित लड़की का 164 का बयान दर्ज कराया जाएगा। 6 मार्च की देर संध्या महिला बराचट्टी थाना पहुंची और लिखित आवेदन दिया। आवेदन में थानाध्यक्ष को पीड़िता ने बताया कि उनकी पुत्री खेत से घर जा रहे थी तो रास्ते में गांव का दबंग पवन कुमार जबरदस्ती पड़कर गलत काम करने का प्रयास करने लगा। वहां से जैसे-तैसे भागकर इज्जत बचाई। इस तरह घटना की शिकायत मिलते ही बाराचट्टी थाना के थाना अध्यक्ष ने 152/ 24 केस दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया।

अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने का आदेश: जानकारी एसएसपी आशीष भारती को हुई। जिसके बाद घटना में संलिप्त अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने के लिए थाना अध्यक्ष बाराचट्टी को निर्देशित किया गया। थाना अध्यक्ष ने केस दर्ज होने के 24 घंटे बाद ही घटना में शामिल आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाराचट्टी थाना के पुलिस पदाधिकारी ने बताया आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी कर जेल भेजा जाएगा। वहीं पीड़ित लड़की का गया कोर्ट में 164 का बयान दर्ज कराया जाएगा।

महाशिवरात्रि को लेकर फ्लैग मार्च, मुख्य मार्ग से लेकर गली मुहल्ले में घूमी पुलिस

निज संवाददाता। गया

गया शिवरात्रि पर्व को लेकर जिला पुलिस अलर्ट मोर्ड में है। पर्व की पूर्व संध्या पर जिला पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया। शहर में एसडीएम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में न केवल बिहार पुलिस के जवान बल्कि केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान भी शामिल रहे। सदर एसडीएम किसलय श्रीवास्तव ने बताया कि फ्लैग मार्च के जरिए आम अवाम को संदेश दिया गया है कि प्रशासन और पुलिस दोनों पब्लिक की सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल ने शहर के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया है। ताकि उपद्रवी तत्व के लोग सजग रहें। मुफस्सिल पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र के प्रमुख इलाके में फ्लैग मार्च किया। मुफस्सिल मोड़ से लेकर गांधी नगर, मानपुर बाजार, पटवा टोली क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। इस मौके पर एसडीएम सदर और वजीरगंज डीएसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिर और शिवालय में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शुक्रवार की अहले सुबह से ही पुलिस बल प्रमुख शिव मंदिर और शिवालयों में नजर आएंगे। सभी मंदिरों का जायजा पूर्व में ही ले लिया गया है। मंदिरों में महिला पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। ताकि आम महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

गया में कांग्रेस का प्रदर्शन, एसबीआई बैंक के बाहर किया प्रदर्शन

चुनावी बॉन्ड की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग

निज संवाददाता। गया

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर आज गया जिला मुख्यालय में समाहरणालय के पास स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच के समक्ष प्रदर्शन किया। चुनावी बॉन्ड मामले में केंद्र सरकार तथा एसबीआई के मिली भगत के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता पहुंचे थे। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विगत 15 फ़रवरी 2024 को माननीय उच्चतम न्यायालय ने राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड के माध्यम से मिले चंदा को अ संवैधानिक करार देते हुए, भारतीय स्टेट बैंक से 06 मार्च तक चुनाव आयोग को इस संबंध में पूरा विवरण सौपना था। परंतु भारतीय स्टेट बैंक ने मोदी सरकार के इशारे पर इसके लिए 30 जून तक उच्चतम न्यायालय से समय मांगकर मोदी जी का परिवार बनने का काम किया है। पार्टी का चुनावी बॉन्ड का शुरू से ही विरोधी रही है, परंतु भाजपा विपक्षी दलों के विरोध के बाद भी चुनावी बॉन्ड के माध्यम से हजारों करोड़ रुपए बड़े, बड़े पूंजीपतियों से उनके गैर कानूनी कार्य को करके प्राप्त किया है। विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी ने लगातार चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर शुरू से ही भाजपा की मंशा पर सवाल उठाया और भाजपा के हालिया कदमों ने यह साबित भी कर दिया कि यह सरासर घोटाला है। लोकसभा चुनाव में अपने हजारों करोड़ घोटाले को छिपाने के लिए ही भाजपा भारतीय स्टेट बैंक से इस कुकृत्य करा रही है। इसी मुद्दा को डायवर्ट करवाने के आई टी डिपार्टमेंट से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस, tatha ए न ए स यू आई के विभिन्न बैंक खातों को फ्रिज कराने का काम किया था, जो पूर्ण रूप से ऑन लाइन सदस्यता शुल्क का पैसा था, जिसे पार्टी द्वारा विरोध करने एवं ट्राइब्यूनल में जाने पर रोक हटा था। मोदी सरकार सभी सरकारी संस्थाओं, एवं संवैधानिक संस्थानों को पालतू तोता बना कर अपने मन माफ़िक कार्य करा रही है।भाजपा के भ्रष्टाचार, घोटाला को उजागर कराने हेतु कांग्रेस पार्टी संपूर्ण देश में धारदार आंदोलन करते रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, चंद्रिका प्रसाद यादव बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, शशिकिशोरशिशु, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, अमरजीत कुमार, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, प्रदीप शर्मा संतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार निराला, नवल किशोरशर्मा, विद्या शर्मा मोहम्मद अजहरुद्दीन, विनोद उपाध्याय, मोहम्मद समद, प्रद्युम्न दुबे आदि शामिल रहे।

टिकारी बार एसोसिएशन परिसर में तोड़फोड़

निज संवाददाता। गया



गया। टिकारी बार एसोसिएशन में गुरूवार को दिनभर अफरातफरी मची रही। कारण परिसर में शराब की बोतलों का मिलना और बड़ी संख्या में एसोसिएशन की मेज और कुर्सियों की नुकसान पहुंचाना है। सम्बन्धित मामले में बार एसोसिएशन के सचिव ने पुलिस से सुरक्षा और अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। बार परिसर में अपराधियों और मवालियों की हरकत इलाके में चर्चा जोरों पर है। इस मामले में टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी चिन्हित होंगे। उनके विरुद्ध कारवाई की जाएगी। दरअसल बार एसोसिएशन के सचिव ने गुरुवार को दफ्तर खोलने आये तो मोके पर का सिन देख दंग रह गए। उन्होंने घटना की जानकारी अपने अन्य पदाधिकारी को दी। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी। इस सम्बंध में एसोसिएशन के सचिव नागेश्वर पासवान व अन्य अधिवक्ताओं ने बताया कि जब वे कार्यालय पहुचे तो देखा कि परिसर में कुर्सी और मेज फेंके पड़े है। उसे तोड़ दिया गया है। यही नही वहाँ रखे मेज पर अंग्रेजी शराब की खाली बोतलें, पानी की बोतल, डिस्पोजल ग्लास और नमकीन के कई रैपर फेंके पड़े हैं। उन्होंने बताया कि आशंका जताई जा रही है कि शरारती तत्वों द्वारा उपद्रव किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी टिकारी थाना को भी दी गयी है। पुलिस से शरारती तत्वों को चिन्हित कर कारवाई की मांग की गई है। साथ ही साथ परिसर की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग की गई है। परिसर में हाई मास्ट लाइट लगाने, रात्रि प्रहरी की तैनाती और सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग पुलिस अधिकारियों से की गयी है।

आरपीएफ कर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

गया। गया आरपीएफ के तीन कर्मियों को मानपुर स्टेशन के ईश्वर चौधरी हॉल्ट पर अपराधियों ने सोमवार की रात दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। आरपीएफ को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी सिग्नल का तार काट कर ट्रेन में लूट की वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। जिसकी सूचना पर आरपीएफ की टीम पहुंची। एक अपराधी को पकड़ लिया। लेकिन अपराधियों ने मौका देख टीम पर हमला कर दिया। साथ ही उनसे पकड़े गए अपराधी को भी छुड़ा ले गए। वही, जान बचाने के लिए आरपीएफ कर्मियों को हॉल्ट के पीछे बने स्टोर के एक कमरे में शरण लेनी पड़ी तब जाकर जान बची। लेकिन शरण देने वाला चौकीदार अजय राउत अपराधियों द्वारा चलाये जा रहे ईंट पत्थर आए जख्मी हो गया। उसका सिर फट गया है। उसकी कहीं से कोई मदद नहीं की गई।

युवाओं को बरगलाने में लगी है विपक्षी पार्टी

युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित, मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक और संघटनात्मक विषयों पर की गई चर्चा

निज संवाददाता। नालंदा

भाजपा बिहार शरीफ महानगर के द्वारा गुरुवार को युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास कुशवाहा एवं जिला मीडिया सह प्रभारी सह महानगर अध्यक्ष अमरेश कुमार रहे। कार्यक्रम का विषय भारत के वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा, मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक करने एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर चर्चा रहा। चौपाल में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुशवाहा केंद्र सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए युवाओं को देश भावना से जुड़कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है, विपक्षी पार्टियां युवाओं को बरगलाने में लगी है। महानगर अध्यक्ष अमरेश कुमार ने कहा कि देश सर्वोपरि है, जात-पात के नाम पर कांग्रेस और राजद पार्टी हमेशा से नकारात्मक राजनीति करती आई है और देश एवं बिहार को बर्बाद करती रही है। पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास का कार्य हुआ है। यदि 4 करोड़ गरीबों का घर बनाया गया तो भगवान का घरों का भी निर्माण एवं पुनरूद्धार हो रहा है। महान भारतीय सभ्यता संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है। विश्व स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र, एम्स बन रहे हैं तो अनेकों विश्वविद्यालय, आईआईटी जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों का भी निर्माण हो रहा है। विश्व स्तरीय सड़कें बन रही है। लोगों के जीवनस्तर में भी अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव दिख रहे हैं। प्रत्येक क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुद्रा योजना, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप योजनाओं ने करोड़ों युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अनेको जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर युवाओं को अधिक संख्या में लाभ प्राप्त करने और लोगों को लाभ दिलाने के लिए अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष विश्वनाथ कुमार, ओ बी सी मोर्चा नगर अध्यक्ष मोनू कुमार, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष संदीप कुमार, युवा मोर्चा के राजा कुमार, सूरज कुमार आर्या, गौरव साहू, अभिषेक राज, राजा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भक्तों का तांता

ब्रमेश्वर नाथ मंदिर में 50 हजार श्रद्धालुओं के उमड़ने की उम्मीद, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के प्रमुख शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व पर भारी संख्या में शिव भक्तों का जन सैलाब उमड़। ब्रह्म मुहूर्त से ही गंगा स्नान करके हाथों में जल,फूल और बेलपत्र लेकर भक्त मंदिर परिसर में पहुंचे। सबसे ज्यादा भीड़ बक्सर के प्रसिद्ध बाबा ब्रमेश्वर नाथ मंदिर में देखने को मिली। जलाभिषेक के लिए अहले सुबह से ही भक्त कतार में खड़े रहे। मंदिर प्रशासन के अनुसार दोपहर तक 50 हजार से ऊपर श्रद्धालुओं के द्वारा आज मंदिर में जलाभिषेक करने की उम्मीद जताई जा रही है।इसके आलवे बक्सर के नाथ बाबा मंदिर,रामेश्वर नाथ मंदिर और गौरीशंकर मंदिर में भी भक्तो की भिड़ उमड़ी हुई है।हर हर महादेव के जयकारे पूरा क्षेत्र गूंज रहा है।

सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजामः भक्तों की भीड़ देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। गर्भ गृह में भक्त ज्यादा देर न ठहरे इसका ख्याल रखा गया। जिला पुलिस द्वारा एक दिन पहले फ्लैग मार्च निकाला गया था तो वही आज भीड़ के बीच सादे लिबास में मौजूद पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही थी।

रात 12 बजे जल लेकर रवाना हुए थे भक्तः बक्सर जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूरी पर स्थिति बाबा ब्रमेश्वरनाथ मंदिर जलाभिषेक के लिए रात 12 बजे के बाद से भक्त बक्सर के रामरेखा घाट पर पहुंचना प्रारंभ कर दिए थे ।जहां से जल लेकर बोल बम के नारे के साथ पैदल या विभिन्न वाहनों से ब्रह्मपुर स्थित बाबा बरमेश्वर नाथ मंदिर जलाभिषेक के लिए पहुंचे। पौराणिक कथाओं की मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। मान्यता है कि आज के दिन व्रत रहने वाले शिव भक्तों की सभी मनोकामना भगवान शिव पुरी करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

सड़क पर युवक की गर्दन काटकर हत्या, शव फेंका

आरा। आरा मुफस्सिल आरा थाना क्षेत्र में धमार-कारीसाथ रोड के किनारे एक युवक की गर्दन रेतकर हत्या कर दी गई। मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। गुरुवार की सुबह उसका शव धमार गांव के दक्षिण दिशा तरफ सड़क किनारे गड्ढा में फेंका पड़ा था। सुबह में टहलने निकले कुछ लोगों ने शव को देखा। स्थानीय लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटना-स्थल पर पहुंची और चौकीदारों से भी मृतक की पहचान किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में लेकर आई। मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मृतक 20 वर्षीय युवक प्रतीत हो रहा है। उसका गला काट कर हत्या किया गया शव मिला है। सड़क पर मिले खून के धब्बे मिले हैं। इससे प्रतीत हो रहा कि युवक की हत्या यही पर किया गया है। इसके बाद शव को सड़क किनारे गढ़े में फेंक दिया गया होग।घटना स्थल से खून लगा हुआ चाकू और एक ब्लू ट्रूथ टूटा हुआ बरामद किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। युवक की पहचान के लिए इंटनेट मीडियम पर शव का फोटो भी डाला गया है। शव को पहचान के लिए सदर अस्पताल में रखा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार फिलहाल विवाह-लग्न का समय चल रहा है। मृतक की पहचान नहीं होने से वह स्थानीय नहीं लग रहा है।

अमित शाह की रैली में भोजपुर से जाएंगे 20 हजार किसानः प्रदेश अध्यक्ष

आरा। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता किया। कहा कि 9 मार्च को पटना जिला के पालीगंज में देश के गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री अमित शाह की सभा है। भोजपुर जिले से बीस हजार से अधिक किसान जाएंगे। किसान मोर्चा ने पुरे प्रदेश में चल रहे ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन के लिए आरा का चयन किया है। दस मार्च को आरा के जीरो माइल से रमना मैदान तक टैक्टर रैली निकाला जाएगा।प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण, ग्राम स्तर पर डिजिटल लेनदेन, स्वच्छता अभियान , वोकल फॉर लोकल व घरेलू पर्यटन को बढ़ावा, जैविक खेती, ग्रामीण खेल और फिटनेस को बढ़ावा दिया है। विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रैली में बड़हरा विधानसभा क्षेत्र से आठ हजार किसान जाएंगे।

गड़हनी में 476 का बना आयुष्मान कार्ड

गड़हनी। स्थानीय गड़हनी प्रखण्ड क्षेत्र के कई पंचायतों में गुरुवार को पीडीएस दुकानदारों के दरवाजे पर कैम्प लगाकर 476 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। बंगवा गांव में 86, बलिगांव गांव में 41, कुरकुरी गांव में 22, बराप गांव में 2, काउप गांव में 02, बड़ौरा गांव में 42, इचरी गांव में 128 एवं गड़हनी गांव में 153 कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। बीडीओ बीरेंद्र कुमार ने बताया कि अब आयुष्मान कार्ड बनाने का स्पीड बढ़ रहा है।

आरा-बक्सर NH पर 2 बाइक बस की चपेट में आए, एक बाइकसवार की मौत दूसरे की हालत गंभीर, किया गया रेफर

बक्सर। आरा-बक्सर फोरलेन पर महाराजा कोठी गेट के समीप दो बाइक सवार भारी वाहनों के चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। घटना गुरूवार को डुमरांव अनुमंडल के एनएच 922 आरा-बक्सर फोरलेन की है। इस घटना में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी है। जिसे स्थानीय लोगो मदद से अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजनो को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दिया गया है। वही सूचना पर दल बल के साथ पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दो बाइक सवार नया भोजपुर से बक्सर की तरफ जा रहे थे। तभी एक ट्रॉली से टकरा गए। ब्रेक लगाते लगाते पीछे से आ रही बस भी उन्हें टक्कर मार दी। जिससे मौके पर बाइक सवार सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिघनपुरा निवासी पप्पू दूबे (48), पिता लक्ष्मी दुबे की मौत हो गई। वहीं रामाशंकर दूबे (65), पिता कपिल दूबे बड़का सिघनपुरा निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गए है।इस घटना को सूचना पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। इस संबंध में नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार नए बताया की घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। वहीं जख्मी को परिजन ट्रामा सेंटर के लिए लेकर निकले है। पुलिस इस घटना में आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

रघुनाथपुर रेल यात्री कल्याण समिति की हुई बैठक

ब्रह्मपुर। रघुनाथपुर रेलयात्री कल्याण समिति की बैठक डॉ. चन्द्रशेखर पाठक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें गत बैठकों की समीक्षा की गई। पिछले 10 फरवरी को डीआरएम दानापुर को भेजे गए मांगों में से दो मांगे मानी गई। पहली बक्सर से वाराणसी तक चलने वाली मेमू ट्रेन एवं दूसरी आरा से टाटा तक जाने वाली एक्सप्रेस गाड़ी। इस दोनों गाड़ियों के विस्तार की मांगें थी जो पूरी हुई। इसके लिए रेल प्रशासन को सदस्यों ने बधाई दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि आचारसंहिता के पहले लंबित अन्य लंबित मांगे पूरी हो अन्यथा चुनाव बाद आंदोलन शुरू कर दी जाएगी। समिति 23 मार्च को सभी सदस्यों के होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया है। आज के बैठक में संयोजक नागेन्द्र मोहन सिंह, सीताराम ठाकुर, सत्येन्द्र कुमार, परमहंस सिंह, राजगृही साह, जलिल मोहम्मद उर्फ नेताजी, प्रभुनाथ पाल, दीपक कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने भाजपा व एसबीआई की मिलीभगत का लगाया आरोप

आरा। एसबीआई ने इलेक्टोरल बांड योजना सार्वजनिक नही करने और भाजपा व एसबीआई की मिलीभगत से इसे टालने के खिलाफ, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में जज कोठी मोड़ के समीप एसबीआई शाखा के समक्ष प्रदर्शन किया। अशोक राम ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और राहुल गांधी ने लगातार इलेक्टोरल बांड योजना को लेकर भाजपा की मंशा पर सवाल उठाया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भाजपा के प्राप्त चंदों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी और भाजपा की साठ-गांठ से आज तक उजागर नही किया गया है, भाजपा के इस हालिया कदमों ने यह साबित कर दिया है कि इस सरकार की मंशा स्पष्ट और स्वच्छ नही है। प्रदर्शन में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम, सत्य प्रकाश राय, रजी अहमद, पन्नग त्रिपाठी, प्रवक्ता डॉ अमित कुमार द्विवेदी आदि मौजूद थे।

युवाओं व महिलाओं की भागीदारी के लिए मेरा पहला वोट

निज संवाददाता। बक्सर

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में जिलें में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए गैर सरकारी संगठन, जन शिक्षण संस्थान बक्सर एवं जिला प्रशासन के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डुमरांव गढ़ मार्बल हाउस में कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में महिला मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत भागीदारी करें।जिसमें लगभग 600 महिलाओं ने भाग लिया। सभागार के बाहर सेल्फी प्वाईंट भी बनाया गया था। जहाँ महिलाओं ने बढ़-चढकर मेरा पहला वोट, देश के लिए थीम पर फोटो भी क्लिक करायें एवं इस बार के लोक सभा आम निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए अपने स्तर से हर संभव कदम उठाने का संकल्प लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा आयोजन में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं महिला मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई। अभियान का यह उद्देश्य अभियान का मुख्य लक्ष्य चुनाव में युवाओं के द्वारा अपनी सक्रिय सहभागिता कराते हुए रिकार्ड मतदान प्रतिशत को प्राप्त किया जाना है। इस हेतु शिक्षण संस्थानों एवं महाविद्यालयों में विधिवत स्वीप गतिविधियों को भारत निर्वाचन आयोग के साथ समन्वय कर तैयार किया गया है।

सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत, पत्नी को लाने जा रहे थे ससुराल

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में बाइक सवार 2 दोस्तों को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। दोनों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। मृतक बक्सर जिला के बगेन थाना क्षेत्र के बराढी गांव निवासी नन्हू यादव के 35 वर्षीय पुत्र सोना लाल और मनभरण यादव का 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार शामिल है। सोना लाल अपनी पत्नी को मायके से लाने के लिए गुरुवार शाम दोस्त राहुल संग निकले थे। शुक्रवार को वे लोग वापस लौटते, पर ससुराल जाने के दौरान सोना लाला और उनके दोस्त राहुल हादसे के शिकार हो गए। उनकी मौत हो गई। घटना बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया चौरस्ता स्थित अमराई होटल की है।

ससुराल से फोन आया थाः मृतक सोना लाल कारनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी और चौकीदार गणपत यादव के दामाद हैं। मृतक सोना लाल के भाई ललन यादव ने बताया कि गुरुवार की शाम ससुराल से फोन आया था। इसके बाद वह अपने दोस्त राहुल कुमार के साथ कारनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव अपने ससुराल जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। स्थानीय थाना ने उन्हें जख्मी हालत में इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाया गया। जहां से आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सदर अस्पताल ले जाने के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

कोलकाता में काम करते थे सोना लालः सूचना पर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को सूचना दी। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया। बिहिया थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बाइक से बिहिया की ओर से आ रहे थे।

इसी दौरान बिहिया चौरस्ता स्थित अमराई होटल के समीप किसी अज्ञात ट्रक से भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। मृतक सोना लाल अपने तीन भाई वह दो बहनों में छोटे थे। कोलकाता में रहकर काम करता थे। तीन दिन पूर्व ही वापस गांव लौटे थे। परिवार में मां भागमणि, देवी पत्नी सुनीता देवी और आठ माह की पुत्री परी है।

टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय लड़ सकते हैं ददन पहलवान

निज संवाददाता। बक्सर

बिहार सरकार के पूर्व वित्त मंत्री ददन पहलवान ने बक्सर के स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री पर जमकर निशान साधा है। अश्विनी चौबे के बयान कि जो मेरा विरोध करेगा, खुद मिट्टी में मिल जाएगा, पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा बक्सर की जनता के मान सम्मान की लड़ाई लड़ता हैं। कोई भागलपुर से आकर के यहां के जनता और संतो का अपमान करेगा, यह बर्दास्त नही होगा। बता दें कि गुरुवार को बक्सर से विधायक और मंत्री रहे ददन पहलवान ने प्रेस वार्ता बुलाया। इसके बाद बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे पर जमकर सियासी हमाला बोला है। लोक सभा चुनाव नजदीक आया तो पोखरा तालब का निर्माण की गिनती गिना रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सांसद को अपने क्षेत्र के विकास के लिए साल में पांच करोड़ रुपया मिलता है। इनका दस साल हो गया तो ये बताएं कि 50 करोड़ रुपया अपने संसदीय क्षेत्र में कहां खर्च किए हैं, इसका हिसाब दे न। तो ये सात निश्चय में बने कुंआ, पोखर, तालाब की गिनती गिना रहे हैं। इसके साथ ही इशारे में यह बताने का भी कार्य किया है कि बक्सर की जनता इस बार उनको पसंद कर रही। इसलिए टिकट उनको मिलना चाहिए। अगर टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय चुनाव भी लड़ सकते हैं। आगे केंद्रीय मंत्री पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि भारत सरकार पूरे भारत के स्टेशनों को बेहतर बना रही है। उसकी काउंटिंग भी अपने कार्य में कराते हैं। इसके साथ ही कहा कि हर गांव को सड़क से जोड़ने की योजना राजीव गांधी के समय का है। नेशनल हाइवे को बनाने को योजना अटल जी के समय का है। लेकिन भारत सरकार और मुख्यमंत्री के योजना को अपने काउंटिंग करा रहे हैं।

स्कॉर्पियो की टक्कर से ऑटो पलटा, 6 घायल

निज संवाददाता। आरा

आरा-सिन्हा मार्ग पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरैया मठिया के समीप गुरुवार को स्कॉर्पियो ने सवारी से भरे ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो पर सवार दंपती समेत आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद एक बुजुर्ग की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मियों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के खवासपुर नया टोला निवासी श्याम बिहारी राम, उनकी पत्नी अनीता देवी, भाई प्रदीप दास, भवहा आरती देवी, भतीजी निशा कुमारी और भतीजा विक्की कुमार शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जख्मी आरती देवी की मौसी का देहांत हो गया था। जिसको लेकर सभी लोग ऑटो पर सवार होकर अपने गांव से गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर उनके घर जा रहे थे।

टक्कर से ऑटो पलटाः गरैया मठिया के समीप पीछे से आ रहे स्कॉर्पियो ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिसके कारण ऑटो पलट गया और सभी जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद श्याम बिहारी राम की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। जबकि जख्मी सभी लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल में ही कराया जा रहा है।

तीन जोड़ी ट्रेनों का होगा ठहराव

आरा। भोजपुर जिलावासी के लिए खुशखबरी है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के आरा-सासाराम रेलखंड के हसन बाजार हॉल्ट पर 03 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। ट्रेनों के ठहराव होने से ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे हैं। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। गाड़ी सं. 03612 सासाराम-पटना पैसेंजर स्पेशल दिनांक 09.03.2024 से हसन बाजार हॉल्ट पर 07.47 बजे पहुंचकर 07.48 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

पूर्व रेलवे

सियालदह मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देना

सं. सीसी3/ई–ऑक्शन एग्रीमेंट (दिनांक 22.03.2024 को खोला जाएगा), **दिनांकः 05.03.2024** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 के द्वारा आईआरईपीएस पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से सियालदह मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। **एडमिन यूनिट/जोनः** सियालदह मंडल–वाणिज्यिक/पूर्व रेलवे। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: एसडीएएच–पार्सल–23, नीलामी करने वाले अधिकारीः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 22.03.2024, 11.00.00, **नीलामी की अंतिम तिथि/समयः** 22.03.2024, 14.50.00. **ऑटो एक्सटेंशन जोनः** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधिः** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधिः** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतरालः** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन :** 10 बार। ई–नीलामी सूची का विवरण निम्नानुसार है: **क्रम सं.; लॉट सं./कैटेगरी; विवरण; ट्रिप/दिन; लॉट की अंतिम तिथि और समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1;** 13105–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–बीयूआई–23–1 (पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 11:30:00; **एए/2;** 13105–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–बीयूआई–23–1 (पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 11:40:00; **एए/3;** 13153–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एमएलडीटी–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 11:50:00; **एए/4;** 13153–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–एमएलडीटी–23–1(पार्सल–एसएलआर);एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 12:00:00; **एए/5;** 13149–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एपीडीजे–24–1(पार्सल–एसएलआर);एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 12:10:00; **एए/6;** 13187–एसएलआर–आर1–एसडीएएच–आरपीएच–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 12:20:00; **एए/7;** 13187–एसएलआर–एफ–1–एसडीएएच–आरपीएच–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 12:30:00; **एए/8;** 13187–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–आरपीएच–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 12:40:00; **एए/9;** 13161–एसएलआर–आर1–केओएए–बीएलजीटी–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 625; 22.03.2024 को 12:50:00; **एए/10;** 13161–एसएलआर–एफ1– केओएए–बीएलजीटी–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 625; 22.03.2024 को 13:00:00; **एए/11;** 13161–एसएलआर–एफ2–केओएए–बीएलजीटी–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 625; 22.03.2024 को 13:10:00; **एए/12;** 12363–एसएलआर–एफ1–केओएए–एचडीबी–23–2(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 313; 22.03.2024 को 13:20:00; **एए/13;** 19607–एसएलआर–एफ1–केओएए–एमडीजेएन–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 104; 22.03.2024 को 13:30:00; **एए/14;** 13185–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–जेवाईजी–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 13:40:00; **एए/15;** 13185–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–जेवाईजी–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 13:50:00; **एए/16;** 13173–एसएलआर–आर1–एसडीएएच–एजीटीएल–23–2(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 209; 22.03.2024 को 14:00:00; **एए/17;** 13169–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–एसएचसी–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 208; 22.03.2024 को 14:10:00;**एए/18;** 13175–एसएलआर–आर1–एसडीएएच–एससीएल–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 313; 22.03.2024 को 14:20:00; **एए/19;** 13175–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–एससीएल–23–2 (पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 313; 22.03.2024 को 14:30:00; **एए/20;** 12317–एसएलआर–एफ1–केओएए–एएसआर–22–2(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 104; 22.03.2024 को 14:40:00; **एए/21;** 12313–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एनडीएलएस–23–1(पार्सल–एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 22.03.2024 को 14:50:00; **रेट यूनिटः** क्रम सं. एए/1 से एए/21 हेतु प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क । **न्यूनतम वृद्धि (%):** प्रत्येक हेतु 0.2 SDAH-411/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं.– 68 ऑफ 2023–24/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। (i) निविदा सं.–43–डीडीयू–व.मं.इंजी.– ।।–23–24, कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर/।।/डीडीयू सेक्शन के अधीन विभिन्न स्थानों पर रोड़ सह रेल मोबाइल फलैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके साइट पर 60 के जी/90 यू टी एस/260 आर रेल की फलैश बट वेल्डिंग। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,70,05,418.11, (iii) धरोहर राशि : ₹2,85,000/–, (iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 01.04.2024 को 12:00 बजे तक। (v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in. नोट : हिन्दी पाठ में किसी प्रकार की असंगति पाए जाने पर अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। मंडल रेल प्रबन्धक /

पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/02468/डीडीयू/अभि./टी/23–24/32

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं– डी.डी.यू./ईएल/ग०श०/ई–निविदा/23–24/25 **दिनांकः 06.03.2024**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/ग०श०/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.सं : 01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं० डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/23–24/17 विषय :– डीडीयू/मंडल के अर्न्तगत डीडीयू एएनएच, वीएसवाईए और एमपीओ में रूफटॉप सोलर प्लांट का प्रावधान की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कूल लागत :** रु० 9229781,75, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 02.04.2024 15:00 बजे, **ई–निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

क्र.सं : 02, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं० डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/23–24/18 डीडीयू /मंडल के अर्न्तगत डीडीयू डीओएस और गया में सभी औद्योगिक इकाइयों में औद्योगिक सॉकेट, स्विचगियर्स और इलेक्ट्रिक सप्लाई गैजेट्स का प्रतिस्थापन की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कूल लागत :** रु० 7766004.60, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 02.04.2024 15:00 बजे, **ई–निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

क्र.सं : 03, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं० डी.डी.यू./ईएल/जी/ई/23–24/09 डीडीयू/मंडल के अर्न्तगत डीडीयू के अस्पताल, आरपीएफ बैरक, इलेक्ट्रिक ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल, डीआरएम बिल्डिंग, टीआरएस शेड, डीजल शेड, डीडीयू स्टेशन बिल्डिंग, डाउन सिक लाइन, रोड साइड स्टेशन के डेजर्ट कूलर के दोषपूर्ण घटकों के प्रतिस्थापन सहित डेजर्ट कूलर की मरम्मत, ओवरहालिंग, पेटिंग और कमीशनिंग की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत :** रु० 3494 10,52, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 02.04.2024 15:00 बजे, **ई–निविदा वेव साइट का विवरण : www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग०श०)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/02475/डीडीयूजीएस/ईजीईएन/टी/23–24/56

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

संक्षिप्त समाचार

लोकसभा चुनाव युवाओं के उज्जवल भविष्य और महान भारत की रचना के लिए है

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को महाराष्ट्र के जलगाँव में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि आने वाला लोकसभा चुनाव युवाओं के उज्जवल भविष्य और महान भारत की रचना के लिए है। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता शाह का मानना है कि भाजपा को वोट देने का मतलब है युवाओं का उज्ज्वल भविष्य, महान भारत की रचना और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना। यदि बीते 10 वर्षों पर एक सरसरी निगाह दौड़ाई जाए तो इस बात में कोई दो मत नहीं कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए स्पेस से लेकर सेमीकंडक्टर, डिजिटल से लेकर ड्रोन तक, से लेकर वैक्सीन तक और 5जी से लेकर फिनटेक तक के दरवाजे खोलने का अभूतपूर्व काम किया है। देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने से लेकर साल 2035 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने और साल 2036 में ऑलंपिक आयोजन से लेकर साल 2040 में चांद पर भारतीय एस्ट्रोनॉट भेजने तक का सफर इसलिए पूरा होगा क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। साल 2024 लोकसभा चुनाव की घड़ियाँ ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही है, चुनावी सरगर्मियाँ भी वैसे ही बढ़ती जा रही हैं। एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और भारतीय जनता पार्टी की जीत के साथ कमल का संदेश खिलाने के लिए शाह ने कमर कस ली है। भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह जब चुनावी तैयारी करते हैं तो विपक्षी भी उनके मुरीद हो जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद अमित शाह एकमात्र नेता हैं जिनकी चुनावी रैलियों में लाखों की भीड़ जुटती है। बीते 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में देश ने प्रगति और समृद्धि का अभूतपूर्व

कब्रिस्तान के पास टिन शेड में लगी आग, अंदर सो रहा युवक की जिंदा जला, मौत

लखनऊ, एजेंसी। लखनऊ में सिलेंडर ब्लास्ट हादसे के दो दिन बाद एक हादसा और हो गया। इस अग्निकांड में एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे के समय युवक टिन शेड के अंदर हो रहा था। टिन शेड में आग लगने से युवक आग की चपेट में आ गया और जलकर उसकी मौत हो गई। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। हादसा लखनऊ में माल एवेन्यू स्थित क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास हुआ। घटना गुरुवार देर रात हुई। शुक्रवार को तड़के सुबह कब्रिस्तान के पास स्थित टिन शेड में आग लग गई। टिन शेड के अंदर सोए युवक को संभलने का मौका नहीं मिला। आग तेजी से फैली और युवक उसकी चपेट में आ गया। आग की चपेट में आकर युवक जिंदा जल गया। आग लगने पर युवक ने चीखना-चिल्लाना शुरू किया। आस पास के लोगों ने उसकी चीखपुकार सुनी तो उसे बचाने की कोशिश की गई। आग लगने की जानकारी पुलिस को भी दी गई। मौके पर पुलिस और दमकल की एक गाड़ी पहुंची। आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने बताया कि हादसा अचानक होने की वजह से युवक बाहर नहीं निकल पाया और जलकर मौत हो गई। आग पर काबू पाने तक युवक की मौत हो चुकी थी। संभावना है कि आग अंदर मच्छरों से बचने को लगाई गई मच्छर कॉइल के कारण लगी है। एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत ने बताया कि शुक्रवार सुबह 4:50 बजे माल एवेन्यू स्थित आवास विकास कॉलोनी क्रिश्चियन कब्रिस्तान कंपाउंड के पास टिन शेड की बनी झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के तेवर पड़े नरम, बागियों से बातचीत का दिया सुझाव

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के बागी विधायकों के प्रति अपना रुख नरम दिखाया है। कांग्रेस आलाकमान के साथ बैठक के लिए दिल्ली जाने से पहले सुक्खू ने पिछले सप्ताह पार्टी के छह बागियों द्वारा उत्पन्न राजनीतिक संकट से बाहर निकलने के लिए 'बातचीत' का सुझाव दिया है। हालांकि, कुछ दिन पहले सुक्खू ने सोलन में एक जनसभा में इन बागियों को 'काले नाग' तक कह दिया था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिलें को दी करोड़ों की योजनाओं की सौगात

- हल्द्वानी में किया 778 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास।
- काठगोदाम बस टर्मिनल से पूरे कुमाऊं के लोगों को मिलेगा लाभ : मुख्यमंत्री
- हल्द्वानी जैसी हिंसा दुबारा न हो इसके लिये सरकार ने उठाए कड़े कदम।
- देवभूमि के स्वरूप को किसी भी हालत में बदलने नही दिया जायेगा।
- देहरादून व हल्द्वानी में स्थापित होगा मोटर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट।

सुनील तिवारी | देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हल्द्वानी में 778.14 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया, जिसमें काठगोदाम रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय व अन्य योजनायें शामिल हैं। महाशिवरात्रि व महिला दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप किसी भी कीमत पर बिगड़ने नही दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा घटना को अंजाम देने वाले एक-एक दंगाई को जब तक सलाखों के पीछे नहीं डाल दिया जाता, तब तक हमारी सरकार चैन से नहीं बैठेगी। जिन लोगों ने कानून के काम को रोकने का कार्य किया है जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ जांच होगी। उन्होंने कहा प्रदेश में जिन लोगों ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुचाया है वसूली भी उन्ही दंगाइयों से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय, ड्राइविंग सेंटर सहित यह निर्माण कार्य कई साल पहले तैयार हो जाने चाहिए थे, लेकिन सरकार द्वारा तमाम ऐसे कार्य किये जा रहे हैं, जो पूर्व की सरकारों ने इच्छाशक्ति की कमी के कारण नहीं हो पाये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाभार्थियों को चेक प्रदान किये गये। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत 10 स्वयं सेवी संस्थाओं को 4 करोड़ 6 लाख 50 हजार के चेक प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत जनपद की 40 बालिकाओं 10-10 हजार के चेक दिये गये। समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल तथा 10 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर दी गई। कृषि विभाग के 25 कृषको को सम्मानित किया गया। बनभूलपुरा घटना में पत्रकारों के दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से 10 लाख का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर ईजा बैंणी महोत्सव पर आधारित वीडियो भी मुख्यमंत्री द्वारा लांच की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि जैसे पवित्र भूमि पर लंबे समय से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का खतरनाक षड़यंत्र रचा जा रहा है। सिंचाई विभाग, वन विभाग, नगर निगम सहित अन्य विभागों की सरकारी भूमि पर कब्जे की नीयत से कथित धार्मिक स्थल बनाकर उन्हें कब्जाया जा रहा था। सरकार द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाकर लगभग 3500 एकड अधिक भूमि से अतिक्रमण मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में अतिक्रमण अभियान भविष्य में भी चलता रहेगा। सरकार जनता का दुख दर्द समझती है सरकार द्वारा व्यापारियों हेतु वैडिंग जोन बनाये जा रहे हैं की भी बात मुख्यमंत्री ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य हित में नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता और धर्मांतरण को लेकर कानून बनाये गये हैं, इससे युवाओं, महिलाओं के हित सुरक्षित होने के साथ देवभूमि के स्वरूप को बनाये रखने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार द्वारा केवल फैसले ही नहीं लिये जा रहे है, बल्कि सभी योजनाओं को धरातल पर भी उतारा जा रहा है। सरकार द्वारा जिन योजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है समयावधि के भीतर उन योजनाओं को पूर्ण कर लोकार्पण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा आज रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय व अन्य कार्यों का शिलान्यास उनके द्वारा किया गया है मां शीतला देवी के आर्शीवाद से लोकार्पण भी उन्ही के द्वारा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा हमेशा से ये लक्ष्य रहा है कि उत्तराखण्ड का सर्वांगीण विकास हो और उत्तराखंड प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम उत्तराखंड के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिनरात प्रयासरत हैं। सरकार का लक्ष्य विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, इसके लिए ही सरकार दिन-रात प्रयत्नशील हैं। विकसित उत्तराखंड निर्माण का जो स्वप्न हमने देखा है, उसके लिए हम ''स्पष्ट विजन'' के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारी नीति और नियत दोनों स्पष्ट हैं, जिससे हम राज्य की विकास यात्रा निरंतर आग बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में इन्फ्रास्क्टचर, पर्यावरण सुरक्षा एवं आधुनिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विकास के लिए भी विशेष अभियानों का संचालन किया जा रहा है। राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए, राज्य में पलायन को रोकने के लिए, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए और राज्य की आधारभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए सरकार द्वारा नीतिगत योजनाओं का खाका तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय, ड्राइविंग स्कूल का निर्माण होने से जहां रोजगार के अवसर बढेंगे, वही इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अब आम जनता को वाहनों से सम्बन्धित कार्यों के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने का जो ''विकल्प रहित संकल्प'' हमने लिया है। उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता के विश्वास और सहयोग से हम निश्चित रूप से सफल होंगे। अपने सम्बोधन में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आज प्रदेश में विकास की लहर चल रही है और प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा हल्द्वानी शहर की फिजा भी परिवर्तित होने वाली है। देश के प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखण्ड के लिए अनेकों कार्यों का जो संकल्प लिया है जल्द ही धरातल पर उतरने वाले है। कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, डा0 मोहन सिंह बिष्ट, सरिता आर्या, रामसिंह कैडा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री डा0 अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भटट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, पूर्व मेयर डा0 जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, सचिव परिवहन अरविंद सिंह हयांकी, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी पीएन मीणा, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा के साथ ही बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

10 मई को खुलेंगे ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट

उखीमठ/रूद्रप्रयाग। विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट इस यात्रा वर्ष शुक्रवार 10 मई को प्रातःसात बजे खुलेंगे। तथा 5 मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भैरवनाथ जी की पूजा सपन्न होगी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति 6 मई को पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी विभिन्न पड़ावों से होकर 9 मई शाम को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। आज शिवरात्रि के पर्व पर श्री बदरीनाथ- केदारनाथ-मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में रावल आचार्य- वेदपाठियों ने श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा- अर्चना,विधि-विधान, पंचांग गणना पश्चात श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की। इस दौरान श्री औकारेश्वर मंदिर को 11 क्विंटल फूलों से सजाया गया था दानीदाताओ ने श्रद्धालुओं हेतु भंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने श्रद्धालुओ को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी, कहा कि बीते यात्राकाल में रिकार्ड तीर्थ यात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार तथा मंदिर समिति यात्री सुविधाओ हेतु प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है शीघ्र ही मंदिर समिति का दल केदारनाथ पहुंचकर यात्रा पूर्व तैयारियों का जायजा लेगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि आज ही भगवान केदार नाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति के पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान करने का कार्यक्रम भी घोषित किया गया। कार्यक्रम के अनुसार 5 मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भैरवनाथ जी की पूजा सपन्न होगी।भगवान केदारनाथ की पंचमुखी भोगमूर्ति 6 मई को श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विभिन्न पड़ावों से होते हुए केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी। दिनांक 6 मई को प्रथम पड़ाव गुप्तकाशी 7 को द्वितीय पड़ाव फाटा 8 मई को तृतीय पड़ाव गौरीकुंड तथा 9 मई शाम को पंचमुखी डोली श्री केदारनाथ धाम पहुंच जायेगी। तथा शुक्रवार 10 मई प्रातः 7 बजे सुबह श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुल जायेंगे।

श्री केदारनाथ द्वितीय केदार श्री मदमहेश्वर मंदिर लिए पुजारीगणों को कार्य दायित्व दिया गया। श्री केदारनाथ धाम हेतु शिवशंकर लिंग पूजा का दायित्व संभालेंगे। जबकि श्री मदमहेश्वर हेतु टी गंगाधर लिंग पूजा का दायित्व निभायेंगे। श्री बागेश लिंग अतिरिक्त में रखे गये हैं। शिव लिंग चपटा श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा-अर्चना करेंगे। आज कपाट खुलने की तिथि तय होने के समय श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय, सीमांत विकास परिषद के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट पंचगाई हकहकूकधारी सहित केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सदस्य वीरेंद्र असवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, डा.हर्षवर्धन बेंजवाल, धर्माचार्य औकार शुक्ला, वेदपाठी मैठाणी, विश्वमोहन जमलोकी स्वयंबंर सेमवाल,पुजारी शिव शंकरलिंग, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रशासनिक अधिकारी रमेश नेगी, प्रमोद बगवाड़ी, विपिन तिवारी, देवी प्रसाद तिवारी,कुलदीप धर्म्वाण, विदेश शैव आदि मौजूद रहे।

नकली दवाइयां बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, हिमाचल से गाजियाबाद और रुड़की तक फैला नेटवर्क; 10 गिरफ्तार

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली दवाइयां बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह मधुमेह, माइग्रेन से लेकर एंटीबायोटिक जैसी नकली दवा बाजारों में उपलब्ध कराता था। पुलिस ने शामली और गाजियाबाद में फैक्टरी में छापामार की दस लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर करोड़ों रुपये कीमत की नकली दवाइयां बरामद की गई हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में कच्चा माल, पैकेजिंग सामग्री और मशीनरी पार्ट्स भी जब्त किए हें। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह के तार दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत कईराज्यों से जुड़े हैं।

क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े दस आरोपियों में दो सरगना और थोक विक्रेताओं समेत फार्मासिस्ट भी शामिल हैं। इनके पास से अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की करोड़ों रुपये कीमत की जीवन रक्षक नकली दवाएं (दर्द निवारक, मधुमेह, एंटीबायोटिक्स और माइग्रेन) बरामद की हैं। क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी संजय भाटिया ने बताया कि आरोपियों में विकास चौहान, सुरेंद्र मलिक, परवेज़ खान, उपकार सिंह उर्फ मणि, जसदीप सिंह, अब्दुल बासित, दानियाल अली, मुकेश कुमार, अनिल कुमार और चंद्रपाल सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी दिल्ली और हरियाणा के रहने वाले हैं।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी ने बताया कि दिल्ली के बाजारों में नकली दवाइयों की सप्लाई किए जाने का इनपूट मिला था। मामले की जांच के लिए एक टीम को लगाया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी उपकार और मुकेश एनसीआर के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर नकली दवा सप्लाई करते हैं। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने कई स्थानों पर छापा मारने के लिए टीम को तीन हिस्सों में बांटा। तिलक मार्ग इलाके में एक इको वैन को रोककर उपकार और जसदीप को दबोचा लिया। तलाशी के दौरान वैन से (कुल 44,530) नकली अल्ट्रासेट टैबलेट, एमारिल 1एम टैबलेट, ग्लूकोनोर्म टैबलेट, डेफकॉर्ट टैबलेट बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बरामद दवा नकली होने और इस धंधे में शामिल अब्दुल बासित और विकास के नाम का खुलासा लिया, जबकि क्राइम ब्रांच की दूसरी टीम ने उत्तम नगर निवासी मुकेश चंद को पकड़ा। उसके घर से नकली दवा की 730 टैबलेट बरामद की गई। इसके अलावा तीसरी टीम ने आरोपी अब्दुल बासित, परवेज और डेनियल अली को यमुनापार के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से नकली दवा की 5700 टैबलेट जब्त की। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी स्थित एक फैक्टरी में अनिल कुमार (सुरेंद्र मलिक का कर्मचारी) नकली दवाइयां बनाता है। इसके बाद मेसर्स अग्रवाल आयुर्वेदिक की फर्जी फर्म बिलिंग के नाम पर कूरियर यानी निटको रोडवेज के माध्यम से हिमाचल के सुंदर नगर से पानीपत, हरियाणा तक पहुंचाया जाता था। आरोपी परवेज ने मैसर्स अग्रवाल आयुर्वेदिक के नाम से एक नकली मोहर तैयार कर रखी थी। वह पानीपत से नकली दवाइयां इकट्ठा करता था। इसके बाद वह फार्मेसी में डिप्लोमाधारी डेनियल अली को बेचता था। वहीं, डेनियल अली चूंकि कोई दुकान नहीं चलाता था।

डायबिटीज और माइग्रेन की नकली दवाएं बेचने वाला गैंग धरा, 10 गिरफ्तार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली दवाइयां बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। यह गैंग डायबिटीज, माइग्रेन से लेकर एंटीबायोटिक जैसी नकली दवा बाजारों में सप्लाई कराता था। पुलिस ने शामली और गाजियाबाद में फैक्ट्री में छापामार की दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह के तार दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से जुड़े हैं। आरोपियों की निशानदेही पर करोड़ों रुपये कीमत की नकली दवाइयां बरामद की गई हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में कच्चा माल, पैकेजिंग सामग्री और मशीनरी पार्ट्स भी जब्त किए हें। क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े दस आरोपियों में दो सरगना और थोक विक्रेताओं समेत फार्मासिस्ट भी शामिल हैं। इनके पास से अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की करोड़ों रुपये कीमत की जीवन रक्षक नकली दवाएं (दर्द निवारक, मधुमेह, एंटीबायोटिक्स और माइग्रेन) बरामद की हैं। क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी संजय भाटिया ने बताया कि आरोपियों में विकास चौहान, सुरेंद्र मलिक, परवेज़ खान, उपकार सिंह उर्फ मणि, जसदीप सिंह, अब्दुल बासित, दानियाल अली, मुकेश कुमार, अनिल कुमार और चंद्रपाल सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी दिल्ली और हरियाणा के रहने वाले हैं। इनपुट पर तीन टीमों ने खुलासा किया क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी ने बताया कि दिल्ली के बाजारों में नकली दवाइयों की सप्लाई किए जाने का इनपूट मिला था। मामले की जांच के लिए एक टीम को लगाया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी उपकार और मुकेश एनसीआर के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर नकली दवा सप्लाई करते हैं।

जेपी विश टाउन के 20000 फ्लैट निर्माण का रास्ता खुला, एनसीएलएटी ने दी मंजूरी

नईदिल्ली, एजेंसी। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सुरक्षा समूह को जेपी विश टाउन में रुकी हुई परियोजनाओं का निर्माण शुरू करने की अनुमति दे दी है। इससे करीब 20 हजार से अधिक फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी। यमुना प्राधिकरण और सुरक्षा समूह को अगली सुनवाई तक मुद्दे का निपटारा करने को कहा गया है। यदि दोनों के बीच सहमति नहीं बनती है तो मामले की अगली सुनवाई योग्यता के आधार पर होगी और फैसला सुनाया जाएगा। वहीं, यमुना प्राधिकरण ने संबंधित मसौदा तैयार कर शासन को भेज दिया है। दरअसल, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की परियोजनाओं का सुरक्षा समूह ने मार्च 2023 में अधिग्रहण किया था। जेपी इंफ्राटेक से प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा के लिए 1689 करोड़ रुपये आदि मुद्दे को लेकर बातचीत न बनने पर यमुना प्राधिकरण ने एनसीएलटी कोर्ट में चुनौती दी थी। प्राधिकरण ने मांग की थी कि सुरक्षा समूह किसानों को दिए जाने वाले अतिरिक्त मुआवजे के लिए 1689 करोड़ रुपये का भुगतान एक बार में करे। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद सुरक्षा समूह कुछ छूट की मांग करते हुए अतिरिक्त मुआवजा देने पर सहमत हुआ। यीडा ने कंपनी के मसौदे को आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेज दिया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। यमुना प्राधिकरण ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल में भी चुनौती दी थी। इसमें मुख्य दावा जेपी इंफ्राटेक से प्रभावित किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा के लिए 1689 करोड़ रुपये को लेकर था।

पवार परिवार में नई सियासी तकरार! सुप्रिया सुले के गढ़ में अजित की पत्नी होंगी उम्मीदवार

मुंबई, एजेंसी।
महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने चाचा शरद पवार के गढ़ में सेंध का प्लान बनाया है। मंगलवार को पार्टी ने कहा कि अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती से लोकसभा चुनाव उम्मीदवार बनाया जाएगा। खास बात है कि इस सीट पर सीनियर पवार की बेटी सुप्रिया सुले सांसद हैं। हालांकि, गठबंधन की तरफ से आधिकारिक उम्मीदवार का ऐलान बाकी है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा, एनसीपी कार्यकर्ताओं का मानना था कि पार्टी को उन क्षेत्रों में लड़ना चाहिए, जहां उसकी मजबूत उपस्थिति है। सत्तारूढ़ गठबंधन में एनसीपी बारामती से चुनाव लड़ेगी। एक बार अंतिम फैसला लिए जाने के बाद सुनेत्रा पवार बारामती से उम्मीदवार हो जाएंगी।

खबरें हैं कि एनसीपी राज्य की 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। मंगलवार को एनसीपी ने इन सीटों की दो दिवसीय समीक्षा भी शुरू कर दी है। अगर सुनेत्रा यहां से आधिकारिक उम्मीदवार होती हैं, तो उनका सीधा मुकाबला सीनियर पवार की बेटी और अजित की चचेरी बहन सुप्रिया सुले से हो सकता है। हालांकि, अब तक शरद पवार कैंप ने भी उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है।

हालांकि, सुनेत्रा पवार की उम्मीदवारी को लेकर लंबे समय से चर्चाओं का दौर जारी था। वह लगातार क्षेत्र में दौरे कर रही थीं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रही थीं। तटकरे के इस ऐलान को एनसीपी की महाराष्ट्र में पहली आधिकारिक घोषणा माना जा रहा है। तटकरे का कहना है, अजित पवार ने बीते 40 सालों में बारामती के विकास के लिए काफी योगदान दिया है। भारतीय जनता पार्टी-शिवसेना-एनसीपी की तरफ से अब तक महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया गया है।

बाबा खाटू श्याम लक्खी मेला 11 मार्च से, इस बार पूरे मेला क्षेत्र को आठ सेक्टर में बांटा गया

सीकर, एजेंसी।
राजस्थान की सीकर जिला स्थित खाटूधाम में 11 मार्च से भरने वाले 11 दिवसीय फाल्गुनी लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर अब प्रशासन मैराथन तैयारी शुरू कर दी है। इस बार पूरे मेला क्षेत्र को आठ सेक्टर में बांटा गया है। 10 मार्च की शाम से रींगस-खाटू मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। मेले में लगने वाले भंडारों की अनुमति मेला मजिस्ट्रेट जारी करेंगे। अवैध भंडारों व मार्गों पर अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए तहसीलदार के नेतृत्व में एक टीम निगरानी रखेगी। मेले के दौरान डीजे पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। पालिका को सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। रींगस से खाटू रोड पर पदयात्रा मार्ग से अतिक्रमण को हटाने व सफाई व्यवस्था के लिए कलक्टर ने पालिका, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों, पुलिस व मंदिर कमेटी आदि को दर्शन मार्ग, चिकित्सा, सड़क, पानी, सुलभ, अग्निशमन आदि व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

ऐसे समझें लक्खी मेले की नई

व्यवस्थाओं को

कलक्टर ने कहा कि मेला अवधि में सरकारी वाहन पार्किंग शुल्क निशुल्क रहेगा। रींगस रोड पर सभी वाहनों का सरकारी पार्किंग 52 बीघा में रहेगी। पालिका पार्किंग ठेकेदार सौरभ महला ने पार्किंग निशुल्क करने से नुकसान होने की बात कही। इस पर कलक्टर ने कहा कि हर मेले में पार्किंग निशुल्क होती है। उन्होंने पालिका को पार्किंग स्थल पर सुलभ शौचालय व पानी की व्यवस्था करने व रोशनी के लिए हाइमास्ट लाइट के लिए पीडब्ल्यूडी व पालिका को निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि हादसों को रोकने व परेशानी से बचने के लिए इसबार मेले में आठ फीट से ऊंचे निशान पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। पुलिस के निर्देशन में टीम रींगस-खाटू आदि स्थानों पर बड़े निशान बेचने वालों को भी पाबंद करेगी। उन्होंने बताया कि लक्खी मेले में इत्र की कांच की छोटी शीशी पर मेले सहित अन्य दिनों पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी।

विचार-मंथन

संपादकीय

एआई पर संतुलन की जरूरत

गूगल के एआई प्लैटफॉर्म जेमिनाय की ओर से दिए गए गलत और आपत्तिजनक जवाबों से उपजा विवाद एक तरह से खतरे की घंटी है। बेशक, इस मामले में गूगल ने माफी मांग ली है, लेकिन एआई के पूर्वाग्रहों से जुड़ा यह मसला बड़ा है। चाहे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर पूछा गया सवाल हो या अमेरिका में डेमोक्रैटिक और रिपब्लिकन दलों से जुड़ा प्रश्न या द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी सैनिक बनाने की बात- जेमिनाय के रेस्पॉन्स ने अगर सनसनी फैलाई तो वह स्वाभाविक था। लेकिन ध्यान में रखने की बात यह है कि ये सिर्फ कुछ उदाहरण ही हैं। ज्यादा महत्वपूर्ण इस एआई प्लैटफॉर्म की फंक्शनिंग में निहित वे गड़बड़ियां हैं, जिनकी ओर ये संकेत कर रहे हैं। वैसे, इस तरह के मामले सिर्फ किसी एक कंपनी या खास एआई प्लैटफॉर्म तक भी सीमित नहीं है। अगर कोई एक प्लैटफॉर्म किसी एक मामले में गड़बड़ी करता है तो दूसरा किसी और मामले में कर सकता है। अब तक के अनुभव बताते हैं कि एआई पर संदेह करने के ठोस कारण हैं। मिसाल के तौर पर, एमेजॉन द्वारा 2014 में बनाए गए एक एआई बेस्ड इवैल्यूएशन टूल का जिक्र किया जा सकता है, जिसे 2018 में हटा दिया गया था। पहले की नियुक्तियों से जुड़े डेटा के आधार पर यह क्वॉलिफाइड कैंडिडेट्स के पूल से महिलाओं को बाहर करना सीख गया था। खास बात यह है कि ऐसे एआई टूल के सिस्टम से पुराने पूर्वाग्रहों को दूर करने की प्रक्रिया में भी एक खतरा है। यह सिस्टम पुराने पूर्वाग्रहों को छोड़ने के क्रम में नए पूर्वाग्रहों को अपना सकता है, जिनका पता लगाना और उन्हें दूर करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया साबित हो सकती है। वैसे, इसके लिए एआई सिस्टम को या उसकी फंक्शनिंग को पूरा दोष नहीं दिया जा सकता। बड़ा सवाल यह है कि इसे फीड कैसे किया जा रहा है? इसे जरूरी डेटा कहां से मिल रहा है? किताबों और अकैडमिक पेपर्स जैसे प्रामाणिक स्रोत कम पड़ जाते हैं। उसके बाद विकिपीडिया और ब्लॉग जैसे स्रोतों पर इन प्लैटफॉर्म्स को निर्भर किया जाता है। कहा जा सकता है कि ये सारे पूर्वाग्रह मूलत: समाज के अंदर ही हैं। लेकिन इस आधार पर इन्हें मान्य नहीं ठहराया जा सकता। यह जरूर है कि समाज के बड़े हिस्सों में इन पूर्वाग्रहों के कायम रहते एआई से उन्हें हटाना खासा चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है। बहरहाल, एआई को जितनी अहमियत मिल रही है, जिस तरह की उम्मीदें यह पैदा कर रही है और आने वाले वर्षों में आम जनजीवन में उसकी जितनी बड़ी भूमिका बनती दिख रही है, लेकिन इसके साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी नीतिगत सख्ती की वजह से इसकी ग्रोथ प्रभावित न हो और इसकी खूबियों को न भुलाया जाए।

विदेशी महिला से यौन हिंसा शर्मनाक

झारखंड के दुमका में एक विदेशी महिला से बलात्कार और मारपीट की घटना न सिर्फ अपराधियों के बेलगाम होते जाने, बल्कि कानून-व्यवस्था खोखला होने का सबूत है। इसमें आरोपियों ने जिस तरह पीड़ित महिला के खिलाफ यौन हिंसा की, उससे यही लगता है कि उस इलाके में पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं था। हालांकि जब मामला पुलिस के पास पहुंचा तो वह सतर्क हो गई और अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की बात कही जा रही है। मगर विडंबना है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती और जनआक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार और प्रशासन की नींद क्यों खुलती है। यही सक्रियता अगर सामान्य स्थितियों में भी कायम रहे, तो शायद किसी आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के भीतर कानूनी कार्रवाई का डर बन सकता है और इस तरह कई अपराधों को पहले ही रोका जा सकता है। अफसोसनाक यह है कि भारत की 'अतिथि देवो भव' की परंपरा का गुणगान करते हुए दुनिया भर के लोगों से यहां आने का आग्रह किया जाता है। मगर विदेश से भारत घूमने आए पर्यटकों के साथ कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिन्हें उदाहरण मान कर खासतौर पर महिलाओं के लिहाज से यहां असुरक्षित और खतरनाक माहौल होने की बात कही जाती है। स्पेन की महिला के साथ जो हुआ, उससे एक बार फिर उसी धारणा की पुष्टि हुई है। सवाल है कि परदेस में भारत की ऐसी छवि न बने, इसके लिए यहां की सरकारें, पुलिस प्रशासन और आम लोग अपने स्तर से क्या करते हैं! आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से किसी विदेशी के भारत में आने और उसके साथ किए जाने वाले व्यवहार की अहमियत समझने की उम्मीद बेमानी है। यों किसी भी महिला के खिलाफ यौन हिंसा को लेकर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने और उसे गंभीर अपराधों की श्रेणी में दर्ज किया जाना अनिवार्य होना चाहिए।

संरक्षण हटते ही घुटने टेकते अपराधी

(विभूति नारायण राय, पूर्व आइपीएस अधिकारी)

देश को संदेशखाली से क्या संदेश ग्रहण करना चाहिए? पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के घर पर हमला कर उसके परिवारी जनों को अपनी जान बचाकर भागने पर मजबूर कर दिया। यही कार्रवाई इसका दायां हाथ माने जाने वाले सर्दार और शिबू हाजरा के साथ भी हुई। शेख शाहजहां के आतंक का तिलिस्म जितनी आसानी से टूट गया, उससे एक बात तो साबित हो गई कि सत्ता का संरक्षण हटते ही बड़े-बड़े फन्ने खां भी पानी मांगने लगते हैं। संरक्षण के चलते ही कुछ दिन पहले इन्हीं गुंडों ने ईडी के अधिकारियों को न सिर्फ शेख शाहजहां के घर की तलाशी नहीं लेने दिया, बल्कि उनके साथ मारपीट भी की थी। पश्चिम बंगाल पुलिस पर आरोप लगा कि उन्होंने ईडी अधिकारियों की जगह इन गुंडों का ही साथ दिया था। अदालत में शेख की पेशी की छवियां कानून का सम्मान करने वाले किसी भी नागरिक को विचलित कर सकती हैं। वह पुलिस की टुकड़ी के बीच किसी राजनेता की तरह मुस्कराते और अपने समर्थकों का अभिवादन हाथ हिलाकर स्वीकार करते हुए न्यायाधीश के कमरे में प्रवेश कर रहा है। सत्ता दल का समर्थक होने के कारण शेख के साथ पुलिस का व्यवहार किसी आदरणीय को दिए जाने वाले सम्मान से लबरेज है। शेख शाहजहां की राजनीतिक यात्रा में ही संदेशखाली का संदेश निहित है। यह व्यक्ति बांग्लादेश से संदेशखाली आया था और आपराधिक गतिविधियों के चलते उसे पुलिस से संरक्षण की जरूरत थी। इसके लिए वह सत्तारूढ़ दल सीपीएम में सक्रिय हुआ। सीपीएम के सत्ताच्युत होने के बाद स्वाभाविक ही था कि नए सत्ता दल तृणमूल कांग्रेस में चला गया। इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि अपराधियों और राजनीतिक दलों के बीच इसी तरह के रिश्ते बनते-बिगड़ते रहते हैं। ऐसे ही एक घटनाक्रम में 2007 के नंदीग्राम कांड के खलनायक तत्कालीन सत्तारूढ़ दल सीपीएम के तीन बार के सांसद और विधायक रहे लक्ष्मण सेठ ने बुरा वक्त आते ही उसे छोड़कर कांग्रेस, भाजपा और तृणमूल में आवाजाही करने में कोई संकोच नहीं किया। न ही किसी दल को इस आधार पर उससे कोई परेशानी महसूस हुई कि वह अपने क्षेत्र का कुख्यात बाहुबली रहा है। संदेशखाली का यह संदेश संसदीय लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। यह इसलिए और भी चिंताजनक है कि यह पश्चिम बंगाल से आ रहा है। एक दौर था, जब कहा जाता था कि कोलकाता जो आज सोचता है, वह भारत के कल की सोच बनती है- 'व्हॉट कोलकाता थिंक्स टुडे इंडिया थिंक्स टुमॉरो।' इस एक वाक्य में बंगाल की बौद्धिकता और रचनात्मकता के प्रति पूरे देश का सम्मान निहित था। 1970 के दशक से ऐसा क्या हुआ कि यही बंगाल आपराधिक राजनीति का केंद्र बन गया है? रूपांतरण की यह पूरी प्रक्रिया एक लंबे समाजशास्त्रीय अध्ययन का विषय हो सकती है, पर मैं यहां सिर्फ एक ऐसे कारक का उल्लेख करना चाहूंगा, जो अन्यथा तो जमीनी लोकतंत्र को मजबूत करने वाला होना चाहिए था, पर पश्चिम बंगाल के मामले में ठीक उल्टा हुआ। देश के दूसरे हिस्सों में सत्ता का विकेंद्रीकरण तीन स्तरों पर हुआ, पर यहां राजनीतिक कार्यकर्ताओं के रूप में सत्ता में भागीदारी के लिए एक चौथा तबका भी तैयार हो गया। शुरुआत वाम दलों से हुई, जिनकी ग्राम और मोहल्ला कमेटियां बनाई तो गई थीं सरकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और अधिकारियों पर नजर रखने के लिए, पर धीरे-धीरे वे भ्रष्टाचार और अपराध का केंद्र बन गईं। कुछ ही वर्षों में हालात ऐसे हो गए कि शहरों में मध्यवर्ग को अगर अपनी रिहाइश के लिए मकान बनवाना होता, तो मोहल्ला कमेटियों के लिए निर्माण की लागत का कुछ हिस्सा अलग रखना होता था। गांवों में भूमि विवादों का निपटारा वहां की कमेटियां करतीं, जो इसके लिए अपना हिस्सा वसूलतीं। शुरू में जरूर पार्टियों के ईमानदार कार्यकर्ता कमेटियों में लिए गए, पर जल्द ही तिकड़मबाज और बाहुबली इनमें भर गए और उन्हीं का वर्चस्व हो गया। सत्तारूढ़ मोर्चे के घटकों ने इनका इस्तेमाल मतदान बूथों पर कब्जे के लिए भी करना शुरू कर दिया। बंगाल में ही हमने बूथ कैप्चरिंग के सबसे जबर्दस्त प्रयोग देखे। ईवीएम आने के बाद भी स्थिति में बहुत फर्क नहीं आया। मोहल्ले और गांवों के जमीनी कार्यकर्ताओं की इनमें बड़ी भूमिका थी। शेख शाहजहां ऐसा ही एक जमीनी कार्यकर्ता है।

सत्ता से बाहर इनकी स्थिति पानी बिना मीन जैसी होती है। निराशाजनक सिर्फ यह नहीं है कि बंगाल जैसे प्रांत की राजनीति में अपराधियों का वर्चस्व हो गया है, ज्यादा चिंताजनक है कि देश के दूसरे हिस्सों में भी अपराधियों और राजनीतिक दलों के रिश्तों में कोई खटास नहीं दिखती है। बिहार में हाल के सत्ता-परिवर्तन में बाहुबलियों की भूमिका छिपी नहीं है।

संदेशखाली का संदेश यह भी है कि सत्ता जाते ही ये तथाकथित जमीनी कार्यकर्ता फौरन अपना रंग बदल देते हैं। संदेशखाली व सिंगुर जैसे इलाकों में सीपीएम की कमेटियां ही तृणमूल में चली गईं। मुझे कोलकाता के अपने एक लेखक मित्र का अनुभव बड़ा दिलचस्प लगा। उन्होंने अपनी तीन दशकों की सरकारी नौकरी की बचत से एक मकान बनवाने का जब इरादा किया, तो वाम की सरकार थी। वह खुद एक प्रगतिशील लेखक थे, इसलिए उन्हें विश्वास था कि अपने परिचित वामपंथी नेताओं की मदद के चलते उन्हें स्थानीय कमेटी को 'टैक्स' नहीं देना पड़ेगा, पर थकाऊ भागदौड़ से निराश होकर उन्होंने प्रचलित परंपरा के अनुसार, अपनी मेहनत की कमाई का एक हिस्सा मोहल्ले के दादा को देना मान लिया। अभी उनका मकान आधा अधूरा ही था कि सरकार बदल गई। अगली बार जो लोग अपना हिस्सा वसूलने आए, वे पुराने चेहरे ही थे, पर इस बार उनकी मोटरसाइकिलों पर सीपीएम के नहीं, तृणमूल के झंडे लगे थे। इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि बीच-बीच में जब मीडिया राज्य में तृणमूल के कमजोर होने और भाजपा के मजबूत होने की खबरें चलाने लगता है, तो स्थानीय कमेटियों के बाहुबलियों के दलबदल की अफवाहें भी उड़ने लगती हैं। सत्ता से बाहर इनकी स्थिति पानी बिना मीन जैसी होती है। निराशाजनक सिर्फ यह नहीं है कि बंगाल जैसे प्रांत की राजनीति में अपराधियों का वर्चस्व हो गया है, ज्यादा चिंताजनक है कि देश के दूसरे हिस्सों में भी अपराधियों और राजनीतिक दलों के रिश्तों में कोई खटास नहीं दिखती है। बिहार में हाल के सत्ता-परिवर्तन में बाहुबलियों की भूमिका छिपी नहीं है। उत्तर प्रदेश में कुछ की समय पूर्व किसानों की भीड़ पर अपनी कार चढ़ा देने वाले एक मंत्री पुत्र की अदालत में पेशी के समय की छवियों को देखकर क्या आपको संदेशखाली के अभियुक्त शेख शाहजहां की आत्मविश्वास से भरपूर प्रफुल्लित छवि की याद नहीं आती? दोनों पुलिस और कानून को अपना चाकर मानते दिखते हैं।

जनता पूछ रही है- कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के रिश्ते को क्या नाम दें?

(राकेश सैन)

रोचक है कि चुनावों में प्रचार के दौरान पंजाब में कांग्रेस जहां भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार को कोसेगी और अरविंद केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को उछालेगी वहीं दोनों दल दूसरे राज्यों में एक-दूसरे की पीठ खुजाएंगे। देश में लोकसभा चुनावों की तैयारी को लेकर 'इंडी' गठजोड़ के तहत कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबन्धन हो चुका है। देश के अन्य हिस्सों जैसे दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और गोवा में दोनों दल मिल कर चुनाव लड़ेंगे जबकि पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ। इस अजीबो-गरीब गठजोड़ को देख कर हास्य अभिनेता कादर खान की उस फिल्म में कॉमेडी का स्मरण हो आया जिसमें प्रेमी की माँ और प्रेमिका का बाप भी एक दूसरे के चक्कर में पड़ कर शादी कर बैठते हैं। अब इस रिश्ते से प्रेमी अपनी प्रेमिका का भाई हो गया और उसका अपना पिता उसका ससुर भी बन गया। प्रेमिका भी अपनी माँ को सासू कहे या मम्मी, उसे समझ नहीं आ रहा था। परिवार में इन दोनों जोड़ियों के होने वाले बच्चों के सामने समस्या पैदा हो गई कि कौन किसको किस रिश्ते से पुकारे? इसी तर्ज पर उक्त राजनीतिक गठजोड़ को देख कर यह बात सत्य साबित हो गई है कि देश में नई तरह की राजनीति का वायदा करके आए अरविंद केजरीवाल ने वास्तव में नया कर दिखाया है। हालांकि इस तरह के बेमेल गठजोड़ अतीत में भी कुछ स्थानों पर होते रहे हैं परन्तु राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार यह बेर और केर का साथ चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ चले अन्ना हजारे आन्दोलन से उपजी आम आदमी पार्टी अब उसी के पक्ष में दिखाई दे रही है। रोचक है कि चुनावों में प्रचार के दौरान पंजाब में कांग्रेस जहां भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार को कोसेगी और अरविंद केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को उछालेगी वहीं दोनों दल दूसरे राज्यों में एक-दूसरे की पीठ खुजाएंगे। केंद्र में अगर सत्ता परिवर्तन होता है तो यहां के सांसद चाहे वह कांग्रेस के हों या आप के एक साथ सरकार में बैठेंगे और भाजपा सरकार बनी रहती है तो विपक्ष में गलबहियां डाले दिखेंगे, यानि हमीं से मुहब्बत हमीं से लड़ाई- अरे मार डाला दुहाई दुहाई। पंजाब में इस रिश्ते को फिक्स मैच या नूरा कुश्ती का नाम दिया जाने लगा है। कल 1 मार्च को पंजाब विधानसभा में शुरू हुए बजट सत्र के दौरान कांग्रेस ने पंजाब में शंभू सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन में मारे गए युवक को लेकर आप की सरकार को घेरा तो सत्तापक्ष ने कांग्रेस पर पलटवार किया। भाजपा ने इसे फिक्स मैच बता कर उपहास किया है और कहा है कि किसानों के खिलाफ दोनों अंदर से मिले हुए हैं। इस बेमेल खिचड़ी गठबन्धन को लेकर एक कहानी सुनाई जाने लगी है कि जैसे बाढ़ के समय जान बचाने के लिए अपनी दुश्मनी भुला कर हर तरह के जीव-जन्तु ऊंचाई वाली जगह पर एकत्रित हो जाते हैं परन्तु पानी उतरते ही उनकी मित्रता उसी बाढ़ के जल में प्रवाहित हो जाती है और फिर एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जाते हैं। लगता है कि देश में जिस तरह का राजनीतिक वातावरण बना हुआ है और भाजपा की विजय की अभी से भविष्यवाणी करने वालों की संख्या बढ़ रही है, शायद उसी के भय से आम आदमी पार्टी व कांग्रेस ने मिल कर भानुमती का कुनबा जुटाया है। देश के इतिहास में यह दूसरा चुनाव है जब भ्रष्टाचार को लेकर सरकार हावी है और विपक्षी दल रक्षात्मक मुद्रा में हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर तो काफी समय से इस तरह के केस चले आ रहे हैं परन्तु कट्टर ईमानदार अरविंद केजरीवाल व आप के कई बड़े नेताओं पर भी दिल्ली आबकारी घोटाले के छींटे पड़े हैं जो उन्हें बेचैन किए हुए हैं।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5304

		7				8		6
		3	8		2			
6					4	9	5	
3	6			1				
4			3		5			7
				2			3	9
	9	1	5					4
			2		1	7		
8		4				2		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5303

4	7	8	6	3	9	5	1	2
1	3	9	5	8	2	7	6	4
6	2	5	4	1	7	3	8	9
7	9	2	8	6	3	4	5	1
5	6	1	9	7	4	8	2	3
8	4	3	2	5	1	9	7	6
9	8	7	3	2	6	1	4	5
3	5	6	1	4	8	2	9	7
2	1	4	7	9	5	6	3	8

वर्ग पहेली 5304

1	2	3		4	5	6	7
8			9		10		
		11					
12	13			14		15	16
17			18			19	
	20	21			22		
23				24		25	26
			27				

संकेत: बाएं से दाएं
1. भारत के इतिहास में 16 अप्रैल का दिन एक प्रमुख कारण से दर्ज है। जिसमें भारत में पहली बार ट्रेन चली थी 1853 को पहली रेल ठाणे और इसके बीच चली थीं (3)
4. जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध प्रबंध काव्य (4)
8. एक जैसी शक्ल वाले, अनुरूप (4)
10. पुस्तक पठन आधार (3)
11. एक प्रकार की नर्म घास (2)
12. भक्षित, खाया हुआ (3)
14. युद्ध में शत्रु की सेना से छीना हुआ माल (4)
17. हेमामालिनी की अभिनेत्री पुत्री (सिर्फ नाम), कुलीन स्त्री (2)
18. मुट्ठी, मुक्का (2)
19. जो वस्तु एक बार मे तली या सेंकी जाए (2)
20. इंडैक्स, अनुक्रमणिका, तालिका (2)
22. शास्त्रीय संगीत में ऋषभ स्वर, छोटे, तुच्छ आदमियों के लिए संबोधन (1)
23. अविलचल, अप्रयवशील (3)
25. वर्तमान दिन (2)
27. इच्छा रखने वाला, ख्वाहिशमंद (5)

ऊपर से नीचे
1. नवविवाहित वधू की मुंह देखने की रस्म जिसमें उसे कुछ उपहार आदि दिया जाता है (5)
2. एक विस्फोटक पदार्थ (2)
3. पैगम्बर, रसूल, नबी (4)
5. रेडियो वायरलेस के आविष्कारक (4)
6. एक सर्वनाम (4)
7. श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
9. आमोद-प्रमोद के लिए बनाई गई संस्था (2)
13. दिशा का संकेत देने वाला यंत्र (5)
14. पहरा देने के लिए फेरा या चक्कर (2)
15. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)
16. जिस्म, देह, काया (2)
21. गिद्ध जाति की एक चिड़िया (2)
24. शरीर के गहरे रंग का दाग, कॉर्निया (2)
25. एक दिवंगत हास्य अभिनेता (2)
26. वृद्धावस्था, दौलत, स्वर्ण, संपत्ति (2)

वर्ग पहेली 5303 का हल

इं	डि	स	न	बैं	क		स
दि		म	य	क	दा		र
रा	ह	ज	न		वि	रा	ग
गां	ठ		प		त	मा	म
धी		प	ट	ना		नु	
	शा	द		द	ह	ज	
ला	ल	च	दे	ना			स
ल		र	व		पं	जा	ब

आज का राशिफल

मेष
आज लाभ होगा और आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीद करने के बारे में सोचना चाहिए। शाम के समय के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा।

वृष
आज लाभ होगा और आज काफी संघर्ष के बाद आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी। आज किसी कारण से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। छोटे मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी आपको वक्त मिलेगा। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, इसलिए प्रयास करते रहें। आपको लाभ होगा।

मिथुन
आज तनाव से दूर रहने की सलाह है। अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव से खुद को दूर रखें। नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें, समय अनुकूल है।

तुला
आज दिन आर्थिक सफलता से भरा होगा और आपकी अप्रत्याशित उन्नति देखकर सभी हैरान होंगे। आपकी नज़र भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति के मामले में आप काफी आगे बढ़ेंगे। धन संबंधी मामलों में आपको लाभ होगा और आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यर्थ की मान बढ़ाई से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें।

वृश्चिक
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आज आपको धन का निवेश कहीं करने से बचने की जरूरत है। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमिति नहीं है और कोई चिंता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य और आराम को दूर करना पड़ेगा।

धनु
आज सम्मान से भरा होगा और आज किसी प्रकार की चिंता दूर होगी। किसी मामले में आपकी चिंता दूर होगी। सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं। आपकी रुपये-पैसे से जुड़ी सभी योजनाएं पूर्ण होंगी और आपको लाभ होगा। परिवार की सुख समृद्धि में वृद्धि होगी।

कर्क
आज लाभ होगा और आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा।

सिंह
आज आर्थिक मामलों में उन्नति का दिन है। उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन और आध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता-गुरु की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न भूलें।

कन्या
आज लाभ का दिन है। उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ मिलेगा। आयात और निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और कोई बड़ी कारोबारी डील करने में आपको सफलता मिलेगी। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से इन लोगों को पराजित कर सकते हैं। मन की दुर्बलता और दुर्गुणों का त्याग करें तो आपको मानसिक रूप से राहत मिलेगी।

कुंभ
आज आर्थिक लाभ होगा और आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। जो लोग रिसर्च के काम से जुड़े हैं उनके लिए लाभ का दिन है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात में आपको कहीं सामाजिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा।

मीन
आज दूर होगी और किसी मामले में आपको विशेष प्रकार की भागदौड़ करनी पड़ेगी। उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होंगे। आपके कारोबार में आपको विशेष सफलता प्राप्त होगी। नौकरी के इंटरव्यू में आपको लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

पानी के लिए ग्रामीणों ने किया क्षेत्रीय कार्यालय का गेट जाम

जमशेदपुर/अलकडीहा, एजेंसी। लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य गेट को जमकर आम आदमी पार्टी के बैनर तले बूढ़ी बांध के ग्रामीण पिट वाटर उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। इस दौरान प्रबंधन के खिलाफ भी नारेबाजी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना था कि बस्ती में पहले पानी दिया जाता था। फिलहाल प्रबंधन ने बंद कर दिया है जब तक पानी चालू नहीं होगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा ।मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव मदन राम, धनबाद जिला अध्यक्ष अशोक महतो, जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष समरेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सनोज तिवारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण थे।

थाना प्रभारी पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप, पीड़िता ने भूली ओपी प्रभारी पर एक तरफ़ा पक्ष लेने का लगाया आरोप

धनबाद, एजेंसी। धनबाद में भूली ओपी क्षेत्र के पांडर पाला की रहनेवाली महिला प्रगति कुमारी सिंह ने भूली ओपी में स्थानीय निवासी शिव कुमार सिंह के खिलाफ धोखा धडी का केस दर्ज कराया है। महिला प्रगति कुमारी सिंह का आरोप है कि एकरारनामा के बावजूद शिव कुमार सिंह जमीन की रजिस्ट्री को लेकर आनाकानी कर रहा है। इस बारे में और अधिक पता लगाने पर जानकारी मिली कि शिव कुमार ने धोखे से मांझी खाता का प्लाट उन्हें बेच दी है। प्रगति ने बताया शिव कुमार सिंह ने उन्होंने वर्ष 2020 में दो लाख रू में जमीन खरीदी थी। कुल जमीन 1080 वर्ग फीट है। इसमें एक लिखित एकरारनामा 7 जुलाई 2023 में हुआ था। जमीन पर पहले से कच्चा मकान भी बना हुआ था जिसमें तभी से रह रही है। जमीन का एक ओर हिस्सा सरोज कुमार सिंह को भी बेचा है ओर अब सरोज पूरा जमीन अपने नाम करना चाहता है ओर सरोज के इशारे पर शिव कुमार लगातार मुझे मेरे परिवार को प्रताड़ित कर रहा है। प्रगति ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। भूली ओपी प्रभारी भी उक्त लोगो के साथ मिलकर लगातार प्रतड़ना किया जा रहा है। पुलिस हम सब का शिकायत नही ले रहा है और उल्टा मुझे डराया जा रहा है किसी केस में फंसाने का धमकी दिया जा रहा है। जबकि इस मामले को पुलिस के द्वारा कोर्ट में भेजने का कार्य होता है। ऐसे में पुलिसिया धमकी से हम सब डरे और सहमे हुए है। आज ऑनलाइन शिव कुमार और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज किया हूँ।

मोदीडीह कोल डंप पर एटक ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

धनबाद/सिजुआ, एजेंसी। जोगता थाना क्षेत्र के मोदीडीह (तेतुलमुडी) कोल डंप पर यूनाइटेड कोल वर्कस यूनियन (एटक) के समर्थक में गुरुवार को चार सूत्री मांगों को लेकर गिरजा घर के समीप अनिश्चितकालीन बंदी करते हुए धरना पर बैठ गए। दूसरी ओर विरोध में कोल डंप के संयुक्त मोर्चा समर्थक भी डंप पर जुलूस की शक्ल में पहुंचे व दूसरी छोर पर धरना पर बैठ गए। पुलिस व सिजुआ एरिया के सीआईएसएफ ने डंप परिसर में जाने पर रोक लगा दी थी। केंदुआडीह पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर जयप्रकाश महतो, जोगता थाना प्रभारी रविकुमार सिंह, लोयाबाद थानेदार सत्यजीत कुमार व तेतुलमारी थानेदार लवकुमार चौधरी, अंगारपथरा ओपी प्रभारी वीडी विधाता, जिला पुलिस बल के साथ जमे हुए थे। बाद में धनबाद डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार व पुटकी सीओ बिकास आनंद पहुंचकर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। एटक समर्थक चार सूत्री मांगों को लेकर डंप पर पेलोडर लोडिंग की जगह मैनुअल लोडिंग सहित डंप पर पेयजल की व्यवस्था की मांग कर रहे थे। डंप स्थल पर दिन भर गहमा-गहमी बनी रही। पुलिस दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करती रही। मजिस्ट्रेट के रूप में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल धनबाद के जेईई बबलू दास मौजूद थे। सीआईएसएफ ड्रोन कैमरा से निगरानी कर रही थी। 14 गाड़ी ब्रेक डाउन थी। गुरुवार की सुबह दो गाड़ी इंट्री हुई। जिसमें सात गाड़ी लोड होकर कांटा परिसर में खड़ी हुई। एक बार गाड़ी को चालू किए जाने पर एटक समर्थकों ने जमकर विरोध करना शुरू कर दिया। जिससे बाद में पुलिस के द्वारा पहल किए जाने के बाद मामला शांत हुआ। संध्या सात बजे एजेंट ने महाशिवरात्रि को देखते हुए आंदोलन स्थगित करने को कहा। जिस पर एटक समर्थकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि एजेंट ने पूर्व में ही वार्ता में कहा कि यह मांग उनके स्तर का नहीं है तो उनके आश्वासन को नहीं मानेंगे। समर्थकों ने कहा कि सिजुआ जीएम से मांग को लेकर आश्वासन पत्र दिया जाए तभी आंदोलन स्थगित किया जाएगा।

पैसों की कमी से नहीं रुकेगी बेटियों की पढ़ाई, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में सरकार दे रही रुपए

रांची, एजेंसी। काजल, कोमल और अनुप्रिया कक्षा नौ में पढ़ती हैं। काजल के पिता भोला राम बाहर जाकर दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। पिता की मजदूरी से ही पूरा परिवार चलता है। वहीं, कोमल के पिता किसान हैं। खेती-किसानी से परिवार नहीं चल पाता तो दूसरे काम भी करते हैं। वहीं, अनुप्रिया के पिता किसान हैं। तीनों छात्राएं जिलांतर्गत कांडी प्रखंड के महंथ श्रीराम चंद्रपुरी उच्च विद्यालय, गरदाहा में अध्ययनरत हैं।

वहीं, रंका प्रखंड मुख्यालय के राजकीय बुनियादी विद्यालय में काजल, खुशी, सुशीला, दुर्गावती, पूजा, चांदनी और अन्य छात्राएं 8वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। काजल बताती हैं कि पिता बस एजेंट हैं। खुशी के पिता शादी-ब्याह में सजावट का काम करते हैं। बाकी दिनों में काम भी नहीं मिलता। वहीं, सुशीला की मां गांव के ही स्कूल में ही रसोइया हैं। उसके पिता नहीं हैं। स्कूल जब बंद रहता है तो मां परिवार चलाने के लिए मजदूरी भी करती है। घर की माली स्थिति ठीक नहीं है। वहीं, दुर्गावती, खुशी, पूजा और चांदनी के पिता मजदूरी करते हैं। उक्त छात्राएं बताती हैं कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से उनके बैंक खाते में 2500-2500 रुपये आए हैं।

छात्राओं ने कहा कि उन्होंने उक्त राशि अबतक खाते से नहीं निकाली है। खाते में जमा राशि का इस्तेमाल वह अपनी पढ़ाई से लेकर स्वास्थ्य और व्यक्तिगत कार्यों में ही करेंगी। योजनांतर्गत कक्षा आठ से 12वीं तक में अध्ययनरत छात्राओं को आच्छादित करने का लक्ष्य है। योजना के चालू होने से स्कूलों में छात्राओं के ड्रॉप आउट में कमी के साथ उनकी उपस्थिति भी बढ़ रही है।

लक्ष्य पर 69 प्रतिशत छात्राओं को मिली स्वीकृति

जिलांतर्गत कुल नौ परियोजनाओं में 45 हजार छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने का लक्ष्य है। इसके विरुद्ध अबतक 31 हजार 178 (69 प्रतिशत) छात्राओं के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। योजनांतर्गत भंडरिया परियोजना में 2632 छात्राओं को योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य है। उसके विरुद्ध मिले 1819 आवेदनों में 1615 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। रंका परियोजना में 5721, धुरकी में 2764, मेराल में 6236, मझिआंव में 3533, नगर ऊंटारी में 6784, भवनाथपुर में 5490, गढ़वा में 8061 और कांडी में 3779 छात्राओं को लाभ देने का लक्ष्य है। इसके विरुद्ध रंका में मिले 4114 आवेदनों में 4078, धुरकी में 1667 आवेदनों में 1656, मेराल में 5096 आवेदनों में 4992, मझिआंव में 2774 आवेदनों में 2576, नगर ऊंटारी में 4086 आवेदनों में 3961, भवनाथपुर में 4321 आवेदनों में 4201, भवनाथपुर में 4321 में 4201, गढ़वा में 4488 में 4439 और कांडी में 3756 में 3660 आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है।

छात्राओं की उच्च शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य पर बल

योजनाओं में छात्राओं की उच्च शिक्षा से लेकर उनके स्वास्थ्य पर बल दिया गया है। योजना का मकसद महिला सशक्तीकरण के साथ बाल विवाह पर रोक, बालिका शिक्षा को बढ़ावा, किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में निर्णय लेने में सक्षम बनाना, उच्चतर कक्षाओं की बालिकाओं को शैक्षणिक व्यय से सहयोग कर ड्रॉप आउट को कम कर उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर किशोरियों के स्वास्थ्य व व्यक्तिगत स्वच्छता में सहायता करना शामिल है। योजना के तहत आठवीं और नौवीं कक्षा की छात्राओं को 2500-2500, 10वीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं को पांच-पांच हजार और 18-19 वर्ष की किशोरियों को एकमुश्त 20 हजार सहित कुल 40 हजार रुपये देने का प्रावधान है।

क्या कहते हैं अधिकारी

गढ़वा के जिला शिक्षा अधिकारी, आकाश कुमार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों में अपनी बच्चियों को पढ़ाने के प्रति रुचि बढ़ेगी। योजना के शुरू होने के बाद स्कूलों में छात्राओं की उपस्थिति बढ़ी है। इस योजना में अब एक अभिभावक की दो बच्चियों को ही लाभ देने की बाध्यता भी समाप्त कर दी गई है। अब एक अभिभावक की सभी बच्चियों योजना का लाभ मिलेगा।

डबल क्रॉपिंग की खेती बंद होने से बढ़ी झारखंड के किसानों की परेशानी, पलायन को मजबूर

सिमडेगा, एजेंसी। झारखंड के सिमडेगा में किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही डबल क्रॉपिंग अर्थात एक सीजन में दो फसलों की खेती बंद हो चुकी है। डबल क्रॉपिंग की खेती कम वर्षा होने की मार झेलने वाले किसानों के लिए वरदान साबित होती थी। इसके बंद होने से हजारों किसानों की रोजी-रोटी पर आफत आ गई है। जो किसान इस योजना से जुड़कर आर्थिक स्थिति मजबूत करते थे, वही अब रोजी-रोटी की तलाश में पलायन करने को विवश हैं।

गेहूं, चना, मसूर की खेती : जिले में डबल क्रॉपिंग की खेती 4700 हेक्टेयर भूमि में होती थी। योजना के तहत किसानों को सालों भर खेती करने के लिए विभाग की ओर से निःशुल्क बीज वितरण, प्रोत्साहन राशि, खेती से संबंधित

जानकारी भी दी जाती थी। डबल क्रॉपिंग के तहत किसान अपने खेतों में धान की कटाई के बाद गेहूं, चना, मसूर आदि की खेती करते थे।

किसानों को किया जाता था प्रोत्साहित : डबल क्रॉपिंग की खेती करने वाले किसानों को विभाग की ओर से प्रोत्साहित भी किया जाता है। इसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 1800 रुपए की राशि दी जाती थी। जानकारी के अनुसार, योजना के तहत लगभग 89 लाख रुपए का भुगतान प्रोत्साहन राशि के रूप में किया जाता था। डबल क्रॉपिंग एक मौसम में दो या दो से अधिक फसलों को बढ़ाने का अभ्यास था। यह पॉलीकल्चर का एक रूप था।

क्या कहते हैं किसान : किसान अजय बेक ने कहा कि डबल क्रॉपिंग खेती की योजना किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा थी। इस योजना से दोहरी खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करते थे। इसके बंद होने से उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान अरविंद लकड़ा ने कहा कि विभाग की ओर से खेती करने के एवज में प्रोत्साहन राशि मिलने से उन्नत बीज की खरीदारी करते थे। इसके खत्म होने के बाद दूसरे शहर रोजी-रोटी की तलाश में पलायन करते हैं।

क्या कहते हैं जिला कृषि पदाधिकारी : जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास ने कहा कि डबल क्रॉपिंग की खेती सरकार की अच्छी योजना थी। लेकिन वर्ष 2018-19 से इसे सरकार की ओर से बंद कर दिया गया है। फिलहाल किसानों को कोई नई योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। किसानों को अब शत प्रतिशत अनुदान पर बीज और खाद का वितरण विभाग द्वारा किया जाता है।

अपनी सुरक्षा के लिए छात्रों ने हेलमेट पहन कर किया क्लास

जमशेदपुर, एजेंसी। पूर्व निर्धारित आंदोलन के तहत आजसू छात्र संघ से जुड़े छात्र नेता एवं छात्रों ने अपनी सुरक्षा एवं टूट कर गिरते हुए जर्जर भवन से बचने के लिए हेलमेट पहनकर कर कक्षा में प्रवेश किया और पढ़ाई की। राजेश महतो ने कहा रोज रोज किसी न किसी क्लास रूम का प्लास्टर टूट के गिर रहा है और एचआरडी और विश्वविद्यालय के पदाधिकारी इसे गंभीरता पूर्वक नही ले रहे है। थानीय नेता विधायक मंत्री को यहां पढ़ने वाले छात्रों से कोई हमदर्दी नही है।

छात्र असुरक्षित महसूस कर रहे है। यही सब कारण था कि स्वास्थ्य मंत्री जब वर्कर्स कॉलेज आए थे तब आजसू छात्र संघ ने उनसे यह मांग की थी कि कॉलेज के आगे वाला जल संसाधन विभाग का भूमि कॉलेज के नए परिसर के लिए उपलब्ध करवाया जाए, लेकिन उस जगह पर 100 कमरे का अस्पताल मंत्री ने स्वीकृत करवा दिया, जबकि न तो इस जगह कोई बड़ी सड़क है और न कोई अस्पताल वाला माहौल। इस तरह सरकार का रैवैया भी उच्च शिक्षा के प्रति उदासीन है ,इस मामले को लेकर बहुत जल्द स्थानीय विधायक सह मंत्री से फिर एक बार मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत करवाने की कोशिश की जायेगी।

अगर इससे भी कुछ नही होता है तो आजसू छात्र संघ राज्यपाल महोदय से मिलकर अपना समस्या रखने का काम करेगा।आज इस आंदोलन में राजेश महतो , पवन साहू , अमन कुमार ,राजू महतो, आनंद सिंह ,कुंदन झा , अय्यप्पन किस्कू,राहुल हांसदा, शैलेश कुमार ,आयुष कुमार उपस्थित थे।

पिता ने खेत गिरवी रख बेटी को बनाया इंटरनेशनल लेवल का हॉकी प्लेयर

सिमडेगा, एजेंसी। रेगिस्तान में मुर्झाते पौधे को पानी मिल जाए, उसका जीवन खिल उठता है। ठीक इसी तरह की कहानी है इस समय भारतीय टीम के लिए हॉकी खेल रहीं ब्यूटी डुंगडुंग की। ब्यूटी को हर विपरीत परिस्थिति में मदद का हाथ मिला और वह आगे बढ़ती गई। आज जब वह नीली जर्सी में भारत के लिए मैच खेलती है तो मददगार गर्व की अनुभूति करते हैं। ब्यूटी की यह यात्रा बताती है कि प्रतिभा हालात के आगे कमजोर हो सकती है, लेकिन यदि खुद पर भरोसा हो और थोड़ी मदद मिले तो वह आसमां छू सकती है। ब्यूटी बताती हैं कि आज भारत के लिए खेलने का सपना साकार हो पाया है, लेकिन यह सफर कई लोगों की मदद से पूरा हुआ। वह कहती हैं कि लोग यदि किसी की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करें तो गांव से लेकर देशभर की तस्वीर बदली जा सकती है।

स्कूल से ही मिला पहला सहयोग

सिमडेगा के करंगागुड़ी गांव के आरसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पढ़ाई के दौरान फादर बेनेदिक कुजूर ने ब्यूटी को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने ब्यूटी को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया। एक मैच के दौरान सिमडेगा के लचरागढ़ के पंखरासियुस टोप्पो ने उसकी प्रतिभा को पहचाना और 2013-14 में उसे

लचरागढ़ स्थित आवासीय सेंटर लेकर आए। पंखरासियुस लचरागढ़ में कल्याण विभाग के हॉस्टल में नाइट गार्ड थे। वे पूर्व में हॉकी खिलाड़ी भी रह चुके थे और वहीं सरकार के आवासीय सेंटर में जब कोई कोच नहीं था तब निःशुल्क प्रशिक्षण देते थे। उन्होंने ब्यूटी को ट्रेनिंग देना शुरू किया। 2016 में पहली बार ब्यूटी को झारखंड टीम में चुना गया। नेशनल चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के बाद उसे साथ मिला प्रतिमा बरवा का, जो सिमडेगा आवासीय सेंटर की कोच थीं।

फादर पौलुस ने की थी आर्थिक मदद

2018 में ब्यूटी का जूनियर इंडिया कैंप में चयन हो गया। तब कैंप में जाने के लिए आर्थिक मददगार के रूप में सामने आए करंगागुड़ी के तत्कालीन प्राचार्य फादर पौलुस बागे। फादर पौलिस ने ब्यूटी के पिता को आर्थिक मदद की। ब्यूटी कैंप में पहुंची और मेहनत के दम पर इंडिया टीम में जगह बनाई। फादर पौलुस कहते हैं कि हमारे स्कूल की बेटी को इंडिया कैंप में जाना था, तो मदद न करता तो खुद से बेमानी होती। आज उसे खेलते हुए देखकर बहुत सुकून मिलता है।

लॉकडाउन में खेतों में किया काम

2020 कोरोना महामारी के कारण घर में रहने की मजबूरी हो गई। घर के हालात ऐसे नहीं थे कि उसे पौष्टिक आहार मिल सके। इसके लिए उसने दूसरे के खेतों में काम करना शुरू कर दिया। तब मदद का हाथ बढ़ाया हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने। उन्होंने ब्यूटी सहित कुछ खिलाड़ियों के लिए जिला मुख्यालय में रहने और खाने की व्यवस्था के साथ प्रशिक्षण की व्यवस्था की। नतीजा हुआ कि 2021 में फिर वह जूनियर वर्ल्ड कप के लिए टीम में चुनी गई। 2022 से वह सीनियर इंडिया टीम का हिस्सा हैं। हाल ही में रांची में ओलंपिक क्वालिफायर में विशेषज्ञों ने उसके खेल की खूब तारीफ की।

महज एक सकारात्मक बदलाव ने पूर्वी सिंहभूम में घटा दी दहेज हत्या की दर

पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी। महज एक दलाव के कारण झारखंड के पूर्वी सिंहभूम में रेलू हिंसा के मामलों पर नियंत्रण होने लगा है। रेलू हिंसा के बढ़ते मामले को देखते हुए लिस ने अपनी कार्यशैली बदली और ऐसे मलों पर नजर रखने लगी। इसके बाद ाउंसिलिंग और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से हेज हत्या के मामलों में कमी आने लगी। िछले वर्ष 2023 में जिले में दहेज हत्या के र्फ चार मामले दर्ज किए गए थे, जो पिछले 1 साल में सबसे कम हैं। इसकी वजह बताई ाती है कि जितने भी मामले घरेलू विवाद के र्ज किए गए, उन सभी मामलों में काउंसिलिंग ी गई। साथ ही उन मामलों के निपटारे के लिए

जिला विधिक सेवा प्राधिकार को भी संलग्न किया गया। इसमें मामला अदालत तक जाने के बाद दंपती के बीच या तो समझौता कराया गया या फिर जब बात बनी नहीं तो दोनों को अलग किया गया।

हर थाने में काउंसिलिंग के लिए टीम

आंकड़े बताते हैं कि पिछले 10 वर्ष में दहेज हत्या की दर में लगातार गिरावट आई है और 50 फीसदी मामले घटे हैं। इसका कारण वर्ष 2014 से लेकर 2018 तक दर्ज होने वाले मामले हैं। इस दौरान दहेज हत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे थे। इसके चलते ही काउंसिलिंग टीम की स्थापना हर थाने में की गई। इसका असर रहा कि मामलों में लगातार गिरावट होती चली गई।

दहेज हत्या के 11 साल के मामले

पिछले 13 साल में दहेज हत्या के जो मामले दर्ज किए गए हैं, उसमें वर्ष 2013 में 12, 2014 में 18, 2015 में 14, 2016 में 15, 2017 में 15, 2018 में 20, 2019 में 6, 2020 में 11, 2021 में 15, 2022 में 7 और 2023 में 4 मामले दर्ज किए गए।पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया, काउंसिलिंग के साथ घरेलू हिंसा के मामलों में त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया गया। इसी आदेश का परिणाम था कि छोटे विवाद में भी समझौता और मामले को सुलझाने की पहल से दहेज के लिए होने वाली हत्याओं में कमी आई।

प्रखंड कार्यालयों पर भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

जमशेदपुर, एजेंसी। झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक, नियुक्ति घोटाला, वादाखिलाफी, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि व्यवस्था, खनिज संपदाओं की लूट, बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे मुद्दे को लेकर भाजपा ने सोमवार को प्रखंड कार्यालयों पर प्रदर्शन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर के हजारों कार्यकर्ताओं ने जमशेदपुर, पोटका, बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड कार्यालय पर हल्ला बोला।

जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में 22 मंडलों के हजारों कार्यकर्ताओं ने करनडीह स्थित जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान भ्रष्टाचार, जेएसएससी नियुक्ति घोटाला, खनिज संपदाओं की लूट व अन्य मुद्दों के साथ मंडलों और जनहित की समस्याओं को दर्शाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समुचित निदान की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन में सांसद विद्युतवरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष समेत वरीय नेतागण व कार्यकर्ता शामिल हुए।

मौके पर सांसद विद्युतवरण महतो ने कहा कि गठबंधन सरकार में प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है। चारों तरफ अराजकता की स्थिति है। साढ़े चार वर्ष के शासन में नक्सली घटना, दुष्कर्म, अपहरण और हत्या के आंकड़ें चौकाने वाले हैं। राज्य में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ गई है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि सरकार सभी मोर्चों पर विफल है। साढ़े चार वर्ष बाद भी सरकार आश्वासन के भरोसे जनता को भ्रमित कर रही है। राज्य में विकास कार्य ठप है।महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि सरकार ने जनता को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाए थे। आज प्रदेश का युवा वर्ग परेशान और हताश है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

महाशिवरात्रि पर भोले बाबा का अद्भुत श्रृंगार

मंदिरों के बाहर सुबह से लगीं लंबी लाइनें

लखनऊ, एजेंसी। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। लोग सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए लंबी लाइनें लगाकर खड़े हैं। श्रद्धालु मंदिरों में जलाभिषेक करने के बाद शिव लिंग को बेल-पत्र अर्पित कर रहे हैं। महाशिवरात्रि को लेकर कल रात से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। मंदिरों की साफ-सफाई करने के साथ ही सज्जा की जाने लगी थी। लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती का अद्भुत श्रृंगार हुआ। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने को लेकर पहले से ही तैयारियां की गई थीं। कई शहरों में यातायात में बदलाव किया गया है। मंदिर वाले मार्गों में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों से पट गया महादेवा: बाराबंकी के रामनगर तहसील क्षेत्र में स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेवा में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर के कपाट नहीं बंद किए गए और पूरी रात जलाभिषेक चलता रहा। सुबह 3:00 के बाद भीड़ इतनी बढ़ गई कि मंदिर से लेकर मुख्य सड़क तक श्रद्धालुओं की कतार लग गई। अपने आराध्य को जल गंगाजल, शहद, पुष्प, दूध, दही, फल, मिष्ठान अर्पित करने के लिए श्रद्धालु भक्ति भाव से महादेवा में मौजूद है और हर हर महादेव का उद्घोष कर रहे हैं।

अमेठी- हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय, भक्तों ने किया जलाभिषेक व रुद्राभिषेक: अमेठी में महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के सभी शिवालयों पर आस्था का सैलाब उमड़ा दिखाई पड़ा। भोर से ही क्षेत्र स्थित सभी शिवालय बोल बम, ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि विधान से रुद्राभिषेक किया।

महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों से पट गया महादेवा, रात भर चला जलाभिषेक, गूंज रहा हर हर महादेव

बाराबंकी , एजेंसी। बाराबंकी जिले की रामनगर तहसील क्षेत्र में स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेवा में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर के कपाट नहीं बंद किए गए और पूरी रात जलाभिषेक चलता रहा। सुबह 3:00 के बाद भीड़ इतनी बढ़ गई कि मंदिर से लेकर मुख्य सड़क तक श्रद्धालुओं की कतार लग गई। अपने आराध्य को जल गंगाजल, शहद, पुष्प, दूध, दही, फल और मिष्ठान अर्पित करने के लिए श्रद्धालु भक्ति भाव से महादेवा में मौजूद है और हर हर महादेव का उद्घोष कर रहे हैं। एक लाख से अधिक श्रद्धालु रात से लेकर सुबह तक जलाभिषेक कर चुके हैं। वहीं, यहां लगे पारंपरिक शिवरात्रि मेले में भी भारी भीड़ है। रामनगर कस्बे से महादेवा की ओर जाने वाली सड़क पर केवल श्रद्धालु ही दिख रहे हैं। पुलिस के आला अफसर मौके पर कैंप कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरा से पूरे मेला परिसर की निगरानी की जा रही है। उधर, हैदरगढ़ के और अवशानेशर, कस्बा सिद्धौर स्थित सिद्धेश्वर, खसपरिया के मत्थेश्वर, शहर के श्री नागेश्वर महादेव, कैलाश आश्रम के श्री चंदेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से शिव भक्तों का तांता नहीं टूट रहा है। विभिन्न जगहों पर शिवरात्रि को लेकर भंडारों का आयोजन भी हो किया जा रहा है। वहीं रात को शहर में शिव बारात के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। इसे लेकर शहर में लगने वाली सट्टी बाजार भी रद्द कर दी गई। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शिव भक्तों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए हाईवे और सभी प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल तैनात है।

संक्षिप्त समाचार

ससुराल से एसी नहीं मिली तो बोला तीन तलाक, निकाह के दो साल बाद टूट गए विवाहिता के सपने

आगरा , एजेंसी। आगरा में तीन तलाक का एक और मामला सामने आया है। ससुराल में अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए विवाहिता का उत्पीड़न किया गया। आरोप है कि पहले कार की मांग की गई, इसके बाद कहा गया कि कार नहीं तो एसी ही दिलाओ। मना करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। बाद में तीन तलाक भी बोल दिया। कोर्ट के आदेश पर थाना न्यू आगरा पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला हरीपर्वत थाना क्षेत्र का है। फरनाज रहमानी ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी 2022 को उसका निकाह न्यू आगरा के करबला निवासी तोसिफ के साथ हुआ था। मगर, ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में कार मांगने लगे। ताने मारकर उत्पीड़न किया। बाद में एसी पर आ गए। मांग पूरी नहीं होने पर 13 जून 2023 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। 12 जनवरी को जब वह कोर्ट में तारीख करने पहुंची तो वहां पति ने सबके सामने गालीगलौज कर तीन बार तलाक बोल दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

काशी में सात हजार महिला रक्तदाता, 55 ने दान की आंखें; 40 हजार वाहनों की मालकिन हैं महिलाएं

वाराणसी , एजेंसी। शिव की नगरी काशी में शक्ति स्वरूपा नारी की दखल तेजी से बढ़ रही है। परिवार में महिलाओं पर भरोसा बढ़ने का कारण है जमीन जायदाद से लेकर वाहनों की मालकिन बनने की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। बनारस में पिछले पांच साल में 9,295 महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया और सड़कों पर फर्राटा वाहन दौड़ा रही हैं। शहर के 40 हजार दो पहिया और चार पहिया वाहन महिलाओं के नाम पर दर्ज हैं। वाराणसी में महिलाओं के नाम जमीन और संपत्ति लेने का क्रेज भी तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2021-22 में 18102, अगले वर्ष 2022-23 में करीब 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और 22665 महिलाओं के नाम बैनामे हुए। यह संख्या 2023-24 में बढ़कर 24,221 पहुंच गई है।

14 महिला न्यायिक: सिविल कोर्ट में 14 महिला न्यायिक अधिकारी हैं। इसके अलावा 300 महिला अधिवक्ता नियमित वकालत करती हैं। वहीं, 300 ऐसी महिला अधिवक्ता हैं जिन्होंने सेंट्रल और बनारस बार एसोसिएशन की सदस्यता ले रखी हैं।

वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, सड़क हादसे में युवक की मौत

अलीगढ़ एजेंसी। गांव नाह निवासी 36 वर्षीय संदीप भारद्वाज पुत्र पप्पू भारद्वाज कासगंज में दूध प्लांट पर मजदूरी करता था। 6 मार्च देर रात्रि कासगंज से अपने गांव आ रहा था। थाना ढोलना क्षेत्र के गांव गढ़ी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के घर वालों को सूचना मिली तो परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो बेटों को रोते बिलखते छोड़ गया। शव का 7 मार्च देर शाम गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

कोचिंग सेंटर हॉस्टल में आत्महत्या का प्रयास करने वाली युवती की मौत, बिना पोस्टमार्टम शव ले गए परिजन

अलीगढ़ , एजेंसी। अलीगढ़ में क्वार्सी क्षेत्र के एकता नगर के आईएएस-पीसीएस कोचिंग सेंटर के हॉस्टल में आत्महत्या की कोशिश करने वाली वार्डन युवती की 7 मार्च तड़के मौत हो गई। परिजन बिना किसी कार्रवाई या तहरीर के शव साथ ले गए। मूल रूप से सहारनपुर के मो.इब्राहिमाबाद के इरफान की बेटी सुंबुल परवीन एकता नगर में सिटी अस्पताल के पास सिटी आईएएस-पीसीएस एकेडमी में रहती थी। यहां रहकर वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। साथ ही कोचिंग सेंटर के हॉस्टल में वार्डन की जिम्मेदारी भी निभाती थी। 6 मार्च दोपहर उसने हॉस्टल के अपने कमरे में आत्महत्या की कोशिश की। उसका शव फंदे पर लटका देखा तो स्टाफ ने आनन-फानन उसे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इंस्पेक्टर क्वार्सी के अनुसार 7 मार्च तड़के युवती को मृत घोषित कर दिया गया। परिवार ने पोस्टमार्टम या अन्य किसी तरह की कार्रवाई से इन्कार कर दिया।

संदिग्ध हालात में झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जला युवक, मौत

लखनऊ एजेंसी। राजधानी लखनऊ के माल एवेन्यू में शुक्रवार तड़के क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास बनी टिन शेड की झोपड़ी में संदिग्ध हालात में आग लग गई। हादसे में झोपड़ी में रह रहे युवक की जल कर मौत हो गई। क्रिश्चियन कब्रिस्तान कंपाउंड के पास टिन शेड की बनी झोपड़ी में अनिल चरण (48) रहते थे। शुक्रवार तड़के 4:50 बजे उनकी झोपड़ी में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने एक गाड़ी से कुछ देर में आग बुझा ली। इसके बाद झोपड़ी में घुसे अग्निशमन कर्मियों को अनिल जला हुआ मृत अवस्था में मिला। भाई सुनील के मुताबिक अनिल अविवाहित था। वह अकेले झोपड़ी में रहता था।

एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत के मुताबिक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शुरुआती जांच में क्राइल से आग लगने की बात सामने आ रही है।

गोरखपुर में सीएम योगी देंगे एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी की सौगात, 10 एकड़ में होगा निर्माण

गोरखपुर एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को एक और बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। सीएम, शनिवार (9 मार्च) को गोरखपुर में एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) की ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास करेंगे। इससे पूर्वांचल के युवाओं के लिए फौज में जाने के अवसर बढ़ेंगे। एनसीसी एकेडमी का निर्माण सिक्टौर (तालकंदला) में 10 एकड़ भूमि पर किया जाएगा और इसके निर्माण पर 47.88 करोड़ रुपये की लागत आएगी। एनसीसी के ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज, जल निगम, यूनिट-42, गोरखपुर द्वारा कराया जाएगा। एकेडमी में प्रशासनिक भवन, 150 छात्रों की क्षमता के बालक छात्रावास, 100 छात्राओं की क्षमता के बालिका छात्रावास, डायनिंग हाल, टायलेट ब्लाक, विद्युत स्टेशन, आउटडोर

मल्टीएक्टिविटिज एरिया, 50 मीटर के आउटडोर शूटिंग रेंज, ड्रिल प्रैक्टिस पथ, फुटबाल फील्ड, आप्टिकल कोर्स एवं पुशप बीम आदि की सुविधा होगी। इसके अलावा 7.17 करोड़ रुपये की लागत से चहारदीवारी के निर्माण, सभी किनारों पर संतरी पोस्ट, गार्ड रूम, हाईमास्ट फ्लड लाइट के कार्य कराए जाएंगे।

एकता और अनुशासन आदर्श वाक्य वाले एनसीसी ग्रुप गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग के 11 जिलों का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, गोडा, बलरामपुर श्रावस्ती एवं बहराइच शामिल हैं।

इससे जुड़े विश्वविद्यालयों, स्कूलों और कालेजों के कैडेटों को प्रशिक्षण देने हेतु प्रति वर्ष औसतन 25 से 30 संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, थल सेना शिविर, इंटर ग्रुप कम्पटीशन, गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी और गणेश वासुदेव मावलंकर शूटिंग प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही अनेक सामाजिक गतिविधियां भी इस ग्रुप की तरफ से आयोजित की जाती हैं।

समलैंगिक प्यार-फैशन डिजाइनर के प्रेमी की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त, कोर्ट ने कहा- संबंध सहमति पर थे या नहीं

कानपुर , एजेंसी। कानपुर के चकेरी में कार फूंकने के मामले में जेल गए इंदौर के फैशन डिजाइनर के प्रेमी वैभव शुक्ला की अग्रिम जमानत अर्जी इंदौर के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने निरस्त कर दी है। बचाव पक्ष की तरफ से अग्रिम जमानत के लिए बहस की गई। बचाव पक्ष और अभियोजन को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत देने का पर्याप्त आधार नहीं पाया।

वैभव के अधिवक्ता ने विशेष न्यायाधीश के फैसले को लेकर इंदौर हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर दी है। कोर्ट ने मामले में अगले सप्ताह की तारीख दी है। इंदौर के विजयनगर थानाक्षेत्र के रहने वाले फैशन डिजाइनर ने वैभव के खिलाफ अप्राकृतिक संबंध बनाने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में वैभव की तरफ से अधिवक्ता गौरव दीक्षित ने इंदौर जिला कोर्ट में विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की। इस पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को कोर्ट ने मामले में अपना फैसला सुनाया। कोर्ट में अभियोजन और बचाव पक्ष की तरफ से अपनी अपनी दलील रखी गई थी।

संबंध सहमति पर आधारित थे या नहीं

कोर्ट ने आदेश में कहा कि इस प्रकरण में यह तथ्य सामने नहीं आया कि दोनों पक्षों के बीच बने संबंध सहमति पर आधारित थे या नहीं। कोर्ट ने कहा कि जब अभियुक्त की गिरफ्तारी होगी, तो उससे पूछताछ के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। साथ ही अभियोजन की गति आगे बढ़ पाएगी। इस बिंदु के बाद कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत देने का पर्याप्त आधार नहीं बनता और जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गौरव दीक्षित ने कहा कि इस आदेश की अपील हाईकोर्ट में दाखिल कर दी गई है।

मुलायम सिंह यादव मैनपुरी के लिए बना गए ऐसा चक्रव्यूह, जिसे तोड़ना नहीं आसान...बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती

मैनपुरी। सपा नेता मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी को अपना गढ़ बनाने के लिए एक ऐसा चक्रव्यूह रचा जो आज तक भाजपा नहीं तोड़ सकी। मैनपुरी सीट में इटावा जिले की जसवंतनगर विधानसभा को शामिल कराकर उन्होंने पूरी बाजी ही पलट दी। अब भाजपा को ऐसे अभिमन्यु की तलाश है जो इस चक्रव्यूह के पांचवें द्वार यानी जसवंतनगर को भी भेद सके।

मैनपुरी जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों के साथ ही इटावा का जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र भी मैनपुरी लोकसभा सीट का ही हिस्सा है। मैनपुरी लोकसभा जीतने के लिए सपा नेता मुलायम सिंह यादव ने ही जसवंतनगर के रूप में ये पांचवां द्वार रचा था। बस इसी द्वार पर हर बार भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी। भाजपा ने ब्राह्मण, ठाकुर, शाक्य, यादव समेत अन्य कई जातियों के प्रत्याशियों को इस द्वार को भेदने के लिए मैदान में उतारा, लेकिन सभी को हार ही नसीब हुई। ऐसे में भाजपा इस बार भी ऐसे अभिमन्यु की तलाश में है जो जसवंतनगर के इस मजबूत द्वारा ध्वस्त कर दे। यही कारण है कि सवा महीने बाद भी सपा से डिंपल यादव अकेले ही मैदान में हैं। भाजपा ने अब तक किसी को भी इस सियासी रण में मैनपुरी से नहीं उतारा है।

यहां सिर्फ नेताजी और सैफई परिवार का ही चलता है जादू: जसवंतनगर सीट पर नेताजी और सैफई परिवार का ही जादू दशकों से चलता आ रहा है। इसी सीट से मुलायम सिंह यादव खुद विधायक बने और बाद में उन्होंने ये सीट अपने छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव को सौंप दी। वर्तमान में भी वही यहां से विधायक हैं। ऐसे में यादव प्रत्याशी का दावा भी भाजपा के यहां किसी काम नहीं आता है। भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी ने बताया कि मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र की चारों विधानसभा सीटों के साथ ही हम जसवंतनगर सीट भी इस पर जीतकर आएंगे। प्रत्याशी चाहे जो भी हो जनता भाजपा के विकास और नीतियों पर वोट करेगी। सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य ने बताया कि नेताजी ने मैनपुरी और इटावा क्षेत्र के साथ ही पूरे उत्तर प्रदेश का विकास कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस मुद्दिम को आगे बढ़ाया। जनता चुनाव में सपा को जिताकर अपना जवाब देगी।

दूल्हा-दुल्हन के सामने स्टेज पर फायरिंग, वीडियो हुआ वायरल

आगरा , एजेंसी। आगरा के सदर स्थित एक मैरिज होम में शादी समारोह के दौरान युवक ने हर्ष फायरिंग की। जिस समय फायर किया गया, उस समय स्टेज पर दूल्हा-दुल्हन बैठे थे। किसी ने फायरिंग का वीडियो बना लिया। यह वायरल हो गया। पुलिस अब फायरिंग करने वाले की तलाश में लगी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो 19 सेकंड का है। वीडियो के मुताबिक, स्टेज पर दूल्हा-दुल्हन बैठे हैं। लोग भी खड़े हैं। वह मोबाइल से वीडियो बना रहे हैं। युवक पहले बंदूक को लोड करता है। इसके बाद हवा में फायर कर देता है। इस वीडियो को जिद्दी यादव 1111 नामक आईडी से शेयर किया जाता है। बृहस्पतिवार को वीडियो की जानकारी पर पुलिस हरकत में आई। इसकी जांच की जा रही है। थाना सदर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि वीडियो रोहता स्थित कृष्णा कुंज कॉलोनी का बताया गया है। फायरिंग करने वाले के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। बंदूक का लाइसेंस निरस्तीकरण करने की रिपोर्ट भेजी जाएगी।

दो दशक रहा प्रमोद यादव का राजनीतिक सफर, इस सीट से लड़े थे चुनाव

जौनपुरएजेंसी। भाजपा नेता प्रमोद यादव का राजनीतिक जीवन दो दशक का रहा है। यह मल्हनी विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं तो भाजपा के वर्तमान जिला महामंत्री थे। वह पूर्व में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। प्रमोद यादव 2023 में पहली बार जौनपुर भाजपा के जिला महामंत्री मनोनीत किए गए। इसके पूर्व उन्हें वर्ष 2018 से 2023 तक भाजपा किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रमोद यादव 2012 के विधानसभा चुनाव में बाहुबली धनंजय सिंह की दूसरी पत्नी डा. जागृति सिंह के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरे थे।

उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन तो किया था लेकिन सिंबल का मूल पत्र न लगाकर फोटो स्टेट लगाने से वह निर्दल प्रत्याशी के तौर पर मैदान में रह गए। 2012 के चुनाव में पहली बार मल्हनी विधानसभा बनी थी। इसमें सपा के पारसनाथ यादव ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी डा. जागृति सिंह को हराकर जीत दर्ज की थी।

वह निर्दल चुनावी मैदान में थी। इस चुनाव में बसपा के टिकट पर डॉ. पणिनी सिंह भी चुनावी मैदान में थे। वर्तमान में प्रमोद यादव भाजपा की सक्रिय राजनीति में थे। भाजपा नेता संदीप द्विवेदी ने बताया कि वह उनके साथ किसान मोर्चा में जिला महामंत्री थे। वह बहुत ही सज्जन व नेक इंसान थे। उनका किसी से कभी कोई विवाद ही नहीं होता था।

पिता की भी हुई थी हत्या

पिता की भी गोली मारकर हुई थी हत्या: प्रमोद यादव के पिता राजबली यादव की भी 1980 में गोली मारकर हत्या की गई थी। वे जनसंघ से जुड़े थे। शाम को हल्की बारिश में वे शहर से एक मित्र के साथ मूरकटवा महावीर मंदिर पर उतरे थे। वहां से बाइक छोड़ पैदल घर जा रहे थे। पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

राजबली एक बार जनसंघ के टिकट पर 1974 में रारी विधानसभा से चुनाव लड़े थे परंतु कांग्रेस प्रत्याशी सूर्यनाथ उपाध्याय से हार का सामना करना पड़ा था। प्रमोद के पिता राजबली की दो पत्नियों में पहली से दो बेटे पूर्व प्रधान महेंद्र यादव जो ईंट भट्ठे चलाते हैं। छोटे प्रमोद यादव भाजपा की सक्रिय राजनीति में थे। इनकी माता का भी देहांत हो चुका है।

परिवार का इतिहास: परिवार का इतिहास जौनपुर। भाजपा नेता प्रमोद यादव की पत्नी कलावती देवी गृहिणी हैं। इनके दो पुत्र व एक पुत्री है। बड़ा बेटा सिद्धार्थ यादव जौनपुर के एक बैंक में काम करता है। दूसरा सिद्धांत यादव एक कालेज से एलएलबी कर रहा है। मझली संतान के रूप में पुत्री रूबी यादव बीएचयू से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है

घटना स्थल से लेकर रामघाट तक नेताओं का रहा जमावड़ा: भाजपा नेता प्रमोद यादव की अंतिम संस्कार यात्रा में रामघाट तक भाजपा नेताओं का जमावड़ा रहा। देर रात 8:50 छोटे बेटे सिद्धांत उर्फ चंदन ने मुखाग्नि दी। इसके पहले बड़े भाई जो मुंबई में रहते हैं उनका इंतजार किया जा रहा था। इस दौरान भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, सुशील मिश्रा, डॉ.रामसूरत मौर्या आदि रहे। इस दौरान पुलिस फोर्स के साथ सीओ सदर परमानंद कुमार व सीओ सिटी देवेश सिंह मौजूद रहे।

डीआईजी जोन डेढ़ घंटे तक रहे थाना पर: डीआईजी जोन ओमप्रकाश सिंह घटना के बाद बृहस्पतिवार की दोपहर तीन बजे थाने में पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे घटनाक्रम की पड़ताल करते हुए खुलासे की प्रगति जानी। डेढ़ घंटे बाद वह पुन- रवाना हो गए।

पुलिस का एक चेहरा ऐसा भी: बीमार युवक की शिकायत पर पुलिस ने बंद कराया लाउडस्पीकर

वाराणसी एजेंसी। सारनाथ थाने की अनमोल नगर कॉलोनी में गुरुवार शाम गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान तेज ध्वनि में धार्मिक पाठ से एक बीमार युवक परेशान हो गया। युवक की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने लाउडस्पीकर बंद कराया। अनमोल नगर कॉलोनी में गृह प्रवेश के मौके पर लाउडस्पीकर से तेज आवाज में धार्मिक पाठ किया जा रहा था। इससे इलाके के लोग परेशान थे, लेकिन धार्मिक मामला होने के कारण कोई कुछ कह नहीं रहा था। कॉलोनी का ही एक बीमार युवक गुरुवार को अस्पताल से घर आया था। डॉक्टर द्वारा दी गई नींद की गोली खाकर वह सोने की कोशिश कर रहा था। मगर, लाउडस्पीकर की आवाज उसे सोने नहीं दे रही थी। इसी बीच कॉलोनी के एक व्यक्ति ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ अभियान चलाने वाली संस्था सत्या फाउंडेशन के हेल्पलाइन नंबर 9212735622 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। संस्था के सचिव चेतन उपाध्याय ने सारनाथ थानाध्यक्ष और एसीपी सारनाथ को सूचना दी। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बीमार युवक की तबीयत का हवाला देकर लाउडस्पीकर को बंद कराया।



आदित्य धर बनाएंगे नई एक्शन थ्रिलर फिल्म, रणवीर सिंह से मिलाया है हाथ

फिल्म 'उड़ीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर कुछ खास बनाने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में उनकी पहली चॉइस कोई एक्शन थ्रिलर फिल्म बनाने की है। रिपोर्ट्स की मानें, तो इस फिल्म के लिए उन्हें हीरो मिल गया है। अब देखना यह बाकी है कि इस हीरो के साथ मिलकर आदित्य की फिल्म दर्शकों के लिए क्या नया लेकर आती है।

रणवीर दिखेंगे नए अवतार में

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य धर की इस एक्शन थ्रिलर में रणवीर सिंह मुख्य किरदार निभाने वाले हैं। इसे लेकर आदित्य और रणवीर के बीच बातचीत चल रही है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि भारतीय खुफिया एजेंसियों पर आधारित होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में रणवीर का एकदम अलग अवतार नजर आएगा। इस फिल्म पर साथ काम करने के सिलसिले में रणवीर और आदित्य की चार-पांच बार मुलाकात भी हो चुकी है। ये मुलाकातें पिछले 3 हफ्तों में हुई हैं। बस फिल्म साइन करने को लेकर कागजी कार्रवाई की जानी बाकी है।

रणवीर को पसंद आई स्क्रिप्ट

ऐसा लगता है कि रणवीर भी पिछले कई दिनों से एक अच्छी फिल्म हाथ लगने का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में जब यह प्रस्ताव उन्हें मिला, तो उन्होंने तुरंत हां कह दिया। रिपोर्ट्स की मानें, तो आदित्य के कहने पर उन्होंने एक बार में हां कह दिया। पहली मीटिंग में आदित्य ने उन्हें फिल्म की सारी कहानी बता दी थी, जिसे सुनकर रणवीर को यह बहुत पसंद आई। रणवीर ने तो अपनी टीम को आदित्य की इस फिल्म के लिए अपनी तारीखें बुक करने को भी कह दिया है।

आगे खिसकेंगी रणवीर की दूसरी फिल्में!

रणवीर आदित्य की इस फिल्म पर आगामी मई से काम शुरू कर पाएंगे। ऐसे में रणवीर की फिल्म 'डॉन 3' की शूटिंग आगे खिसक सकती है। ऐसा हुआ, तो वह इसे अगस्त 2024 तक ही शुरू कर पाएंगे। इसके बाद अगले साल वह शक्तिमान की शूटिंग भी शुरू करेंगे। गौरतलब है कि रणवीर सिंह की पिछली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी थी, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही सिंघम अगेन है।



मैं खुद को पॉजिटिव रखने पर विश्वास करती हूं

रसिका दुग्गल ने अपनी एक्टिंग और प्रतिभा से फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने फिल्मों और ओटीटी दोनों ही प्लेटफॉर्म पर कमाल का काम किया है। रसिका को मिर्जापुर के बीना त्रिपाठी के किरदार के लिए खूब प्रशंसा मिली। रसिका ने हामिद, ह्यूमरसली योर्स, मंटो, किस्सा-किस्सा, दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में भी बेहतरीन काम किया है। रोल चाहे कॉमिक हो या सीरियस, रसिका हमेशा खरी उतरी हैं।

रसिका ने कहा- हर वक्त आप कुछ बेहतर चाहते हैं। ये चाह भी बहुत जरूरी है। जिंदगी का वसूल है कि हम जिस समय जो चाहते हैं, वो नहीं मिलता है। एक गैप हमेशा रहता है। आप पर निर्भर करता है कि आप उस गैप को कैसे देखते हैं। हम सब काफी मीटिंग और ऑडिशन दिया करते थे। कई दफा लोग बहुत इज्जत देते थे और कई बार लोग दोबारा मिलते ही नहीं थे। ऐसा भी होता था कि 3 घंटे तक हम अंधेरी के श्रीजी रेस्टोरेंट के बाहर लाइन लगा कर खड़े रहते थे। हां, कई बार मायूसी भी होती थी। लेकिन उस समय खुद को यही याद दिलाती थी कि मैं अकेली नहीं हूं। मुझे याद है कि एक फिल्म के लिए मैंने काफी कोशिश की थी। लेकिन मुझे वो फिल्म नहीं मिली थी। उस दौरान मैं काफी मायूस हो गई थी। हालांकि मेरी दोस्त एडिटर थी, वो भी काफी परेशान थी। हम दोनों एक-दूसरे को चीयर अप किया करते थे।

रियल लाइफ में मैं बहुत इमोशनल हूं

रसिका ने अपना इमोशनल साइड बताते हुए कहा- मैं फिल्में देखकर रोने लगती हूं। मैं उस तरह की ऑडियंस हूं जो फिल्में देखकर बहुत हंसती है, या बहुत रोती है। सच कहूं तो स्ट्रगल के समय मैं बहुत रोई हूं। मुझे लगता है एक्सप्रेसिव होना बहुत जरूरी भी है। मैं मानती हूं- कोई भी फीलिंग हो, उसे पूरी तरह से महसूस करना और जाहिर करना अच्छा होता है।

मझे ऑडिशन देने में कोई प्रॉब्लेम नहीं है

रसिका ने थोड़ा टीवी भी किया है। उन्होंने यशराज का एक प्रोजेक्ट किया था, जिसमें उनके साथ पंकज त्रिपाठी थे। रसिका से ओटीटी के बारे में भी बात हुई। उन्होंने कहा- हालांकि जब ओटीटी आया और मिर्जापुर रिलीज हुई, तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि इस कदर मुझे इस रोल के लिए तारीफ मिलेगी। रसिका ने ऑडिशन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा- एक डायरेक्टर के लिए ये जानना बहुत जरूरी होता है कि एक्टर मेरे किरदार पर फिट हो पा रहा है या नहीं। एक्टर-डायरेक्टर के लिए ऑडिशन अच्छा रहता है।

मैं दिल्ली क्राइम के किरदार में खुद को देखती हूं

रसिका ने अपने किरदारों को निभाने के बारे में कहा- आप अपनी उतनी ही छाप छोड़ सकते हैं, जितना स्क्रिप्ट में आपका किरदार लिखा गया हो। फिर चाहे मैं मिर्जापुर की बात करूं या फिर दिल्ली क्राइम की। दिल्ली क्राइम की नीति सिंह मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं खुद को उस किरदार में देखती हूं। रसिका ने किसी कॉमेडी फिल्म में लीड रोल करने की ख्वाहिश भी जताई। रसिका को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे अच्छी चीज ये लगती है कि यहां सबके लिए काम है। उन्होंने कहा- हमारे देश में इतने बड़े लेवल पर फिल्में बनती हैं। कितने ऐसे भी देश हैं, जहां फिल्में बनती ही नहीं हैं। मुझे एक्सपेरिमेंट करना बहुत अच्छा लगता है। ओटीटी के आने से राइटिंग को वो अहमियत मिली, जो कहीं खो गई थी।

महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने साझा किया ओडेला 2 का फर्स्ट लुक

महाशिवरात्रि और महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म ओडेला 2 का फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा किया है। इसी महीने से अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू की है। 1 मार्च को तमन्ना भाटिया ने अपनी इस नई फिल्म की शूटिंग शुरू की। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा की गई। ओडेला 2, क्राइम-थ्रिलर ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ओडेला 2 कई भाषाओं में रिलीज होगी। तमन्ना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। इसमें वह हाथ में डमरू, मस्तक पर तिलक लगाए महादेव की भक्ति में लीन दिख रही हैं। इसके साथ तमन्ना ने कैप्शन लिखा है, मुझे महा शिवरात्रि के इस शुभ दिन पर अपनी फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर की झलक साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हर हर महादेव! शुभ महा शिवरात्रि। अभिनेत्री की आगामी फिल्म की पहली झलक देख यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, हर हर महादेव! आपको नई फिल्म के लिए ढेरों बधाई। एक अन्य यूजर ने लिखा, पहली झलक काफी दमदार है। फिल्म और भी दमदार होगी, इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, शानदर लुक! जबर्दस्त फिल्म।

नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं श्रिया सरन

बॉलीवुड में कई कलाकार पहले भी नेपोटिज्म पर अपनी बात रख चुके हैं। अब एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान भी जब इंडस्ट्री में आए थे तो एक आउटसाइडर थे। इनसाइडर-आउटसाइडर बहस के बारे में बात करते हुए श्रिया ने कहा, एक समय हर कोई आउटसाइडर था। शाहरुख खान भी एक आउटसाइडर थे जब उन्होंने इंडस्ट्री में प्रवेश किया था। चीजें अब काफी बदल रही हैं और यह तब तक बदलती रहेंगी जब तक इस पर बहस जारी रहेगी। एक्ट्रेस ने सुझाव देते हुए कहा कि वास्तव में स्क्रीन टेस्ट पर काम करने की जरूरत है। प्रत्येक प्रोडक्शन में स्क्रीन परीक्षण का एक आसान और सरल तरीका होना चाहिए, ताकि यह सभी लोगों के लिए कई दरवाजे खोले। श्रिया अगली बार शोटाइम में दिखाई देंगी, जिसमें इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं।

5 साल बाद टीवी पर कमबैक को लेकर उत्साहित हैं दीपिका सिंह

एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने हाल ही में सीरियल मंगल लक्ष्मी से टेलीविजन पर अपना कमबैक किया। शो में दीपिका एक मजबूत लेकिन रिजर्व्ड होममेकर के किरदार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री की मानें तो ये किरदार उनके द्वारा निभाए गए अब तक के किरदारों से काफी अलग है।

ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है

बातचीत के दौरान, दीपिका कहती हैं, मैं चैनल को धन्यवाद करना चाहूंगी कि उन्होंने मुझ पर इस शो के लिए विश्वास किया। मैंने अब तक जो भी काम किया, उससे ये बहुत ही अलग है। अब तक मैंने स्क्रीन पर एक स्ट्रॉन्ग वीमेन के रोल निभाए हैं। इस शो में भी मेरा किरदार अपने तरीके से स्ट्रॉन्ग है। वह अपनी फैमिली की बैकबोन है। लेकिन, वह कभी अपने किए काम के क्रेडिट की डिमांड नहीं करती। मेरा ये किरदार पूरी तरह से सेल्फलेस है। वैसे, इस किरदार के लिए मैंने अपने ऊपर भी काम किया है। रियल लाइफ में मैं सेल्फलेस बनने की राह पर हूं। मुझे लगता है कि ये किरदार मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद कर रहा है।

मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं

5 साल बाद टीवी पर वापसी के सवाल पर, अभिनेत्री ने कहा कि इस दौरान वे अपने डांस के पैशन को एक्स्प्लोर कर रही थीं। उन्होंने कहा, दरअसल, एक्टर के अलावा मैं एक क्लासिकल डांसर भी हूं। इस ब्रेक के दौरान, मैंने अपनी क्लासिकल डांस की पढ़ाई पूरी की। मैंने क्लासिकल डांस की विद्या ली। इसकी भी बोर्ड एग्जाम की तरह परीक्षा होती है।

मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया

बता दें, साल 2022 में दीपिका ने फिल्म टीटू अंबानी से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। दोनों प्लेटफार्म पर काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, अभिनेत्री ने आगे कहा, हर प्लेटफार्म का काम करने का तरीका अलग हो सकता है। मैंने टीवी के अलावा, फिल्म में भी काम किया है। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया उन्होंने आगे कहा, फिल्म में आपको कम दिन के लिए शूटिंग करनी होती है। लेकिन, उसकी तैयारी कई महीने पहले से शुरू हो जाती है। बैकएंड पर बहुत काम होता है। कई बार तो 6-7 महीने वर्कशॉप, रीडिंग में लग जाते हैं। फिल्म के बाद, मैंने वेब सीरीज का इंतजार भी किया। फाइनली मंगल लक्ष्मी जैसा शो आया। सोचा ये तो जरूर करना चाहिए क्योंकि ये बहुत सुंदर स्टोरी है। मेरी ऑडियंस मुझे इसमें बहुत पसंद करेगी।

गायक शान रेडियो नशा के लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ोर टीनशोर सीज़न 7 को होस्ट करेंगे

बॉलीवुड के प्रशंसित पार्श्व गायक शान फीवर नेटवर्क द्वारा संचालित एक लोकप्रिय शो क्रेज़ी फ़ॉर किशोर के बहुप्रतीक्षित सातवें सीज़न के मेजबान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं, जो श्रोताओं को स्वर्ण युग का जश्न मनाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली प्रोग्रामिंग की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता है। भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने करिश्माई व्यक्तित्व और संगीत उद्योग में व्यापक अनुभव के साथ, शान महान पार्श्व गायक किशोर कुमार को समर्पित प्रिय श्रद्धांजलि श्रृंखला में एक नया दृष्टिकोण लाने के लिए तैयार हैं।

किशोर कुमार, जिन्हें अक्सर भारत के महानतम मनोरंजनकर्ता के रूप में जाना जाता है, ने अपनी विशिष्ट आवाज़ और अद्वितीय प्रतिभा से संगीत उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी। अपने शानदार करियर के दौरान, किशोर कुमार ने रोमांटिक गीतों से लेकर जोशीले गानों तक, कई शैलियों में अपने भावनात्मक प्रदर्शन और अविस्मरणीय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। और यह तथ्य तो सभी जानते हैं कि शान ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के कारण दशकों तक अपनी मधुर आवाज और गतिशील मंच उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। व्यक्तिगत स्तर पर श्रोताओं से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें उस शो का नेतृत्व करने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है, जो किशोर कुमार के शाश्वत संगीत और पुरानी यादों का जश्न मनाता है। क्रेज़ी फ़ॉर किशोर किशोर कुमार के प्रतिष्ठित गीतों को प्रदर्शित करके और भारतीय संगीत पर उनके प्रभाव को उजागर करके उन्हें श्रद्धांजलि देता है। शो के प्रत्येक एपिसोड में किशोर कुमार के अनसुने उदाहरणों, गीतों, सामान्य ज्ञान और उनकी यादों की प्रस्तुति दी जाती है। शान के नेतृत्व में, क्रेज़ी फ़ॉर किशोर सीज़न 7 एक अविस्मरणीय संगीत अनुभव प्रदान करने का वादा करता है जो एक नए और रोमांचक तरीके से दर्शकों को आकर्षित करते हुए किशोर कुमार की विरासत का सम्मान करता है। शो की मेजबानी करने के अलावा, शान से किशोर कुमार के जीवन और करियर के बारे में अंतर्दृष्टि साझा करने की उम्मीद की जाती है। रेडियो पर क्रेजी फॉर किशोर एक ऐसा शो है जो हमेशा से मेरा पसंदीदा रहा है.. मैंने हमेशा गुप्त रूप से आशा और कामना की है कि मैं इस शो का हिस्सा बन सकूं.. इसलिए जब सीज़न की पेशकश मेरे पास आई.. तो मैंने इसे दोनों के साथ स्वीकार कर लिया। हाथ. रेडियो नशा में रोहिणी और उनकी टीम इस संपत्ति के प्रति बेहद अनुभवी और समर्पित है और बेहद उत्साहजनक भी है। इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला और वास्तव में मुझे जल्दी से आरजे टोपी पहनने में मदद मिली। और बिल्कुल, जब एकमात्र किशोर कुमार के बारे में बात करने की बात आती है.. मैं उनकी आवाज, उनके व्यक्तित्व, उनकी निजी कहानियों के बारे में बात करता रह सकता हूं, आज के संगीत और गायकों पर उनका प्रभाव है। कुल मिलाकर मैं क्रेज़ी फ़ॉर किशोर, का बिल्कुल नया होस्ट बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह शो फीवर पर भी प्रसारित किया जाएगा, जिसने हाल ही में खुद को नए लुक और पोजिशनिंग के साथ नया रूप दिया है। श्रोताओं को शो फीवर एफएम स्टेशन पर सोमवार से शुक्रवार शाम 4-5 बजे तक और रेडियो नशा पर सोमवार से शुक्रवार क्रमशः सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे और रात 10-11 बजे तक सुनने को मिलेगा।

ज्योति याराजी से लेकर किरण नवगिरे तक, भारत की छह फ्यूचर स्टार भारतीय महिला एथलीट

नई दिल्ली, एजेंसी। कोई भी देश आगे चलकर कितनी तरक्की करेगा ये उसकी फ्यूचर जनरेशन पर ही निर्भर करता है। युवाओं का देश हमेशा आगे बढ़ता है, बिना रुके, बिना थके। सिर्फ चलता रहता है। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर हम ऐसी ही कुछ टीनेजर्स और युवा लड़कियों के बारे में बात करेंगे, जो एथलेटिक्स के रण में लगातार विजयी पताका फहरा रहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हम उन खिलाड़ियों की कहानी सुना रहे हैं, जो छक्का भी लगाती हैं। ऊंची कूद भी जानती है, जिनका निशाना अर्जुन की तरह अभेद्य है। जो अपराजिता है।

किरण नवगिरे: 29 साल की किरण नवगिरे ने टी-20 मैच में 162 रन सनसनी मचा दी थी। वह टी-20 मैच में 150+ रन बनाने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बनी थी। नगालैंड के लिए खेलते हिए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 76 गेंद में ताबड़तोड़ 162 रन बनाने वाली किरण ने वीमेंस टी-20 चैलेंज

में वेलोसिटी की ओर से खेलते हुए ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ 34 गेंद में 69 रन की तूफानी पारी खेली थी। लगातार बेहतर होते जा रहे प्रदर्शन ने उन्हें महिला प्रीमियर लीग पहुंचाया, जहां यूपी वॉरियर्ज फ्रैंचाइजी ने उन्हें 30 लाख रुपये में खरीदा। क्रिकेट में करियर बनाने से पहले वह एथलेटिक्स और जेवलिन थ्रो में कई मेडल जीत चुकीं थीं।

ईशा सिंह: पिछले सालहांगझाऊ में हुए एशियाई खेलों में चार पदक जीतने वाली इस भारतीय महिला निशानेबाज ने तब धूम मचा दी थी। उनके शानदार प्रदर्शन ने भारत को अपने एशियाई खेलों के इतिहास में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद की। अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए ईशा सिंह ने एशियाई क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलिंपिक के लिए भारत का 15वां कोटा पक्का किया है।

ज्योति याराजी: 24 वर्षीय हर्डलर ज्योति याराजी ने 100 मीटर हर्डल्स में लगातार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है, जो मई 2022 में टूटने से पहले लगभग दो दशक तक कायम रहा। यह उनकी असाधारण प्रतिभा को दर्शाता है। बेहद साधारण बैकग्राउंड से आने वाली ज्योति याराजी ने नेशनल गेम्स में 100 मीटर हर्डल्स को पार करने के लिए 13 सेकंड से भी कम का वक्त लिया था। याराजी के दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत ने उन्हें कई पुरस्कार दिलाए हैं। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने तेहरान में आयोजित एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए 60 मीटर बाधा दौड़ में 8.12 सेकेंड दौड़कर अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया।

शैली सिंह: 20 वर्षीय लॉन्ग जम्पर शैली सिंह को अगली अंजू बॉबी जॉर्ज के नाम से जाना जाता है, जो एक महान एथलीट हैं। जकार्ता एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट शैली ने तब 6.55 मीटर की दूरी तय कर पोडियम फिनिश किया था। वह फिलहाल एशिया की नंबर वन रैंक लॉन्ग जम्पर है। बचपन में शैली सिंह को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उत्तर प्रदेश के झांसी की रहने वाली शैली को उनकी मां ने अकेला पाला। इसके बावजूद प्रतिभा और समर्पण के बूते उन्हें इंटरनेशनल सफलता मिली, जिसमें एशियाई मीट में रजत पदक भी शामिल है।

अनमोल खरब: बैडमिंटन की दुनिया में 17 वर्षीय अनमोल खरब उभरती स्टार हैं, बेहद कम समय में उन्होंने भारतीय महिला बैडमिंटन फैंस का ध्यान खींचा है। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत के ऐतिहासिक गोल्ड मेडल विन में उनके असाधारण प्रदर्शन की अहम भूमिका थी, जिससे उम्मीद जगी कि वह साइना नेहवाल और पीवी सिंधु जैसी वर्ल्ड क्लास शटलर्स के जूतों में फिट हो सकती है। अनलमो खरब के शक्तिशाली स्ट्रोक, तकनीकी कौशल और मेंटल स्ट्रेंथ उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर भारत की अगली उम्मीद बनाने के लिए काफी है।

अवनि प्रशांत: 17 वर्षीय गोल्फर अवनि प्रशांत ओलिंपिक में प्रतिस्पर्धा करने की इच्छुक हैं। गोल्फ को हाल ही में ओलिंपिक में फिर से शामिल किया गया है। बीते कुछ साल में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ, उन्होंने भारत में शौकिया सर्किट पर अपना दबदबा बनाया है और मनीला में क्वीन सिरीकित कप जीतने सहित उल्लेखनीय जीत हासिल की है। बेंगलुरु की रहने वाली अवनि प्रशांत की प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प उन्हें भविष्य की ओलिंपिक सफलता के लिए एक आशाजनक दावेदार के रूप में स्थापित करता है।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

रोहित -गिल का डबल धमाका

दोनों ने शतक जड़ बजाई इंग्लैंड की बैंड

धर्मशाला, एजेंसी। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने तूफानी बल्लेबाजी कर मेहमानों की बखिया उधेड़ दी है। रोहित ने कप्तानी पारी खेलते हुए इस दौरान टेस्ट करियर का 12वां तो शुभमन गिल ने चौथा शतक जड़ा। यह इन दोनों ही खिलाड़ियों का इस सीरीज का दूसरा शतक है। लंच ब्रेक तक भारत ने इंग्लैंड के 218 रनों के सामने पहली पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया के पास 46 रनों की बढ़त है। गिल 101 तो रोहित 102 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत 1 विकेट के नुकसान पर 135 रनों से की थी। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने दूसरे दिन के पहले सेशन में बिना विकेट खोए 129 रन जोड़े और मेहमानों को बैकफुट पर धकेला। दोनों ही खिलाड़ियों ने इस दौरान इंग्लैंड को आउट करने का एक भी मौका नहीं दिया। अगर इसी तरह अगले सेशन में भी दोनों बल्लेबाजी करते हैं तो भारत आज 400 से अधिक रन बोर्ड पर लगा देगा।

रोहित शर्मा ने की सचिन तेंदुलकर की बराबरी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का यह इंटरनेशनल क्रिकेट में 48वां शतक है, मगर इनमें से 35 शतक उन्होंने 30 की उम्र के बाद लगाए हैं। उन्होंने भारत के लिए 30 की उम्र के बाद सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। दोनों ही खिलाड़ियों के नाम इस दौरान 35-35 शतक दर्ज हैं।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय:-

9- रोहित शर्मा
4-विराट कोहली
4 - मयंक अग्रवाल
3- अजिंक्य रहाणे
3- केएल राहुल
3-ऋषभ पंत
3-शुभमन गिल
3- यशस्वी जयसवाल
3-रविंद्र जड़ेजा

रोहित शर्मा ने की राहुल द्रविड़ की बराबरी

रोहित शर्मा इस टेस्ट शतक के साथ भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ की बराबरी की है। दोनों के नाम भारत के लिए 48-48 शतक दर्ज है। इस सूची में विराट कोहली 80 शतकों के साथ दूसरे और सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ पहले पायदान पर हैं।

एशियाई खिलाड़ियों द्वारा सर्वाधिक शतक

50 - सचिन तेंदुलकर
41-विराट कोहली
27 - महेला जयवर्धने
25 - रोहित शर्मा
21- कुमार संगकारा
19 - राहुल द्रविड़
19 - वीरेंद्र सहवाग

रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट में जड़ा शतक तो कभी नहीं हारा भारत

रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का यह 12वां शतक है। रोहित शर्मा के शतक के साथ यह बात तो सुनिश्चित हो गई है कि भारत यह मैच नहीं हारेगा। दरअसल, रोहित शर्मा ने जब-जब टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ा है तब-तब भारत को हार का मुंह नहीं देखने को मिला है। धर्मशाला टेस्ट में भी यही उम्मीद रहेगी।

ऑस्ट्रेलिया वर्सेस न्यूजीलैंड

जोश हेजलवुड ने बरपाया कहर

न्यूजीलैंड की पारी 162 रन पर सिमटी

क्राइस्टचर्च, एजेंसी। क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट के पहले दिन 8 मार्च को ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में 162 रन पर आउट करके पकड़ बना ली। जोश हेजलवुड ने कहर बरपाया और कीवी टीम 46 ओवर के भीतर पवेलियन लौट गई। मेजबान टीम का कोई बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं जमा सका। 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे है।

अब दूसरे टेस्ट में भी उसने पकड़ बना ली है। न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन ओपनर टॉम लैथम ने 38 रन बनाए। इसके अलावा मैट हेनरी ने 29 और कप्तान टिम साउदी ने 26 रन बनाए। टॉम ब्लंडेल ने 22 रन बनाए। साउदी का यह 100वां टेस्ट मैच है। इसके अलावा केन विलियमसन का भी यह 100वां टेस्ट है। वह इस पारी में कुछ खास नहीं कर पाए और 17 रन बनाकर आउट हो गए।

जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए

चोटिल डेवोन कॉन्वे की जगह खेल रहे विल यंग ने 14 रन बनाए। इसके अलावा रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल 4-4 रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 2 और स्कॉट कुग्लिन ने खाता नहीं खोला। डेब्यूटेंट बेन सीयर्स बगैर खाता खोले नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड ने 5 विकेट लिए। मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट लिए।

जोश हेजलवुड ने इन बल्लेबाजों को किया आउट

जोश हेजलवुड ने टॉम लैथम, केन विलियमसन, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल और मैट हेनरी का विकेट लिया। विल यंग, ग्लेन फिलिप्स और कुग्लिन का विकेट लिया। कैमरन ग्रीन ने टॉम ब्लंडेल का विकेट लिया।

चैम्पियनशिप लीग

हालैंड के गोल से मैनचेस्टर सिटी लगातार सातवीं बार क्वार्टर फाइनल में, कोपेनहेगन को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। मैनचेस्टर सिटी ने कोपेनहेगन को दूसरे चरण में 3-1 से हराकर लगातार सातवीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। तीन हफ्ते पहले मैनचेस्टर सिटी ने पहले चरण में दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। मैनचेस्टर सिटी ने पहले हाफ में 3-1 की बढ़त बना ली थी। नौ मिनट के अंदर मैनुएल अकांजी (05वां मिनट), जूलियन अल्वारेज (09) ने दो गोल कर टीम का पलड़ा भारी कर दिया था। तीसरा गोल एर्लिंग हालैंड (45+3) ने गोल किया।

हैरी और म्बापे के साथ शीर्ष स्कोरर

टूर्नामेंट में सर्वाधिक स्कोर करने वालों में अब नॉर्वे के हालैंड छह गोल के साथ हैरी केन और काइलिन म्बापे के साथ संयुक्त रूप से बराबरी पर हैं। उनका यह सभी टूर्नामेंटों में मिलाकर 29वां गोल रहा। हालैंड ने अक्तूबर के बाद पहली बार लगातार तीसरे मैच में गोल किया है। कोपेनहेगन की ओर से एकमात्र गोल एलयोनोसी ने 29वें मिनट में किया था।

मैनचेस्टर सिटी इस बार चैंपियंस लीग के दावेदारों में शामिल है। उसके साथ इंटर, आर्सेनल और रियल मैड्रिड भी दावेदारी में हैं। गुआरडिओला की टीम का अब प्रीमियर लीग में रविवार को लिवरपूल से मुकाबला होना है।

मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर गुआरडिओला ने कहा- हम उन टीमों में हैं जो खुद पर भरोसा करती हैं। महत्वपूर्ण यह है कि हम लगातार सातवें साल क्वार्टर फाइनल में हैं।

दूसरे चरण में ड्रॉ खेलकर भी रियल अंतिम-आठ में

रियल मैड्रिड ने आरबी लेपजिग के साथ मुकाबला 1-1 से बराबरी पर खेला लेकिन दोनों चरणों में 2-1 की बढ़त के साथ चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विनिसियस जूनियर ने 65वें मिनट में रियल के लिए खाता खोला लेकिन लेपजिग के लिए तीन मिनट बाद विली ओबन ने स्कोर 1-1 कर दिया। लेपजिग ने बेहतर गोल दिखाया और रियल मैड्रिड के 11 शॉटों के मुकाबले गोल पर 20 निशाने साधे। रियल के साथ बायरन म्यूनिख और पेरिस सेंट जर्मन भी अंतिम आठ में पहुंच गई है।

न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट के बाद

अंपायर मरायस लेंगे संन्यास

क्राइस्टचर्च , एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी अंपायर मरायस इरास्मस ने आईसीसी एलीट पैनल के अंपायरों से अपने संन्यास की घोषणा की है। उनका दो दशकों से अधिक का शानदार करियर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के दौरान उनकी अंतिम अंपायरिंग ड्यूटी के साथ समाप्त होगा।

जिससे वह अधिकांश टेस्ट मैचों में अंपायरिंग करने वाले अंपायरों की सूची में 10वें स्थान पर आ जाएंगे। इरास्मस ने 124 पुरुष वनडे, 43 पुरुष टी20 मैच और 18 महिला टी20 मैच में भी अंपायरिंग की। उन्होंने 131 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में टीवी अंपायर के रूप में भी काम किया है।

चार पुरुष क्रिकेट विश्व कप (2011, 2015, 2019, 2023) और सात पुरुष टी20 विश्व कप (2009, 2010, 2012, 2014, 2016, 2021 और 2022) सहित कई प्रतिष्ठित क्रिकेट आयोजनों में अंपायरिंग के उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड के साथ और आईसीसी के अनुसार, 2013 और 2017 में दो पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के अलावा तीन महिला टी20 विश्व कप (2010, 2012, 2014) शामिल हैं। इरास्मस 25 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप मैचों, 33 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मैचों, 18 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप मैचों और छह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलों में ऑन-

फील्ड अंपायर थे।

वह आईसीसी टूर्नामेंट के सात फाइनल में रहे। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक 2019 विश्व कप फाइनल जैसे प्रतिष्ठित क्षणों में उनकी भूमिका, साथ ही हालिया निर्णय जिसके कारण एंजेलो मैथ्यूज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट होने वाले पहले बल्लेबाज बन गए आदि जैसे कई बड़े फैसलों में इरास्मस की भूमिका रही।

एशियन बैडमिंटन : भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को 35 लाख का पुरस्कार देगा बीएआई

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एशियाई टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली महिला टीम को 35 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। बीएआई ने देश के लिए बैडमिंटन में उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को कुल एक करोड़ 12 लाख का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

हांगझोऊ एशियाई खेलों का रजत जीतने वाली पुरुष टीम को 40 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। हांगझोऊ एशियाड का स्वर्ण जीतने वाली जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 12 लाख, कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय को पांच लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। एशियाड

और एशियाई टीम चैंपियनशिप के सपोर्ट स्टाफ को आठ लाख का पुरस्कार मिलेगा।

भारत की बेटियों ने इतिहास रचते हुए बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता था। युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। रोमांचक फाइनल में भारत ने थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

पीवी सिंधू के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम के युवा और तेजतर्रार समूह ने थाईलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और दो बार की कांस्य पदक विजेता थाईलैंड के खिलाफ जीत हासिल की। भारत ने इससे पहले बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में दो पदक जीते थे और दोनों ही पदक पुरुष टीम के नाम पर थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 संस्करणों में कांस्य पदक जीते थे। हालांकि, इस साल पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में ही हार का सामना करना पड़ा था।

अफगानिस्तान वर्सेस ऑयरलैंड

गुरबाज ने की बाबर की बराबरी, सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी खतरे में

काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने एक खास मामले में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की बराबरी कर ली है और साथ ही उनकी धांसू फॉर्म को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि सचिन तेंदुलकर का भी एक वर्ल्ड रिकॉर्ड खतरे में पड़ चुका है।

अफगानिस्तान वर्सेस आयरलैंड तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे इंटरनेशनल मैच शारजहा क्रिकेट स्टेडियम में 7 मार्च को खेला गया, जिसमें गुरबाज के बल्ले से 121 रनों की दमदार पारी निकली। गुरबाज ने 117 गेंदों पर आठ चौके और छह छक्कों की मदद से ये रन बनाए। वनडे इंटरनेशनल में यह गुरबाज का छठा शतक था।

23 साल के होने से पहले सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में गुरबाज चौथे नंबर पर आ गए हैं। गुरबाज ने श्रीलंका के उपुल थरंगा और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की बराबरी कर ली है। उनसे आगे लिस्ट में सचिन तेंदुलकर, साउथ अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक और भारत के विराट कोहली ही हैं। सचिन तेंदुलकर और क्विंटन डिकॉक ने 23 साल का होने से पहले आठ-आठ वनडे शतक लगाए हैं, जो कि वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। वहीं विराट कोहली ने 23 साल की उम्र से पहले सात वनडे शतक लगाए हैं।

इस सीरीज में अभी दो वनडे इंटरनेशनल मैच बचे हैं और अगर गुरबाज इन दोनों में भी शतक लगा लेते हैं, तो वह सचिन तेंदुलकर के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे और गुरबाज अभी 22 साल और 101 दिन के हैं, ऐसे में सचिन का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने के लिए अभी उन्हें और मौके भी मिल सकते हैं।

मैच की बात करें तो अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट पर 310 रन बनाए, जवाब में आयरलैंड की टीम 50 ओवर में आठ विकेट पर 275 रन ही बना पाई और इस तरह से अफगानिस्तान ने 35 रनों से मैच जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। गुरबाज के अलावा सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जदरान ने भी 60 रनों की पारी खेली। वहीं कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 33 गेंदों पर नॉटआउट 50 रन ठोके।

एक नजर

बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। नवीनगर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता गौतम कुमार ने टंडवा थाना में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा है कि बिजली चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा राजा कुमार, कनीय सारणी पुरुष विनोद कुमार यादव, मानव बल सोनू कुमार एवं मानव बल नकुल कुमार सिंह के साथ बारा बनाडीह गांव मे छापेमारी की तो अवध सिंह पर 15202 रुपए जुर्माना और प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बताया कि उस व्यक्ति के घर पर बिजली चोरी को लेकर छापेमारी किया गया तो जांच के क्रम में पाया गया कि विद्युत विभाग के बगैर कोई वैध विद्युत संबंध लिए विद्युत ऊर्जा का अवैध ढंग से उपयोग किया जा रहा है।

दो वारंटी गिरफ्तार

नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। नवीनगर थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव निवासी गंगा सिंह को गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पिएसआई राजीव कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया की उक्त व्यक्ती पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था जो काफी दिनो से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही नवीनगर एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के सुरार गांव निवासी भग्गु राम को गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष पप्पु कुमार राकेश एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है थानाध्यक्ष ने बताया की उक्त व्यक्ती पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था जो काफी दिनो से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पछुआ का प्रवाह आज से थमेगा, बढ़ेगी गर्मी

पटना (नि.सं.)। पटना सहित राज्यभर में रविवार से पछुआ का प्रवाह थम जाएगा। पछुआ के शांत होते ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। शुक्रवार को भी पछुआ का प्रवाह जारी रहा। हालांकि दो दिनों के मुकाबले इसकी रफ्तार कम थी। इसके चलते पटना सहित 30 शहरों के अधिकतम और 25 के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले दो-तीन दिनों तक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ चल रही थी। इस कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई थी।

उमंगेश्वरी धाम, सीताथापा व देव सूर्य मंदिर का पर्यटन के दृष्टिकोण से होगा विकास : पर्यटन मंत्री

निज संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। औरंगाबाद के मदनपुर के उमंगेश्वरी धाम, सीताथापा और देव के सूर्य मंदिर का पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास किया जाएगा। साथ ही उमगा में बायोलॉजिकल पार्क का निर्माण कराया जाएगा। यह घोषणा बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को मदनपुर में आयोजित दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मदनपुर के उमंगेश्वरी पर्वत श्रृंखला पर 52 मंदिरों का संगम, त्रेता युग से है। राजा जरासंध ने उमगा में दुर्ग बनवाया था। राजा भैरवेन्द्र द्वारा 1896 में उमगा के सूर्य मंदिर की मरम्मत कराया गया था। लाखों वर्षों से यह ऐतिहासिक, धार्मिक और आध्यात्मिक धरोहर है, जहां माघ बसंत पंचमी मेला का आयोजन होता है।यहां राज्य और देश के अनेक भागों से लोग यहां आते हैं। उमगा,

उमंगेश्वरी मंदिर, देव सूर्य मंदिर और सीताथापा मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए पर्यटन विभाग की ओर से वें एक एक अनुसंधान टीम भेजेंगे। टीम जिले के डीएम और जनप्रतिनिधियों से परामर्श कर विकास की रुपरेखा तय कर रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के बाद डीपीआर तैयार कर विकास किया जाएगा। कार्यक्रम में मंच का संचालन आकाशवाणी पटना की संवाददाता रुपम त्रिविक्रम ने किया। इस मौके पर डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि मां उमंगेश्वरी मंदिर, सूर्य मंदिर सहित अन्य मंदिरों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। मंदिरों में लक्खा मार्वल लगाया जा रहा है ताकि मंदिर की भव्यता और दिव्यता बनी रहे। पर्यटन स्थल के रूप में विकास के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। सीताथापा मंदिर के विकास के लिए भी योजना बन रही है। जिला पार्षद शंकर यादवेन्दु ने कहा कि मगध की धरती सूर्य की धरती है। भगवान सूर्य की उर्जा यहां है। छठ पूजा में लाखों लोग छठव्रत करने आते हैं। यहां प्रकृति की गोद में मनोरम परिदृश्य है। प्रकृति की अनुपम छटा है। उमंगेश्वरी से रोपवे का निर्माण कराया जाए ताकि यहां आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र बने।उमंगेश्वरी पहाड़ से होकर स्टेट हाइवे एनएच-19 गुजरता है। ऐसा पर्यटन स्थल शायद बिहार में नहीं है। एनएच-19 पर एक डिजिटल बोर्ड लगना चाहिए ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को जानकारी मिल सके। यहां एक टूरिज्म सूचना केंद्र स्थापित हो ताकि यहां की ऐतिहासिक, धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व की जानकारी मिल सके। जिस तरह डोभी में बायोलॉजिकल पार्क का निर्माण हुआ है, उसी तरह यहां भी पार्क का निर्माण कराया जाए। वही उमंगेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी बालमुकुंद पाठक ने कहा कि उमंगेश्वरी पर्वत अति प्राचीन है। लाखों वर्षों से कुमुद पर्वत गिरि है, जिसका उल्लेख श्रीमद्भागवत में है। 2012 में उमंगेश्वरी महोत्सव की शुरुआत हुई थी। इस अवसर पर डीडीसी अभ्येन्द्र मोहन सिंह, एसडीओ संतन कुमार सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, डीपीओ, सिविल सर्जन, डीएसपी, सीओ मो. अकबर, बीडीओ कुमुद रंजन, थानाध्यक्ष राजेश कुमार, एसआई कन्हैया सिंह, प्रखंड प्रमुख सोनी देवी, उप प्रमुख अस्मिता कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पीएम पोषण योजना सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मदनपुर रवि कुमार रौशन, जिला पार्षद कंचन देवी, मुखिया विवेक कुमार गुप्ता, समाजसेवी सत्येन्द्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, भाजपा नेता सुधीर कुमार सिंह, रवीन्द्र कुमार सिन्हा, रवीन्द्र कुमार यादव, मुखिया शिवपूजन राम, सरपंच परमानन्द सिंह, राकेश सिंह, डॉ. संजय कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा वार मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, शिक्षक राजकुमार प्रसाद सहित अन्य लोग एवं सैकड़ों की संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे। इस दौरान मुम्बई से आए मोहन राठौर ने भोले बाबा के लहर लहराए, झंड़ा बम बम, डमरु बजावत बम बम भोले, मिश्री भांग धतुरा बम बम भोले आदि गीत गाए। अन्य कलाकारों ने भी गीत-संगीत की प्रस्तुति दी।

धूमधाम से मना महाशिवरात्रि का पर्व

निज संवाददाता

नवीनगर (औरंगाबाद)। नवीनगर के शिवा बिगहा शिव मंदिर, छठ घाट शिव मंदिर, न्यू एरिया शिव मंदिर, पुरानी धर्मशाला मनोकामना शिव मंदिर, दास मोहल्ला शिव मंदिर, परसिया दुखहरनी मंदिर, मंगल बाजार शिव मंदिर समेत कई अन्य जगहों पर धूमधाम से श्रद्धालु भक्तों ने महाशिवरात्रि का पर्व मनाया। इस दौरान छठ घाट शिव मंदिर के पुजारी सोनू पंडित, न्यू एरिया कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, पंकज रावत, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, सदस्य संतोष सिंह, राहुल कुमार, मनोज कुमार, दीपक कुमार, महेंद्र कुमार, रमेश, पुरानी धर्मशाला मनोकामना शिव मंदिर के आचार्य रविंद्र पांडेय, दास मोहल्ला शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पिंटू कुमार सोनी, सचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, सदस्य नकुल कुमार, अशोक कुमार, मनोज कुमार, अखिलेश कुमार, रंजीत कुमार दुखहरनी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनय सोनी, सचिव अजय कुमार जायसवाल, सदस्य विवेक सोनी, दिलीप सोनी, ललन सोनी, रामजी सोनी, जोगिंदर सोनी, विनोद कुमार, मंगल बाजार शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव अमित कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, सदस्य राजू कुमार, पप्पू कुमार, सुनील कुमार, अजीत कुमार, पंकज कुमार, रोहित कुमार, नवीन कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना अखंड- कीर्तन व भंडारा से भक्तिमय हुआ माहौल

निज संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न जगहों के शिव मंदिर, शिवालयों को महा शिवरात्रि पर्व को लेकर सजाया गया।काफी संख्या में श्रद्धालू पूजाअर्चना, अखंड-कीर्तन, भंडारा में शामिल हुए। शहर के बड़ी दुर्गा देवी मंदिर के पास शिव मंदिर, बिजली सब स्टेशन परिसर स्थित दुधेश्वरनाथ मंदिर, अस्पताल रोड, प्रखंड परिसर, हाजीपुर गोला, महाराजगंज, डाक बंगला मध्य विद्यालय परिसर, चरकावां रोड एवं ग्रामीण क्षेत्र के पौथू, बराही, भदवा, लट्टा, यदु बिगहा, कासमा, खड़वां, चित्रसारी,

कियाखाप, भदवा, कजपा, बहादुरपुर पहाड़, नीमा चतुर्भुज, अश्थुआ सहित विभिन्न जगहों के शिव मंदिरों को सजाया गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार एवं भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु दीपक भारती, सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव मंदिर में 24 घंटा का अखंड कीर्तन, भंडारा, रात्रि में शिव विवाह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कौशल मिश्र, श्रोता रंजीत शर्मा, कुंदन कुमार, सुशील कुमार, चुन्नू सिंह, श्रवण कुमार, संदीप सिंह समदर्शी, प्रियोद सिह, शिवकुमार सिह, विनय कुमार, अनिल सिंह, प्रियंका सिंह, जूली, कविता, श्वेता कुमारी, मंजू माला, अनुप मिश्र, आलोक कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

20 मार्च को होगा प्रखंड प्रमुख का चुनाव

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज में आगामी 20 मार्च को प्रखंड प्रमुख का चुनाव होगा। गौरतलब है कि पिछले माह 20 फरवरी को 33 सदस्यीय पंचायत समिति में प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा तथा मत विभाजन हुआ था, जिसमें प्रमुख एवं उप प्रमुख ने अपनी कुर्सी गवां दी थी। इसके बाद से प्रखंड में प्रमुख एवं उप प्रमुख का पद रिक्त हो चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्य पदाधिकारी ने अपने पत्रांक 1043 दिनांक 05 मार्च 2024 के माध्यम से औरंगाबाद के जिलाधिकारी को प्रखंड प्रमुख के रिक्त पद पर निर्वाचन कराने का निर्देश दिया है। साथ ही निर्वाचन के बाद सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्वाचित प्रमुख को शपथ ग्रहण कराने का भी निर्देश दिया है। निर्वाचन की तिथि निर्धारित होते ही प्रखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है।बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार दास ने बताया कि अभी तक हमे उच्चाधिकारियों का कोई निर्देश प्राप्त नही हुआ है। निर्देश के बाद ही निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

धूमधाम से मना एक दिवसीय देवकुंड महोत्सव

निज संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। गोह के देवकुंड में शुक्रवार को एक दिवसीय देवकुंड महोत्सव का अयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि काराकाट के सांसद महाबली सिंह, गोह के विधायक भीम कुमार सिंह, पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार, भाजपा नेता सुनील शर्मा, जिला पार्षद बिंदा देवी, रेखा सिंहा, गोह की प्रखंड प्रमुख खुशबू कुमारी, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि डॉ. आरयू कुमार, विधायक प्रतिनिधि रंजीत कुमार, भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार चौबे, शिक्षक अजय आर्य एवं डॉ. पन्नालाल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस मौके पर सांसद महाबली सिंह ने कहा कि जो राष्ट्र विकसित है, वहां पर्यटन का बोल बाला होता है। जैसे कैमूर के मुंडेश्वरी धाम, देव का सूर्य मंदिर, नवादा और गया जैसे तीर्थस्थल है। वैसा ही देवकुंड भी एक पवित्र स्थल है। यदि आगे मुझे मौका मिला तो च्यवन ऋषि के धाम देवकुंड को पर्यटन स्थल घोषित कराने का भरपूर प्रयास करूंगा। कहा कि देवकुंड के विकास के लिए पूर्व में भी मैंने 18 लाख की राशि से दो हाई मास्क लाइट लगवाया है। सांसद ने बाजार में बाईपास निर्माण एवं देवकुंड बाजार में प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम जैसी क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। समस्या को दूर करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। वही स्थानीय विधायक भीम सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लोगो की काफी दिनों से महोत्सव के आयोजन की मांग थी। मैने अपने भरपूर प्रयास से देवकुंड में सरकारी महोत्सव के आयोजन को स्वीकृति दिलाने का काम किया। कहा कि इस पवित्र धाम की महत्ता को देखते हुए दुलार बिगहा गांव से मेला तक बाईपास सड़क के निर्माण में सांसद से भी सहयोग की अपेक्षा है ताकि यहां भी देव, गजना, जैसे महोत्सव आयोजित हो सके। पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार ने कहा कि जब मैं विधायक था, तब मैंने 2014 में देवकुंड को पर्यटक स्थल घोषित करने की मांग विधानसभा के पटल पर की थी लेकिन यह फाइल में सिमट कर रह गई। जिस किसी भी जनप्रतिनिधि को मौका मिले तो इस कार्य को करने का प्रयास करे। यह नगरी ऐसा पवित्र स्थल है कि जहां के मठ में ऐसा अग्निकुंड है, जिसमें आग कभी नही बुझती। क्षेत्र के विकास के लिए देवकुंड और अमझर शरीफ दोनो जगहों को पर्यटक स्थल का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। वही भाजपा प्रवक्ता अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने देवकुंड महोत्सव की फाइल बढ़ाई थी, जो आज सरकारी महोत्सव का रूप में परिवर्तित हुआ है। राजकीय रूप में इस वर्ष से देवकुंड महोत्सव के आयोजन की शुरुआत हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोह के बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने की जब कि संचालन शैल कुमारी मिश्रा ने किया। गौरतलब है कि सनातन श्रद्धालुओं की यहा बड़ी आस्था है। यहां परंपरागत रीति रिवाज चले आ रहा है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां भगवान शिव की बारात को देखने के लिए दूरदराज से श्रद्धालु भक्त देवकुंड आते है। इस मौके पर एसडीओ मनोज कुमार, सीओ सोनम राज, बीडीओ राजेश कुमार दिनकर, एसडीपीओ कुमार ऋषिराज तथा संबंधित पुलिस कर्मी सहित अन्य मौजूद रहे। हालाकि महोत्सव में कोई खास भीड़ नही दिखी लेकिन इस आयोजन ने एक अनोखा और जीवंत अनुभव प्रदान किया। देवकुंड महोत्सव के आयोजन से क्षेत्रीय लोगो और जनप्रतिनिधियों में काफी हर्ष और उत्साह तो था लेकिन कार्यक्रम से संतुष्ट नहीं दिखे। यहां तक कि मंच पर उपस्थित मठाधीश कन्हैयानंद पूरी भी संतुष्ट नही दिखे। समाजसेवियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि औरंगाबाद जिले में देवकुंड महोत्सव के लिए पहले से तैयारी चल रही थी लेकिन कुछ व्यवधान के चलते संयोग वश ऐसा नही हो पाया।स्थानीय विधायक भीम कुमार सिंह के प्रयास एवं जिला प्रशासन के द्वारा देवकुंड को जिले में महोत्सव का दर्जा प्राप्त हुआ जिसके लिए किसी अन्य महोत्सव की अपेक्षा कम राशि स्वीकृत की गई।

पटना जंक्शन और दानापुर में महिलाओं के जिम्मे रही ट्रेनों की कमान

निज संवाददाता

पटना। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पटना जंक्शन और दानापुर से महिला क्रू-मेंबरों (लोको पायलेट) ने ट्रेनों की कमान संभाली। इस दौरान महिला रेलकर्मियों ने ट्रेनों का परिचालन और रेल प्रणाली के विभिन्न कार्यों का निष्पादन किया। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दानापुर मंडल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रेलवे स्कूल में क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। दानापुर मंडल कार्यालय के सभागार में महिलाओं के सशक्तीकरण एवं वेल्थ अवेयरनेस के मुद्दों पर जागरूकता के लिए सेमिनार हुआ। इस दौरान डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने कहा कि महिलाएं रेलवे के सभी विभागों में भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। उनके कामकाज के अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-6 से दिन के 2:15 बजे गाड़ी संख्या 03375 पटना-बक्सर पैसेंजर को महिला लोको पायलट लेकर रवाना हुई। महिला लोको पायलट के तौर पर रिचा कुमारी और सहायक लोको पायलट के तौर पर कुमारी दिव्या थीं। स्टेशन से जब ट्रेन बक्सर के लिए रवाना हो रही थी, तो मौके पर लोको पायलट राकेश कुमार, लॉबी इंचार्ज दिलीप कुमार सहित रेलवे के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। वहीं दानापुर स्टेशन से गाड़ी संख्या 03294 को लेकर महिला लोको पायलट सोनी कुमारी और सहायक लोको पायलट बबीता किरण पटना जंक्शन पहुंची। ट्रेन को दानापुर के प्लेटफॉर्म नंबर 2 से दिन के 12:45 बजे लेकर महिला लोको पायलट रवाना हुई थी। मौके पर जनसंपर्क अधिकारी पृथ्वीराज सहित कई लोग मौजूद रहे।

मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन मामले में फरार आरोपित धराया

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। मिनी गन फैक्ट्री उद्भेदन मामले में फरार एक आरोपित को कासमा थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। यह बीते कई महीनों से मामले में फरार चल रहा हैं। पकड़ा गया आरोपित थाना क्षेत्र के कुंवर बिगहा गांव निवासी कर्मचारी यादव उर्फ बिंदेश्वर यादव है। आपको बता दें कि सूचना के आधार पर 17.08.23 को मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया था जिसमें निर्मित व अर्धनिर्मित हथियार बरामद किया गया था जबकि आरोपित पुलिस की भनक पाकर मौके से फरार हो गया था जिसमें इसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी और उसकी तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आज पकड़ा गया। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि गत वर्ष थाना क्षेत्र के चेव गांव में छापेमारी के दौरान मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया था जबकि यह आरोपित पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था। तलाशी के दौरान आज आरोपित रफीगंज से गिरफ्तार किया गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने एक घर से बरामद किया दो अवैध हथियार

दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। जिले की दाउदनगर थाना की पुलिस ने धनावां गांव के एक घर से दो अवैध हथियार जब्त करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को आसूचना प्राप्त हुई कि धनावां गांव निवासी युवक विक्की कुमार अपने घर में अवैध रिवाल्वर,थर्नट जैसे हथियार रखे हुए है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस निरीक्षक सह दाउदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां के नेतृत्व में पीएसआई शबनम खातून एवं अन्य पुलिस कर्मी द्वारा विक्की कुमार के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में उसके घर से एक लोहे का बना थर्नट और एक रिवाल्वर जब्त किया गया है।

डीएलएसए ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

- **महिलाए किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। चाहे विज्ञान, खेल, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कानून, राजनीति का क्षेत्र हो अथवा कोई अन्य क्षेत्र, आज की महिलाओं के नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरा विश्व मानता है।**

निज संवाददाता

औरंगाबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के एक निजी ईंजीनियरिंग कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकार के सचिव सुकुल राम, वरीय अधिवक्ता योगेन्द्र नारायण सिंह, वरीय अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, कानूनी बचाव प्रणाली के प्रमुख योगेश किशोर पांडेय एवं पैनल अधिवक्ता स्नेहलता ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत संस्थान के सचिव राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन अभिनन्दन कुमार एवं उप प्रमुख कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महिलाए किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। चाहे विज्ञान, खेल, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कानून, राजनीति का क्षेत्र हो अथवा कोई अन्य क्षेत्र, आज की महिलाओं के नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरा विश्व मानता है। बस जरूरत है उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने की और खुद के आत्म विश्वास को बढ़ाने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार महिलाओं के अधिकार और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम चलाते रहा है। यह कार्यक्रम ख़ासकर उनको उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए और हर क्षेत्र में उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु ही किया गया है। प्राधिकार आपके माध्यम से समाज के तमाम महिलाओं तक यह सन्देश पहुंचाना चाहता है कि महिलाएं समाज निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्हें समस्त अधिकार संविधान के द्वारा वैसे ही प्राप्त है जैसे पुरुषों को।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन, महिला रेलकर्मियों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता

हाजीपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा महिला सशिक्तकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा ने समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा द्वारा वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादान के लिए 66 महिला रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सभी महिला रेल कर्मियों को शुभकामना देते हुये रेल सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की। महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व मध्य रेल को अपने महिला रेलकर्मियों पर काफी गर्व है। वे अब हरेक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही हैं। महाप्रबंधक ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कर्तव्यनिष्ठ महिला रेलकर्मियों के सहयोग से पूर्व मध्य रेल सफलता की नई उँचाई को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला रेलकर्मी अपने-अपने दायित्वों का बखुबी निर्वहन कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज पूर्व मध्य रेल के सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में भी महिला रेल कर्मियों के लिये स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्या भ्रूण हत्या पर आधारित एक प्रजेंटेशन की भी प्रस्तुति की गयी।

रेल कौशल विकास योजना के 1999 युवाओं को किया गया प्रशिक्षित

निजसंवाददाता

हाजीपुर। रेल कौशल विकास योजना के अन्तर्गत युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार और स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के कौशल को उन्नत करने के लिए 05.02.2024 से 26.02.2024 तक पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना/ समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केंद्र/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र/दानापुर में प्रशिक्षण प्राप्त कुल 79 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी । इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के इन प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा अब तक कुल 1999 युवाओं को प्रषिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तथा यांत्रिक कारखाना समस्तीपुर में फिटर ट्रेड में प्रशिक्षण के उपरांत 24 युवकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के माप, कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, चुड़ी कटिंग इत्यादि कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 28 युवकों को मशीनिष्ट ट्रेड में प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विद्युत कर्षण प्रशिक्षण केंद्र में 22 युवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । प्रशिक्षण के दौरान इन्हें विद्युत आयरन, विद्युत हीटर,स्टेयर केस वायरिंग, सीलिंग फैन, विद्युत बोर्ड बनाना एवं कनेक्षन करना, विभिन्न उपकरणों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सिगनल एवं दूरसंचार पप्रशिक्षण केंद्र, दानापुर में 05 युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान उन्हें डायोड, ट्रांजिस्टर, आईसी, पावर सप्लाई, सोल्डिंग, मल्टीमीटर ट्रांसफार्मर के उपयोग एवं मरम्मत इत्यादि कार्य का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूरा होने पर काफी संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ज्ञानवर्द्धन और आत्मविश्वास को बढ़ाने में इस प्रशिक्षण को काफी उपयोगी पाया। रेल कौशल विकास योजना कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षुओं का चयन खुले विज्ञापन और पारदर्शी शॉर्ट-लिस्टिंग तंत्र के माध्यम से किया जाता है।

ESTD-2014
UDISE CODE-10340301904
Reg. No. BEP/SSA/AU-259
बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
STAR BRAINS ACADEMY
A Fully English Medium School
Based on C.B.S.E. Board, New Delhi
Class From Play to X^th
Facilities
» Smart Class
» Computer Class
» Vehicle on All Route
» Sports, Music & Dance
» Play Ground
» Everyday Doubt Clearing Class
» Corridors Under CCTV Surveillance
» Hostel Facilities
» Teacher's from kerela
ADMISSION IS GOING ON
Director
Dhananjya Kumar
(MBA)
Laldev Complex, S.K. Nagar, Aurangabad (Bihar)
Mob.:- 8539970212. 888251 15546
Email: info@starbrainsacademy | www. starbainsacademy.in